

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 122 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 15 फरवरी 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया


## भाजपा सागरपाली मंडल के कार्यकताओं की कार्यशाला आज

समाज जागरण

बलिया : भारतीय जनता पार्टी फेफना विधान सभा के सागरपाली मंडल के सभी कार्यकताओं की बैठक व कार्यशाला बुधवार को आयोजित की गई है।

मंडल महामंत्री विक्की सिंह ने बताया




कि सभी बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, बूथ व सेक्टर प्रभारी तथा मंडल कार्यसमिति के सभी पदाधिकारीगण 15 फरवरी को दिन में डेढ़ बजे वरिष्ठ भाजपा नेता अंजनी ओझा के फेफना अवास पर एक दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित होंगे। कार्यशाला में ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास करने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का बलिया आगमन कार्यक्रम के सम्बन्ध मे भी एक बैठक रखी गई है। बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी भी सहभाग करेंगे।

# महंगाई के मोर्चे पर राहत! थोक मुद्रास्फीति लगातार 8वें महीने घटी, आई 4.73 प्रतिशत पर

नई दिल्ली. विनिर्मित वस्तुओं, ईंधन और बिजली की कीमतों में कमी आने से थोक मुद्रास्फीति (Inflation Data January 2023) जनवरी में लगातार आठवें महीने घटकर 4.73 प्रतिशत पर आ गई. थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर दिसंबर, 2022 में 4.95 प्रतिशत और जनवरी, 2022 में 13.68 प्रतिशत थी. खाद्य वस्तुओं की महंगाई हालांकि जनवरी में बढ़कर 2.38 प्रतिशत हो गई. दिसंबर, 2022 में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 1.25 प्रतिशत घटी थी.

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि जनवरी, 2023 में मुद्रास्फीति में गिरावट खनिज तेल, रसायन और उसके उत्पाद, कपड़ा, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और खाद्य उत्पादों के दाम घटने के कारण आई.



भारत में मुद्रास्फीति को मापने वाले दो सूचकांक हैं. होल सेल प्राइस इंडेक्स और कंज्यूमर प्राइस इन्फ्लेशन. जबकि WPI उत्पादन या विनिर्माण के स्तर पर कीमतों को पकड़ता है, कंपनियों के बीच व्यापार किए गए सामानों को ध्यान में रखते हुए CPI खुदरा उपभोक्ता स्तर पर कीमतों को मापता है.

### कहां कितना रहा महंगाई का आंकड़ा

समीक्षाधीन महीने में दालों की महंगाई 2.41 प्रतिशत थी, जबकि सब्जियां 26.48 प्रतिशत सस्ती हुईं. तिलहन की मुद्रास्फीति जनवरी, 2023 में 4.22 प्रतिशत घटी. ईंधन और बिजली क्षेत्र में महंगाई दिसंबर, 2022 में 18.09 प्रतिशत से कम होकर जनवरी, 2023 में 15.15 प्रतिशत रह गई. विनिर्मित उत्पादों में यह 2.99 प्रतिशत रही जबकि दिसंबर, 2022 में यह 3.37 प्रतिशत रही थी.

### जनवरी में खुदरा महंगाई दर

जनवरी में खुदरा महंगाई दर में वृद्धि हुई है. जनवरी में खुदरा महंगाई दर 6.52 फीसदी पर पहुंच गई है. यह 3 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है. इससे पहले दिसंबर 2022 में खुदरा महंगाई दर एक साल के सबसे निचले स्तर 5.72 फीसदी पर आ गई थी. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 13 फरवरी को जारी किए गए आंकड़ों में यह बात सामने आई है.

इसके साथ ही महंगाई एक बार फिर रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर चली गई है. यह भारतीय रिजर्व बैंक की 6 फीसदी की अपर लिमिट के पार है. बता दें कि आरबीआई मौद्रिक नीति पर विचार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है. केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति 2 फीसदी घट-बढ़ के साथ 4 फीसदी पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है.

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्त अब डाकघर के खाते में भी

## कहा पीएम किसान निधि की किस्त पाने के लिए डाकघर में खोला जा रहा किसानों का आधार लिंक्ड खाता

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ/संतोष सिंह, समाज जागरण

बलिया : 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' की 13वीं किश्त का किसानों को बेसब्री से इंतजार है। इनमें तमाम किसान ऐसे हैं, जिनका बैंक खाता आधार और मोबाईल नंबर से लिंक नहीं है। ऐसे किसानों की सरकार ने राशि रोक रखी है।



वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि अब इन किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने डाकघर के माध्यम से इनके आधार और मोबाईल लिंक्ड नए खाते खोलने की पहल की है। वाराणसी परिक्षेत्र में इसके तहत हाल ही में 6 हजार से ज्यादा किसानों का खाता खोला जा चुका है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर

**-कहा जिन किसानों की अटकी पड़ी है पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त, तत्काल डाकघर में खुलवाएं खाता**

**-वाराणसी परिक्षेत्र में 6 हजार से ज्यादा किसानों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए डाकघरों में खुलवाया खाता**

जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाकघरों में खुलने वाले बचत खातों और इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से खुलने वाले खातों के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लिया जा सकता है। आईपीपीबी खाते अपने इलाके के डाकिया के माध्यम से भी खोले जा सकते हैं। मात्र आधार कार्ड नंबर और मोबाइल नंबर के माध्यम से आवेदक का आईपीपीबी खाता चंद मिनटों में ही खोला जाता है। इसके लिए डाक विभाग के कर्मचारी भी किसानों को जागरूक करते हुए गांव-गांव शिविर लगाकर नए खाते खोल रहे हैं। जिससे किसानों को आगामी किस्त से वंचित नहीं रहना पड़ेगा। यही नहीं, खातों में किश्त प्राप्त होने के बाद किसान घर बैठे ही डाकिया के माध्यम से अपने खाते से राशि निकाल सकते हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद की जाती है। किसानों को ये राशि हर 4 महीने के अंतराल पर तीन किस्तों में दो-दो हजार रुपये करके उनके खातों में डीबीटी माध्यम से ट्रांसफर की जाती है।

# सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय में हुआ दादा—दादी सम्मान समारोह

दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण

जौनपुर,गौराबादशाहपुर। स्थानीय क्षेत्र में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को दादा दादी सम्मान समारोह हुआ। इस मौके पर कैलाशनाथ सिंह पूर्व प्रवक्ता ने कहा कि सामाजिक परिवेश में जिस प्रकार नैतिक मूल्यों एवं अनुशासन में गिरावट आ रही है, संस्कार लुप्त हो रहे हैं, ऐसे में सरस्वती शिशु मंदिर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के अंदर शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का समावेश कर रहा है। आज का कार्यक्रम प्रेरणादायी है। इस प्रकार के कार्यक्रमों का सृजन कर अपने श्रेष्ठ जनों के प्रति आदर और सम्मान का भाव विकसित किया जा रहा है। प्रधानाचार्य कमलेश जी ने अतिथियों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि सरस्वती शिशु



मंदिर शिक्षा के साथ अनुशासन एवं चरित्र निर्माण पर विशेष बल देता है। अपने अनुभव कथन में सम्मानित हुये डा. लल्लन सिंह ने कहा कि आज इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर में बहुत ही सुखद एवं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।समारोह में लगभग 150 दादा-दादी का सम्मान हुआ। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पुलवामा घटना में शहीद हुये जवानों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम में आये आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 'एक शाम शहीदों के नाम' देव में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद (बिहार) 14 फरवरी 2023 :- औरंगाबाद जिले के सूर्य नगरी देव के भाष्कर रिसॉर्ट में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देव इकाई के द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, सीआरपीएफ 47 बटालियन देव कैंप के इंस्पेक्टर जुंगी लाल राय, देव थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा,देव नगर पंचायत के अध्यक्ष पिंटू कुमार साहिल,उपाध्यक्ष गोलू कुमार ,भगवान श्री सूर्य नारायण महाविद्यालय के प्राचार्य अरविंद सिंह ने किया ।सबसे पहले पुलवामा आतंकी हमला में शहीद हुए देश के जवानों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और नम आंखों से उनके बलिदान को याद किया गया । कार्यक्रम के उद्घाटन




सत्र में सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने गीत की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया ।इसके बाद नेहा सिंह के द्वारा ये मेरे वतन के लोगो जरा आंखो में भर लो पानी की गीतों पर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद गायक सरोज सागर एवं दिलीप राज ने एक से एक लोग भक्ति गानो एवं कविता गाकर सभी दर्शकों को मन मुक्त कर दिया कार्यक्रम शाम 6:00 बजे तक प्रारंभ रहा

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देव इकाई के कार्यकताओं ने आगत मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधान परिषद दिलीप सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के स्टाइल मे जवानों के शहीदों पर प्रकाश डाला इस मौके पर उपस्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अभय कुशवाहा, कुणाल सिंह, आलोक कुशवाहा, सचिन सिंह, दिलीप सिंह, आशिका सिंह, विवेक कुमार, गुलशन सिंह, पवन कुमार, प्रिंस कुमार, धीरज कुमार, नवनीत कुमार, पिंटू कुमार, विशाल कुमार, आशुतोष कुमार,

## पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा का मैरेज डे आज

### *ई होम्स पूर्णियां में बियाह डे पर किया जाएगा 16 पौधारोपण*

पूर्णियां । रियल एस्टेट के बिहार टॉपर सह पनोरमा ग्रुप के एमडी वरीय समाजसेवी संजीव मिश्रा व उनकी अर्धांगनी समाजसेविका कविता मिश्रा 15 फरवरी के हीं दिन सात फेरे लिये थे ।मैरेज डे के मौके पर ई होम्स परिसर में पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु 16 पौधारोपण किया जाएगा ।इस मौके पर श्री मिश्रा नें अपने फेसबुक वाल पर लिखा कि "गौरी !आज देखते-देखते हमारे शादी को 16 साल पुरे हुए। हमेशा सुना था की समय के साथ चीजें धूमिल होती है परन्तु मैं अपने रिश्ते में इसके विपरीत अनुभव कर रहा हूँ,.. हर बीतते हुए समय के साथ मैंने अपने रिश्ते को और भी मजबूत होता पाया है। हर आने वाले दिन में तुम्हारे प्रति मेरा स्नेह, आदर और तुमपे मेरा अभिमान निरंतर बढ़ता चला गया है और ये यूँ ही हमेशा रहेगा।" वैवाहिक डे पर दोनों प्राणी को बधाई देने वाले एवं लाइक कॉमेंट करने वाले की संख्या उनके वाल पर बढ़ रही थी ।हमारी टीम की ओर से भी अहां दुनू गोटे कै ढाकि भैर बधाई ।



# अंतरराष्ट्रीय योगिनी पुरस्कार, विश्व की सबसे बड़ी महिला योग सम्मेलन और पुरस्कार समारोह

समाज जागरण

G-20 के शुभ अवसर पर परमार्थ निकेतन आश्रम भगवान शिव की नगरी में 11 से 12 फरवरी 2023



को अंतरराष्ट्रीय योगिनी पुरस्कार विश्व की सबसे बड़ी महिला योग सम्मेलन और पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया माननीय मुख्य अतिथि परम पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी, साध्वी भगवती सरस्वती जी और बॉलीवुड अभिनेता शिव आर्य की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस समारोह में निशा शर्मा (अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता, विश्व रिकॉर्ड धारक ) "पेफी" (मिनिस्ट्री आङ्फ यूथ एंड अफेयसङ्) की स्टार प्रचारक व "यूपीवाईएसए" गौतमबुधनगर की ब्रांड एम्बेसडर,इंण्डसवैली की पूवङ् छात्रा को मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया इस अवसर पर पेफी के राष्ट्रीय सेक्रेटरी आदरणीय श्रीपियूषजैनजी व यूपीवाईएसए के सेक्रेटरी श्री रोहित कौशिकजी ने निशा शमाङ् को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित करने का आश्वासन दियो निशा के योग अध्यापक सवेङ्श उपाध्याय ने बताया कि इस बार निशा शर्मा आने वाली योग प्रतियोगिताओ के लिए अभ्यास कर रही हैं

# आखिर समाधान यात्रा में समाधान किसका ? लूट की छूट का अथवा अपने कुर्सी का ?

## बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का समाधान यात्रा के दौरान औरंगाबाद में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कुर्सी फेंका गया, आखिर क्यों? यह अहम सवाल है।

बिहार राज्य से समाज जागरण टीम का रिपोर्ट।

औरंगाबाद (बिहार) 14 फरवरी 2023:- बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का समाधान यात्र के दौरान औरंगाबाद जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कुर्सी की टुकड़ा फेका गया है। यह घटना औरंगाबाद जिले के वारूण प्रखंड का कंचनपुर पंचायत का बताया जाता है। समाधान यात्रा के दौरान ग्रामीणों को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से रू-ब-रू ना होने देने के कारण यह घटना घटी है और जनता के आक्रोश का सामना बिहार -सरकार के "ओजस्वी एवं तेजस्वी" मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को करना पड़ा है। जिसे जदयू नेताओं ने दुर्भाग्यपूर्ण एवं कारीत घटना




बताया है, किंतु यह घटना क्यों घटी ,इस पर कुछ भी कहने से नेता जी मुंह मोड़ लेते है,आखिर क्यों?

अब सवाल उठता है बिहार प्रदेश के

**बिहार के मुख्यमंत्री प्रदेश के विभिन्न जिलों में समाधान यात्रा पर है और जनता से दूर रहना चाहतें है,आखिर इसकी मूल वजह क्या है?**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी जब समाधान यात्रा पर निकले हुए हैं तो जनता से रूबरू क्यों नहीं होना चाहते हैं? या क्यों नहीं हो पा रहे हैं ? या क्यों नहीं होने दिया जा रहा है। यह अहम सवाल है? जिसका जवाब मुख्यमंत्री जी के समर्थक एवं.इनके दल के नेता देना नहीं चाहते हैं, चाहे वह जो भी हो।

## धनबाद महिला थाना में रचाई शादी, 12 साल की मोहब्बत को मिला मुकाम


धनबाद, वैलेंटाइन डे को लेकर युवाओं में उत्साह रहा प्रेमी जोड़े के लिए हमेशा से यह दिन खास रहा है ।बांहें थामे एक-दूसरे से जीने मरने की कसमें खाते हैं ।अपनी मोहब्बत मुकाम को ले जाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करते हैं, लेकिन इश्क में हर किसी को मंजिल नसीब नहीं होता ,त किस्मत से ही ये मुकाम हासिल होता है ।ऐसी ही कहानी है राहुल और काजल की।



# सत्य के मार्ग पर चलना धर्म, भगवान की कथा सुनना परम धर्म : पगड़ी वाले बाबा

दैनिक समाज जागरण
विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 14 फरवरी 2023 :- रमण बिहारी नर नारायण गौ सेवा ट्रस्ट (वृंदावन धाम) के तत्वाधान में कुटुंबा गोवास स्थित श्री बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में सोमवार की रात्रि संगीतमयी श्री शिव महापुराण कथा की अमृत वर्षा में पगड़ी वाले बाबा ने बताया कि ने बताया कि मानव के लिए सत्य के मार्ग पर चलना धर्म है तथा भगवान की कथा सुनना परम धर्म है। जब हम मंदिर में जाते हैं तो संशय बना रहता है की किनको पूजें किनको छोड़ दें। बाबा ने बताया कि इष्ट देव एक होना चाहिए पूजा सबकी करें परंतु निष्ठा एक में रखें। वेद में परमात्मा का नाम अजन्मा है, फिर उन्होंने जन्म कैसे ले लिया ?



बाबा ने बताया कि भगवान जन्म नहीं लेते भगवान का अवतार होता है।

जब जब होई धर्म की हानि, बढ़ई असुर महा अभिमानी,

तब तब धरई प्रभु विविध मरिरा, हरहीं कृपा निधि सज्जन पीरा।

# हाय ! मंहगाई मंहगाई..मंहगाई

**समाज जागरण**

मुझे अपनी मूर्खता पर जब हँसी आती है ,तब जोर से आती है. मुझे चौथेपन में पता चला कि मंहगाई को लेकर आम आदमी ही नहीं भारतीय रिजर्ब बैंक भी चिंतित होती है और उसका अपने संतोष का भी एक स्तर होता है .संसद में अडाणी ,मोदी और राहुल गांधी की कांय-कांय के बीच किसी को पता ही नहीं चला कि देश में मंहगाई ने तीन महीने में एक और सीढ़ी पर कर ली .

हमारा भारत महान है क्योंकि इस देश में जिन मुद्दों पर बहस होना चाहिए ,उनके ऊपर बहस होती नहीं है और उन मुद्दों पर बहस होती है जिनका कोई मतलब नहीं होता .हमारी संसद ने अडानी पर बहस की मांग की तो हंगामा हुआ .राष्ट्रपति के अभिभाषण पर उत्तर देने के बजाय प्रधानमंत्री जी ने प्रतिप्रश्न किये कि लोग ' नेहरू ' सरनेम का इस्तेमाल क्यों नहीं करते ? किसी ने नजीर को राज्यपाल बनाने पर बहस नहीं की.मंहगाई पर बहस नहीं की .क्योंकि सब जानते हैं कि बहस से देश विश्वगुरू नहीं बनता ,उलटे बहस करने से देश की ,देश कि नेताओं की ,संसद की, लोकतंत्र की फजीहत होती है .

बात मंहगाई की कर रहा था. आपको पता है कि देश में नया साल शुरू होते ही मंहगाई की दर बढ़ गयी और थोड़ी-बहुत नहीं बल्कि 6 .52 फीसदी बढ़ गई .अर्थशास्त्री इस दर को उच्चतम मानते हैं .ये दर भारतीय रिजर्ब बैंक के संतोष के स्तर से भी ज्यादा है इसलिए कहते हैं कि भारिबैं भी तनाव में है .मंहगाई की वजह से आम आदमी तो दशकों से तनाव में है,लेकिन यदा-कदा ये तनाव बैंकों को भी होता है .बैंकों को जब तनाव होता है तब मान लीजिये कि सचमुच मामला गंभीर है .

मंहगाई बीते साल यानी 2022 की जनवरी में 6.01 फीसदी थी ,उससे पहले दिसंबर में 5 .72 फीसदी थी .मजे की बात ये है कि मंहगाई की मार सबसे ज्यादा खाद्य पदार्थों पार पड़ती है .आम आदमी बिना खाये तो जिंदा नहीं रह सकता इसलिए चुपचाप मंगाई को बढ़ते हुए देखता रहता है .देश की 140 करोड़ आबादी में से 80 करोड़ को तो सरकार मुफ्त का अन्न देती है इसलिए माना जाता है कि खाद्य पदार्थों कि मंहगे होने से उन्हें तो कोई फर्क नहीं पड़ता,फर्क पड़ता है शेष 60 करोड़ लोगों पर जो मुफ्त का अन्न नहीं खाते .

मंहगाई इतने दबे पांव बढ़ती है की आपको भनक तक नहीं होती . अब अनाज और दीगर उत्पादों पर मंहगाई 16 फीसदी से ज्यादा बढ़ गयी है,क्या आपको इसका पता चला ? अण्डों,दूध और मांस की कीमतों में 6 से 9 फीसदी का इजाफा हो गया ,किसी ने चिल-पों की ? नहीं की ,क्योंकि आम आदमी जानता है कि मंहगाई पर किसी का जोर नहीं होता.पहले ' इश्क पर जोर नहीं ' होता था,अब ' मंहगाई पर जोर नहीं ' होता .मंहगाई हमारे नेताओं की तरह मुंहजोर होती है. मंहगाई ने सब्जियों को बख्श दिया लेकिन मसालों की ऐसी-तैसी कर दी. मसाले 21 .09 फीसदी तक मंहगे हो गए .

अब ये सरकार की नहीं बल्कि केंद्रीय बैंक यानि रिजर्ब बैंक की ड्यूटी है कि इस मंहगाई को चार फीसदी से ऊपर न जाने दे,लेकिन बेचारी रिजर्व बैंक अकेली क्या कर सकती है जबकि मंहगाई बढ़ाने वाले दूसरे लोग हैं .वे लोग हैं जिनके बारे में संसद में हंगामा तो होता है लेकिन बहस नहीं .बैंक बढ़ती मंहगाई को लेकर केवल चिंता जता सकती है ,सो जताती है .बाकी सब ऊपर वाले के ऊपर छोड़ देती है. क्योंकि बेलगाम मंहगाई की लगाम भगवान ही खींच सकता है,सरकार नहीं.सरकार तो सिर्फ एक इंजन में एक और इंजन लगा सकती है.

मंहगाई को लेकर अब आम जनता ने विरोध करना छोड़ दिया है. जनता अब सड़कों पर नहीं उतरती .सड़कों पर नेता उतरते हैं. राजनीतिक कार्यकर्ता जरूर जंतर-मंतर पर मंहगाई के खिलाफ धरना-वरना दे देते हैं किन्तु इससे मंहगाई पर कोई असर नहीं होता .मंहगाई अपनी चाल से बढ़ती जाती है,बढ़ती जा रही है .मंहगाई की वजह से आम आदमी को दिन में तारे नजर आ रहे हैं ,लेकिन बेचारा भक्तिभाव में डूबा है. राष्ट्रवाद उसे आंदोलित होने से रोकता है. मंहगाई के खिलाफ सड़कों पर आना राष्ट्रद्रोह है .सड़कों पर आकर कौन राष्ट्रद्रोही बने ?

असली सवाल ये है कि मंहगाई को आखिर किसका संरक्षण हासिल है ? कौन है जो मंहगाई के बढ़ने से खुश और लाभान्वित होता है ? मंहगाई बढ़ाने वालों का पता लगाने के लिए कभी संसद में जेपीसी के गठन की मांग नहीं की जाती .संसद में मांग करने से होता भी क्या है ? पूरा विपक्ष सरकार से अडानी भाई साहब के खिलाफ जेपीसी से जांच करने की मांग कर रहा है ,किन्तु सरकार ने ये मांग नहीं मानी .हंगामा होने दिया .मांग मांगने से ज्यादा बेहतर और आसान हंगामे का सामना करना है .देश में एक अकेला और निरीह आदमी इस हंगामे से जूझ रहा है .हमें इस अकेले आदमी पर गर्व करना चाहिए .देश में ऐसा अकेला आदमी पहले कभी देखने में नहीं आया .पहले पूरी सरकार विपक्ष और दूसरी समस्याओं से निबटती थी .अब एक अकेले को ये सब करना पड़ रहा है.जाकिट शाह तक का अब अता-पता नहीं है .

दरअसल मंहगाई निराकार है,इसीलिए उसे स्पर्श नहीं किया जा सकता,उसके दर्शन नहीं किये जा सकते,उसे केवल अनुभव किया जा सकता है .मंहगाई को ज्यादा से जायदा उन आंकड़ों के जरिये जाना जा सकता है जो येनकेन बाहर आ जाते हैं . आँकड़े देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से परेशान करने वाले हैं. पिछले साल अप्रैल महीने में थोक महंगाई सूचकांक (डब्लूपीआई) 15.08 फीसदी रहा जो नौ साल में सबसे अधिक है.थोक मंहगाई सूचकांक बीते 13 महीनों से डबल डिजिट यानी दहाई की रफ्तार पकड़े हुए है. ये दर बीते नौ साल में सबसे ऊंचे स्तर पर है.अब है तो है ,सरकार क्या करे ?

बढ़ती मंहगाई के लिए आप सरकार को छोड़ किसी को भी जिम्मेदार ठहरा सकते हैं. रूस और यूक्रेन की जंग को या भयंकर गर्मी को .कोई कुछ कहने वाला नहीं है. .मंहगाई का असर आपकी जेब पर सीधे पड़ता है. आपके सामने दो ही विकल्प हैं कि या तो चुपचाप अपनी जेब कटवाते रहिये या फिर सड़कों पर उतरिये .सड़कों पर उतरने में आपको शर्म आती है इसलिए जेब कटवाना ही पहला और अंतिम विकल्प है .

हमारी सबसे बड़ी बैंक की रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक भारत की महँगाई दर काबू में करने में वक़्त लग सकता है.

यानी आपकी जेब पर जो दबाव पड़ रहा है वो आने वाले दिनों मे आपकी जेब को और हल्का ही करेगा.तेजी से बढ़ती महँगाई को देखते हुए रिजर्व बैंक ने रेपो रेट फिर बढ़ा दी . इस वजह से आपका कार, होम और पर्सनल लोन महँगा हो गया और टापते रह गए. आप रिजर्ब बैंक का हाथ तो नहीं पकड़ सकते .काश की मंहगाई की ठठरी बांध जाये. बुंदेलखंड का शस्त्री बाबा मंहगाई की ठठरी बांध दे .सरकार के और आम जनता के बूते का तो कुछ है नहीं.

**@ राकेश अचल**

# स्कूली शिक्षा के लिए अब भी अहम है गांधी की सीख

**समाज जागरण**

नीला आसमान और ताजगी भरी हवा काफी आनंददायक लग रही थी मगर स्कूल के बाहर खुले नाले से बहती गंदगी ध्यान भटकाने के लिए काफी थी। यह उत्तर भारत के छोटे से शहर में सर्दियों का एक दिन था सभी कमरे ठंडे हो चले थे जैसे वे जनवरी में होते हैं। कुछ चीजें बचपन से अब तक नहीं बदली हैं।

30 जनवरी को महात्मा गांधी को याद करने का भी तरीका कमोबेश वैसा ही है जैसा पहले था। उन दिनों भी सभी कक्षाओं के बच्चे खेल के मैदान में गुनगुनी धूप में इधर उधर दौड़ रहे थे दो मिनट अनिवार्य मौन के बाद महात्मा गांधी के जीवन से सीखी गयी बातों पर भाषण देने के लिए कुछ बच्चों को सामने खड़ा किया गया। वे सभी भाषण देने में सबसे कुशल थे पहले भाषण का सार था हमे सच बोलना चाहिए, कभी झूठ नही बोलना चाहिए। अन्य सभी भाषण में भी गांधी का अमूल्य दर्शन था। हमें अहिंसक होना चाहिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। सफाई भक्ति के समान है सभी भारतीय भाई ,बहन के समान है चाहे वो किसी जाति धर्म और क्षेत्र के हो हमें अपने देश से प्यार करना चाहिए। ऐसा आज हमारे स्कूलों में होता चला आ रहा है अधिकतर बातें सिर्फ भाषणों में ही सीमित रह जाती है। व्यवहारिक जीवन मे अमल में नही लायी जाती है। हम झूठ भी बोलते है कभी कभी तो कई बार बोलते, हम लड़ते भी है और बिना मेहनत के हम सफलता के सीढ़ियों पर चढ़ना चाहते हैं। हम अपने घरों को तो साफ रखते है लेकिन कचरा नालियों में फेंक देते हैं। यह कार्य पहले भी करते थे और आज भी करते है। फिर महात्मा गांधी की याद करने का क्या अर्थ है। उन्होंने कहा कि यह बहुत उपयोगी है वह हमे बताते है कि क्या गलत है और क्या सही है। उन्होंने यह भी बताया है कोई काम सही तरीके से कैसे किया जा सकता है क्योंकि उन्होंने खुद अपने जीवन मे ऐसा किया। हम आमतौर उस प्रभावशाली उम्र में अनुकरणीय लोगो के गहरे प्रभाव को कम आंकते है लेकिन जीवन की शुरूआत करने वाले युवाओं के लिए यह कहानियां मायने रखती है। शैक्षिक विचारों की सुधार प्रक्रिया में हमें इसी वुनियाद का निर्माण करना चाहिये। हमारी व्यस्क दुनिया मे महात्मा गांधी और उनके विचारों की भले ही आलोचना की जाय लेकिन उनका मूल्य कक्षा में बढता है और बहुत कुछ है जो हमारी शिक्षा व्यवस्था गांधी से सिख सकती है। शिक्षा व्यक्तियो में क्षमता और मूल्यों का विकास करती है इन्हें उस समाज की दृष्टिसे जोड़ा जाना चाहिए जिसे हम बनाने में जुटे है हमे वही करना चाहिए जो हमारे देश का विजन हो और संविधान का ।साथ ही पढ़ाई के तौर तरीकों और दृष्टिकोण में बदलाव जीवन और स्कूल का हमारा अनुभव उनके अनुरूप होना चाहिए महात्मा गांधी की नई तामिल में यही प्रयास किया था।



**प्रदीप कुमार यादव, प्रधानाध्यापक**
**प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर बलिया**

## बैठकी

# "मोटा अनाज -- बल्ले बल्ले"

**समाज जागरण**

कॉलबेल की आवाज पर दरवाजा खोला तो मेरे बैठकी के सदस्यगण खड़े हैं! देखकर हम सभी मुस्कुराये! मैं एक ओर हट गया और हम सभी बैठकखाने मैं---

ए सरजी, आज तो सुरेन्द्र भाई, दो लाख पचास हजार की कमाई किये हैं! इनसे मिठाई मंगवाने को कहिये! ---- कुंवरजी बैठते हीं सुगफा छेड़ा!

उ कैसे कुवर बाबु! --- मुखियाजी प्रश्न किये!

सुरेंद्र भाई, 15 बीघा बाजरा की खेती किये थे! और लगभग 100 क्विंटल डुमराँव गोला में बेचकर आये हैं! सुना कि गेहूं के भाव बाजरा बिका है! --- कुंवरजी मुस्कुराये!

अजी, एक जमाना रहा जब हम लईका थे! हमर गंगा किनारा, दिअर इलाका में मोटंजें होत रहे! बगैर सिचाई वाला ललका गेंहू होत रहे! हमारे इहां बजरा, मकई (जनेरा), सांवा, टांगुन, कोदो,जोन्हरी निहन मोटका अनाजे बोआत रहे आ हम सब इहे खात रहें! हमके याद ह, उ समय जब कबो चावल बने त हम लईकन खुशी में नाचीं जा! पढ़ोस के हमउमिरियन के चिल्ला- चिल्ला के बोलीं जा-- "अरे, आज हमर घरे भात बनत ह, चावल बनत ह!"--- मुखियाजी पिछे की ओर!

ए सरजी, पुराना मोटका अनाज अब कहाँ बोया जाता है!! बाजरा हो या मक्का, अब तो चारों तरफ डंकल बीज बोया जा रहा है! इस डंकल वेराइटी में पहले वाला स्वाद नहीं है! आज से 45-50 साल पहले, हमारे दियरांचल में मोटा अनाज का हीं उत्पादन होता था! इसीलिये दक्षिण वाले हमें -" अरे हेठार वाले मोट होते हैं " कहते थे और अपने को मेहीं मानते थे!-- उमाकाका ने सही कहा!

ठीक कहते हैं काकाजी, पहले जो अरहर उपजाया जाता था उस दाल में जो सुगंध और स्वाद था वो आज के दालों में कहाँ है!! सब्जी न भी रहे तो सिर्फ दाल के साथ हीं रोटी या चावल भर पेट खा लिया जाता था!--मास्टर साहब निराश लगे!

वही मोटंजा खाकर, लोग स्वस्थ भी रहते थे और मेहनत भी जम के करते थे! आज की तरह विटामिन और टानिक की जरूरत नहीं पड़ती थी! आज की तरह सुकसुकाने वाली जिंदगी नहीं थी! घर में औरतें भी जम के शारीरिक मेहनत करतीं थीं! कुटाई, छटाई, पिसाई घर पर हीं करतीं थीं! किसी औरत को डिलीवरी के लिए अस्पताल की आवश्यकता नहीं पड़ती थी और न सिजेरियन बच्चा होता था! पांच-सात बच्चे पैदा होने के बावजूद स्वस्थ रहतीं थीं! --- मै भी अपना अनुभव साझा किया!



मुखियाजी, आज किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के प्रयास से हमारे देश में सरप्लस गेंहू और चावल का उत्पादन हो रहा है! अब सरकार चाहती है कि हर भारतीय के थाली में पोषण युक्त आहार हो इसी के मद्देनजर मोटे अनाज जिसे मेलिट्स कहते हैं, के उपयोग और उत्पादन को बढ़ावा देना शुरू की है! ---कुंवरजी ने जानकारी दी!

लिजिये, इसी संदर्भ में भारत और मोदीजी के नेतृत्व एवं पहल पर इस साल को अर्थात 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज, के रूप में मनाया जा रहा है! जिसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा और पोषण में मोटे अनाज के महत्व के बारे में जागरुकता पैदा करने के साथ साथ इनकी उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार हेतु, अनुसंधान एवं विकास के लिए निवेश को बढ़ावा देना है! --- मैं भी पिछे नहीं था!

ए भाई लोग, आज सबके घरे गेहूँ आ चावल के अलावा कवनो दुसर अनाज नहीं लउकता है! एक जमाना रहा जब हम सबन के बजड़ा, मकई, जोन्हरी के लिट्टी आ बजड़ा, मकई , कोदो, सांवा के भाते खाये को मिलत रहे! बाकि मोटंजा के साथे दुध , दही,माठा, आ घीवो जरूर चाहिं तबे खाये में मजा आवत है! --- मुखियाजी अपना अनुभव रखे!

मुखियाजी,भारत मिलेट्स के उत्पादन में विश्व में नंबर वन है! मिलेट्स का अधिकाधिक उत्पादन हमारे सीमांत एवं लघु किसानों के लिए वरदान साबित होगा! अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज बर्ष मनाने से मोटे अनाजों की खपत बढ़ेगी जिससे पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जरुरतें तो पुरी होगी हीं साथ साथ जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन करने में भी सहायता मिलेगी !सबसे बड़ी बात तो ये है कि देश के छोटे किसानों को सशक्त बनाने में भी काफी सहयोग मिलेगा जिसके लिए इनपुट समर्थन, एफपीओ हस्तक्षेप, कृषि अवसंरचना कोष और डिजिटलीकरण आदि शामिल हैं! ---मास्टर साहब भी पिछे नहीं जा पड़ते!

ठीक कहते हैं मास्टर साहब, मोटे अनाजों के उत्पादन पर जोर देने के पिछे, फसल प्रणाली में पोषकता की प्रधानता, किसानों की आत्मनिर्भरता, कम लागत में अच्छा रिटर्न, बेहतर बाजार समर्थन के साथ साथ बदलते मौसम से सुरक्षा की संभावना भी है! --- पारस नेता चर्चा में!

अजी, कई राज्यों में मोटा अनाज मिशन चालू कर दिया गया है! जबकि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, आइआइएमआर, इंटरनेशनल क्राफ्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर सेमी-एरिडट्रापिक्स, राज्य के कृषि विश्वविद्यालय और कई संस्थान देश को पोषक खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर मिशन के मोड में काम कर रहे हैं! --कुंवरजी आशान्वित लगे!

ए सरजी, कतना अच्छा होता पहिले जईसा हमन के भोजन हो जाता! पहिले सुबहे बाजरा चाहे मकई के भात, दुध, दही भा छाछ संगे भर पेट खा के खेते चल जाते रहे फिर सांझ के घर आवत रहे! मजाल जे जरिको थकान होवे! साला, मोटके अनाज के बल प, पहलवानी होत रहे!

अब त खाद के गेहूँ, चाउर में कुछ हईये नहीं है! भूसा है भूसा! सरकार मोटका अनाज के बढ़ावा देत ह त बहुत बढ़िया ह! हमहुँ इ साल मोटका अनाज के खेती जरूर करब! आ गाँव में मोटका अनाज बोवे ला कहबो करब! --- मुखियाजी उत्साहित लगे!

अच्छा, आज यहीं तक रहने दिया जाय! कल फिर बैठेंगे! --- कहकर उमाकाका उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी....!!!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# मगध के नारी सबके गीत सिद्धार्थ के बुद्ध बनैलक

**समाज जागरण**

मानल जाहे कि धन आउ यश पाके आदमी कैय बार भ्रम में पड़ जा हका अउ समाज के गति अउ व्यवहार भूल जा हका ढेर दिन तलक शासन अउ सत्ता में रहे के कारण जरासंध वंश के अन्तिम राजा रिपुंजय के शासन समाप्त हो गेल ओकर बाद मगध में अव्यवस्था फैल गेल अउ वैदिक परम्परा कमजोर पड़ गेल ऐ हे बीच इतिहासकार मानो हथ कि ईसा के पहिले छठी शताब्दी में अजातशत्रु मगध के राजा हो गेला अउ मगध पर हस्तीनापुर के संस्कृति के प्रभाव स्पस्ट हो गेल । इतिहासकार मानो हथ अजातशत्रु अप्पन पिता बिम्बिसार के जेल में बंदी बना के भूखल मार देलका हल अउ अप्पन राज विस्तार के लेल विभिन्न जाति के अउरत से शादी संबंध कायम कयलका हल अउ मगध अशान्ति के केन्द्र बन गेल हल। गांव पर गृहस्थ संस्कृति के प्रभाव हल ऊ अजात शत्रु के पक्षपाती नय हलाऽ। गांव में वैदिक देवता अउ वैष्णव परम्परा के प्रभाव कायम हल।

ऐ हे बीच क्षत्रिय राजकुमार सिद्धार्थ के लगो लगल कि क्षत्रिय नरेश भोगवादी हकाऽ अउ ब्राह्मण जे समाज के अगुआ बनल हथीन ऊ यज्ञ के नाम पर धन-बल के स्वाहा कर रहला हे अउ कर्म काण्ड के नाम पर आदमी भयभीत हो रहला है। पशु बलि खूब हो रहल है। मानव के चिंता कम लोग के हे अउ आदमी लगातार कमजोर हो रहल हे। राजकुमार सिद्धार्थ मानव जाति के उन्नत भविष्य के लेल घर छोड़ देलका जेकरा बौद्ध साहित्य में महाभिनिष्क्रमण कहल गेल हे ऐकर व्याख्या में कहल जा हे जब कोय उँचा आदर्श के लेल घर अउ परिवार के त्याग कैयल जाहे तब ओकरा महाभिनिष्क्रमण कहल जा है।

बौद्ध साहित्य से जानल जा हे कि सिद्धार्थ गंगा नदी पार करके गढ़ परावत पर अविलोकेतेश्वर के रूप में प्रघट होला जिनखर छवि समुद्र में स्नान करइत लंका देश के राजा देखके भाव विभोर हो गेला अउ ऊ आके मगध देश के गढ़ परावत पर एक सुन्दर लकड़ी अउ बांस से निर्मित मन्दिर देखलका । मानल जा हे कि सिद्धार्थ के स्वागत अउ सत्कार गांव के गृहस्थ सब कैयलका जेकर संबंध में बौद्ध साहित्य के महावाग्य किताब में लिखल हे कि भगवान बुद्ध कहलथीन हल कि मगध के गृहस्थ ब्राह्मण के वैभव से भरल जीवन हल अउ अप्पन पास रहे वाला अउ आवे वाला सबके ऊ स्वागत करो हलाऽ ।

बौद्ध साहित्य के सूत निपात पुस्तक में लिखल बात ऐगो बौद्ध साहित्य के विद्वान के अनुसार कि भगवान बुद्ध कहलथीन हल कि मगध के लोग बौद्धिक परम्परा से समृद्ध हला अउ उनखर दार्शनिक भाव के प्रश्न गहन अर्थ वाला हल।

कहल जा हे ओकर बाद सिद्धार्थ मगध के राजनगर पांच पहाड़ से घिरल राजगीर पहुँचला, ओहां उनखा सारिपुत्र अउ मोद्गलान से भेंट होल ऊ जेष्ठीवन जेकरा जेठीयन कहल जा हे के राह से ऊ निरंजना नदी के किनारे पीपल पेड़ के नीचे मानव जाति के उज्वल भविष्य के लेल अन्न-जल त्याग करके तपस्या में लीन हो गेलाऽ।

उरबेला गाँव के अउरत सब जन्म-जन्मान्तर तलक अहीयात रहे के

कामना के साथ पीपल पेड़ में धागा बांधे लेल अउ भगवान् ब्रह्मा पर प्रसाद चढ़ावे लेल खीर के साथ गीत गाते जब पीपल वृक्ष तक पहुँचली तब देख के परेशान हो गेली कि सुन्नर काया के व्यक्ति भूखल-प्यासल गाछ तर पड़ल हथा

मगध के नारी के गीत के भाव हल वीणा के तार के ओतना नऽ कसल जाय की तारे टूट जाय अउ ऐतना ढीला न छोड़ल जाय कि ओकरा से आबाजे नय निकलय, माने मध्यम मार्ग मानल जा है। कि सिद्धार्थ के बुद्धि भेल जेकरा ज्ञान भी कहल जा है कि अति भोग अउ अति योग दुन्नू ठीक नय हे अठ आदमी बीच के मध्यम राह पकड़े के चाही।

मगध के संस्कृति के मूल भाव स्पष्ट मगध के नारी के गीत से हो जा है। सनातन मान्यता हे कि पीपल वृक्ष पर ब्रह्मा निवास करो हथीन ।

भगवान् बुद्ध के सन्देश में ई बात स्पष्ट रूप से कहल गेल हे कि आदमी कर्म खास करके सुकर्म करके आगे बढ़ सकोड हे अउ व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास में व्यक्ति के परिश्रम के महत्व हे महज कोय जाति में जनम लेला से कोय पूजनीय नय हो सको है। ई गुनी बौद्ध धरम जाति के जगह व्यक्ति के सत्यकर्म पर जोड़ दे हे।

मगध में भगवान् बुद्ध के ज्ञान मिलल अउ ढेर दिन तक ऊ मगध के गढ़ - परावत, येष्ठीवन, गया अउ राजगीर के अलावे अउ कैयगो महत्व के स्थान पर वर्षावास कैयलथीन अउ उपदेश देलथीन हल। मगध के संस्कृति के विशेषता उजागर भेल कि ईसा पूर्व छठी शताब्दी में जो सांस्कृतिक क्रांति भेल ओकर केन्द्र मगध हल।

भगवान् बुद्ध के काल में ही महावीर स्वामी के प्रभाव बढ़ल अउ सत्य-अहिंसा के साथ-साथ संयमित जीवन पर बल देल जा रहल हल सेगुनी मगध के महत्व अउर बढ़ल अउ देश-विदेश के चिंतक अउ साधक मगध आके सकुन पावो लगला। कईगो संगति जेकरा समागम भी कहल जा हल ओकरा में जीवन के संजमित बनावे के अउ जीव से प्रेम करके पाठ पढ़ावल जा हल।

बौद्ध धरम के सन्देश में मानल जा लगल बुधम् शरणम गच्छामि, धर्मम् शरणम् गच्छामि, संघम् शरणम् गच्छामि माने पहिले आदमी आदमी के सम्पर्क में आवो हे फेन ओकर धरम अठ नीति जानो है। फेन ऊ समझ के संघ माने संगठन से जुड़ो लगो है। -

मगध के संस्कृति वैदिक संस्कृति हल जेकर बुनियाद में समानता के भाव, जीव पर दया अउ प्रकृति साथ अउ नारी जाति के प्रति समानता के भाव है। सिद्धार्थ सृष्टिकरता भगवान ब्रह्मा के लेल लावल गेल खीर खाके शुद्ध हो गेला अउ क बुद्ध भे गेला फेन मगध के नारी सुजाता के भाव भरल गीत अउ परिवार परम्परा के भूखल के भोजन देके तृप्त कर के भाव फेन उजागर भेल।

महाभारत काल में जे वैचारिक भाव स्पष्ट हल जेकरा में काम के आजादी के भाव हल माने ब्राह्मण भी राजा हो सको हथ अठ क्षत्रिय भी वेदाभ्यास कर सको हथ मुखर भेल अउ भगवान बुद्ध भी स्पष्ट कैयलका कि जनम से कोय पूजनीय नय हो सको हथ। मगध के संस्कृति में वैदिक भावना के जोड़ सदा रहल है। अथर्व वेद के नवम् स्कन्द के 112 ऋचा में कहल गेल हे कि हम कवि ही हम्मर पिता वैद्य हथ हम्मर माय अन्न पीसो हथ सबके साधन अलग हे लेकिन सबके धन के इच्छा हे अउ सब पशु पावे के आकांक्षा रखो हथ। ई बात से साफ स्पष्ट हे कि वैदिक काल, रामायण काल अउ महाभारत काल से ले के बौद्ध काल तलक मगध के जीवन में व्यक्ति के जाति के नाम पर नय ओकर सुकरम के महत्व रहल हे। मगध के सांस्कृतिक इतिहास गवाह है कि ऐहां राजा हावे लेल अउ राजाधिराज होवे लेल अश्वमेध यज्ञ करके घोड़ा छोड़े के कोय परम्परा नय हल अउ आपस में माने परिवार में राजा होवे लेल संघर्ष नय होल हल मुदा हस्तीनापुर के संस्कृति अउ अवध के संस्कृति में समान भाव से यज्ञ करके घोड़ा छोड़े के प्रथा हल जेकरा से ई सिद्ध होवो हे कि राजा अप्पन राज के अलावे अउर देश के राजा के नत मस्तक होवे के रूप में देखना पसन्द करो हला । ई तो इतिहास के बिडंबना है कि भगवान् बुद्ध अउ महावीर स्वामी के जीवन काल में हस्तीनापुर के संस्कृति के माने बाला अजातशत्रु अउ बिम्बिसार के मगध पर शासन हल जेकर शासन मगध के लोग नय पसन्द कर रहला हल। इतिहासकार मानो हथ कि बृहद्रर्थ वंश के अन्तिम राजा रिपुंजय के शासन समाप्त होला के बाद 162 साल तक बिम्बिसार से लेके महापद्धनन्द के अलावे नन्द के आठ बेटा मगध के राजा होला हल। ई बात साफ नय हे कि नन्द वंश के राजा कौन धरम मानो हलाऽ कारण बिम्बिसार अउ अजातशत्रु भगवान महावीर अउ भगवान बुद्ध के प्रति सम्मान के भाव रखो हला।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और मगही के साहित्यकार हैं।)



**रामरतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर'**

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# पुलिस लाइन के आरडी त्रिपाठी हाल में आयोजित हुआ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : कामेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट बलिया के बैनर तले पुलिस लाइन के आरडी त्रिपाठी हाल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं फाइलेरिया रोग नियंत्रण हेतु दवा सेवन कार्यक्रम एवं वेक्टर जनित रोग जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मोहम्मद फहीम क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन व अशोक कुमार मिश्र क्षेत्राधिकारी सदर जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पुलिस लाइन के प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक सारनाथ प्रसाद ने स्वास्थ्य शिविर में आयें सभी अधिकारियों, डाक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मी के पति आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया। डा कृष्णा सिंह ने सभी पुलिस आरक्षी एवं सब इंस्पेक्टर लोगों को निरोग रहने के साथ सूगर, ब्लडप्रेशर, तनाव, फाइलेरिया के उपचार, बचाव, लक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा समय-समय पर शरीर का जांच कराना आवश्यक है साथ ही टहलना लाभदायक होता है। 150



लोगों ने फाइलेरिया से बचाव हेतु दवा का सेवन किए। तथा खून की जांच, आंख का जांच भी लोगों ने कराया। कार्यक्रम में डा धर्मपाल जी, रंजना श्रीवास्तव, रक्षा पाण्डेय, सबिता, कंचन यादव, सुशील यादव, नित्यानंद पाठक, ओमप्रकाश, रियाजुदीन अन्सारी, आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कामेश्वर चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव संतोष तिवारी ने किया।

# कार दुर्घटना में घायल चिकित्सक की इलाज के दौरान मौत

**संतोष द्विवेदी, समाज जागरण**

बलिया : जिले के नगरा-बिल्थरारोड मार्ग पर खेमपुर मोड़ के समीप हुए कार दुर्घटना में घायल चिकित्सक



की मौत इलाज के दौरान वाराणसी में सोमवार की देर रात हो गयी। चिकित्सक की मृत्यु के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

बता दें कि बीते शनिवार को दोपहर बाद एक ब्रेजा कार असंतुलित होकर सड़क के किनारे विद्युत पोल से टकरा गयी थी। इससे कार में बैठे चिकित्सक श्रीकांत यादव (50) गंभीर रुप से घायल हो गये थे । आनन फानन में उन्हे पीएचसी नगरा पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सकों ने सदर अस्पताल बलिया के लिये रेफर कर दिया था। परिजन उन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर लेकर चले गये थे। जहां उनके ब्रेन का आपरेशन किया गया। उपचार के दौरान सोमवार की रात उनकी मौत हो गयी। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कार में पीछे की सीट पर बैठे लोग बाल बाल बच गये थे। चटाईपार थाना मधुबन निवासी श्रीकांत यादव नगरा में बच्चों के डाक्टर थे। वे नगरा में ही मकान बनवा कर सपरिवार रहते थे। घटना के दिन वे तुतीर्पार सरयू तट पर किसी परिचित के अंत्येष्टि में शामिल होकर अपनी ब्रेजा कार से नगरा वापस लौट रहे थे। खेमपुर मोड के समीप कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से जा टकराई। टक्कर इतना जोरदार था कि पोल टूट कर कार के अगले हिस्से पर गिर गया। इससे चालक के बगल में बैठे चिकित्सक बुरी तरह घायल हो गये। लोगों ने कार से उन्हे बाहर निकाल कर हास्पीटल पहुंचाया था। चिकित्सक के निधन पर नगरा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है।

# पुलवामा में शहीद जवानों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**विवेक राय, समाज जागरण**

नरहीं (बलिया) : सनातन संघ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पुलवामा में शहीद जवानों को पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।



नरहीं गांधी चवूतरे पर सनातन संघर्ष कमेटी के अध्यक्ष पियूष राय द्वारा शहीद जवानों के लिए श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान रामनारायण पासवान, राधेश्याम राय, जीतेन्द्र नाथ राय, आशीष राय, प्रिंस राय, भरत राम सोहन, प्रियांशु, राधेश्याम यादव, मदन उपाध्याय, अखिलेश राय, शिवानंद यादव, नीरज राय आदि लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ब्लॉक इकाई का गठन

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : स्थानीय ब्लॉक के डवाकरा हाल में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की गड़वार ब्लॉक इकाई



का गठन जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर यादव की देखरेख में बैठक कर किया गया। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से मंजीत कुमार को संगठन का गड़वार ब्लॉक का अध्यक्ष ,राजनरायन राजभर को महामंत्री, दिवाकर वर्मा को उपाध्यक्ष, अवधेश यादव व गजेंद्र मौर्य को उपाध्यक्ष, दिलीप प्रजापति को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय चौबे, जिला महामंत्री सत्यदेव राम, एडीओ पंचायत राजकमल आदि उपस्थित रहे। वहीं इस अवसर पर संघर्ष क्रांति दल के चार सदस्यों गजेंद्र नाथ मौर्य, दिवाकर वर्मा, अशोक राम व अवधेश यादव ने ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की सदस्यता ग्रहण की।

# नहीं रहे डॉ विनोद, वॉलीबाल जगत में शोक की लहर

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : उत्तर प्रदेश वालीबाल एसोसिएशन के रेफरी बोर्ड के चेयरमैन एवं जिला वालीबाल एसोसिएशन मऊ के सचिव डॉ विनोद कुमार सिंह का निधन मागलवार को हृदयाघात के कारण हो गया। डॉ विनोद सिंह के निधन से उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल जगत में शोक की लहर दौड़ गई। हर कोई डॉ विनोद सिंह के निधन से स्तब्ध रह गया तथा सभी ने उनके वॉलीबाल खेल के प्रति आजीवन समर्पण को याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की ।



उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन के महासचिव सुनील कुमार तिवारी ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि 'डॉ विनोद सिंह जी का जीवन वॉलीबाल को समर्पित था, रेफरी बोर्ड के चेयरमैन के रूप में उनका योगदान अप्रतिम है। इस सत्र में उनके नेतृत्व में मऊ जनपद ने ऐतिहासिक सीनियर स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन किया। उनका अनुशासित खेल जीवन हमेशा हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। ' दोहरीघाट स्थित मुक्ति धाम में डॉ विनोद सिंह पंचतत्व में विलीन हुए। डॉ विनोद सिंह के निधन का समाचार सुन अंतिम दर्शन करने एवम श्रद्धांजलि देने वालों का ताता लग गया। उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बीएन मिश्रा, जिला वॉलीबाल एसोसिएशन मऊ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद कुमार राय, गोरखपुर के संयुक्त सचिव अजय राय व रवीन्द्र दुबे, सहारनपुर के अध्यक्ष संदीप पुंडीर, रमेश राय, नीरज राय, रामजीत आदि अंतिम संस्कार में सम्मिलित रहे । प्रयागराज मंडल कोऑर्डिनेटर प्रभात कुमार राय, विष्णु सिंह, अंगद राय, राजेश शुक्ला आदि ने श्रद्धांजलि व्यक्त की।

# गौरी भईया फुटबॉल प्रतियोगिता

## तैयारियां पूर्ण, आज से लगेगा वीर लोरिक स्टेडियम में फुटबॉल का कुंभ

## पूर्व खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी ने लिया तैयारियों का जायजा, दिया निर्देश



**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित 'गौरी भईया राज्य आमंत्रण पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता' की तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। गुरुवार को उद्घाटन मैच होगा। पूर्व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उपेंद्र तिवारी ने वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैयारियों का जायजा लिया।

प्रतियोगिता के निमित खिलाड़ियों के आवास एवं भोजन व्यवस्था की जानकारी लेने के साथ ही पूर्व मंत्री ने खेल मैदान का भी निरीक्षण किया । मौके पर उपस्थित जिला खेल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विदित हो कि प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 19 फरवरी को वीर लॉरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाना है । प्रतियोगिता के निमित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा उद्घाटन बुधवार (15 फरवरी) को स्वर्गीय गौरी भईया की धर्मपत्नी ममता सिंह द्वारा किया जाएगा । प्रतियोगिता के लिए स्पोर्ट्स हॉस्टल वाराणसी, अयोध्या एवम बरेली, स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ एवम सैफई के अलावा प्रयागराज, गोरखपुर व मऊ की टीमें मंगलवार देर शाम तक बलिया पहुंच गई। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए उप क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू, जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अरविंद कुमार सिंह एवम जिला वॉलीबाल एसोसिएशन से नीरज राय, मोहम्मद जावेद आदि तैयारियों को अंतिम रूप देते दिखे।

### बलिया पहुंचे उप्र फुटबॉल एसो के निर्णायक

प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के निर्णायकों भी देर रात तक बलिया पहुंचे। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि कानपुर से राशिद एवम प्रदीप मिश्रा, लखनऊ से निताई सरदार लखनऊ, देवरिया से उपेंद्र शुक्ला, लखीमपुर से मनोज तिवारी, गाजीपुर से मेहरुद्दीन खान, इफ्तिखार खान व मोहम्मद रजाउल्लाह, वाराणसी से जयराम यादव, व बलिया से अमल कुंवर निर्णायक की भूमिका निभाएंगे वहीं मैच कमिश्नर मोहम्मद आरिफ नजमी होंगे।

# मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने पांच को किया गिरफ्तार

ब्रजेश दुबे गड़वार (बलिया) : थाना क्षेत्र के रतसर स्थित पेट्रोल पंप के सामने रविवार को जमीनी रंजिश में हुई मारपीट में ग्राम पंचायत पड़वार के पुरवा चक चमइनिया ( कुकुर भुक्का ) निवासी अजीत यादव की मौत इलाज के दौरान हो गई थी।




मौत के बाद पुलिस ने मृतक के भाई अजय यादव के तहरीर पर 9 लोगों के खिलाफ सम्बंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। बुधवार को पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया गया। थाना प्रभारी आरके सिंह उपनिरीक्षक गिरिजेश सिंह व उनकी टीम ने अभियुक्त अशोक सिंह उर्फ अभय सिंह, आशीष कुमार उर्फ सोनू, आयुष पांडेय, सशीजीत सिंह, शुभम सिंह निवासी गण रतसर को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया।

# रेवती पुलिस ने किया चोरी के मामले का खुलासा, समान सहित तीन चोर गिरफ्तार

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : चोरी की घटना का खुलासा मंगलवार को रेवती पुलिस ने किया। पुलिस ने चोरी का सामना बरामद भी किया और तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया। प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह व उनि धर्मेन्द्र दत्त मय हमराह ने चोरी के सामान के साथ 03 अभियुक्तों राजकुमार चौहान उर्फ टिन्कू पुत्र वशिष्ठ चौहान निवासी गायघाट थाना रेवती, सनी साहनी पुत्र कामेच्छा साहनी निवासी बहादुर पुर दतहां थाना रेवती और अजय साह पुत्र राजकुमार साह निवासी भिसिया थाना रेवती को छेडी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त राजकुमार चौहान के पास से एक बोरे में एक पिस मिक्सर, एक पिस होम थियेटर, एक पिस साउण्ड बाक्स तथा 01 अदद अवैध तमंचा मय जिंदा कारतूस बरामद हुआ। अभियुक्त सनी साहनी के पास से एक बोरे में 01 इलेक्ट्रानिक केतली, एम0आई कम्पनी की एक टीवी, 02 अदद पंखा व एक अदद नाजायज चाकू भी बरामद किया गया एवं अभियुक्त अजय साह के पास से एक अदद सब्बल व एक बोरे में 01 एम0आई0 कम्पनी की एलईडी टीबी व एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ । उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी को थाना रेवती अंतर्गत चौरसिया इलेक्ट्रानिक गायघाट विशुनपुरा की दुकान से हुयी चोरी के संबंध में प्राप्त सूचना पर थाना रेवती पर मु0अ0सं0 45/23 धारा 380 भादवि0 बनाम अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर चोरों

## बेहतरीन कार्य के चलते आशा कार्यकर्ता रीना शर्मा अपने कार्य क्षेत्र में है लोकप्रिय

# कड़ी मेहनत से बनाया ऐसा मुकाम, अब हर जुबां पर है नाम

*"जो अपनी जुबां से अपनी मेहनत का ज़िक्र नहीं करते उनका ज़िक्र एक दिन सबकी जुबां पर होता है"*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : बलिया : "जो अपनी जुबां से अपनी मेहनत का ज़िक्र नहीं करते उनका ज़िक्र एक दिन सबकी जुबां पर होता ह`" कुछ ऐसा ही कर दिखाया है आशा कार्यकर्ता रीना शर्मा ने। समाज की कुरीतियों और परंपरागत सोच से अलग हटकर आशा कार्यकर्ता रीना शर्मा ने कड़ी मेहनत से ऐसा बड़ा मुकाम बनाया कि आज वह अपने कार्य क्षेत्र से जनपद में काफी लोकप्रिय है।

रीना बताती हैं कि अपने परिवार और समाज का जीवन स्तर बेहतर बनाने की उनमें शुरू से ही प्रबल इच्छा थी। वर्ष 2006 में उनका चयन जब आशा कार्यकर्ता के रूप में हुआ तो उन्हें आगे बढ़कर कुछ करने के साथ ही अपने सपनों को साकार करने का मौका मिला। तब उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि घर-परिवार और अपने गांव की हालत बदल कर रहूंगी। उन्होंने काम शुरू किया, तो सामने लोगों में जागरूकता की कमी, महिलाओं की स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता, अंधविश्वास, टीकाकरण नहीं कराना, घर पर प्रसव को पसंद करने जैसी बड़ी चुनौतियां थीं। उन्होंने सबसे पहले साफ-सफाई के बारे में गांव वालों को जागरुक किया। जब थोड़ा बदलाव आया, तो मेहनत सफल होती दिखी।अगले कदम के रूप में कार्यक्षेत्र गंगापुर में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को टीकाकरण का महत्व समझाया। पहली बार जागरूकता शिविर के लिए घर-घर जाकर लोगों को इकठ्ठा किया। निरंतर प्रयास करते रहने से अब प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित होने वाले ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) व अन्य शिविरों में लोग खुद भी पहुंचने लगे हैं। जहां से सभी के स्वास्थ्य की जांच, बच्चों को टीके, किशोरियों और गर्भवती को सेहत की बातें बताने में आसानी हुई हैं।

### सूझबूझ से बचाई माँ-बच्चे की जान

रीना शर्मा बताती हैं कि उनके कार्यक्षेत्र में एक मंद बुद्धि गर्भवती



थी। गर्भावस्था के पहले-दूसरे महीने में वह महिला अपने मायके चली गयी, जिस वजह से उसकी जरूरी जांचें नहीं हो पायीं और बच्चा खराब हो गया। इसकी जानकारी जब उन्हें मिली, तो उन्हें बहुत दुःख हुआ। जब वह महिला दोबारा गर्भवती हुयी, तो उसके पति और जेठानी को बार-बार प्रेरित कर उसकी प्रसव पूर्व की चार जांचें करवाई, हीमोग्लोबिन कम होने पर आयरन-सुक्रोज चढ़वाया और आयरन-फोलिक एसिड गोली का सेवन कराने के लिए उसका नियमित फॉलोअप किया। उस महिला का प्रसव दिसम्बर में जिला महिला अस्पताल में हुआ। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। वह बताती हैं कि उनके कार्यक्षेत्र गंगापुर में कुछ परिवार ऐसे थे, जो अपने बच्चों को टीका लगवाने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं होते थे। ऐसे में मैंने उन परिवारों का नियमित फॉलोअप किया, उन्हें टीकाकरण कराने से होने वाले फायदों और न कराने से होने वाली जानलेवा बीमारियों के बारे में बताया उनके सामने आसपास के दूसरे बच्चों की मिशाल रखी, उन्हें टीका लगा और वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। आज नतीजा यह है कि लगभग सभी परिवार अपने बच्चों को टीका लगवाने के लिए सत्र स्थल पर खुद पहुँचते हैं।

### स्वास्थ्य आंकड़ों में आया सुधार

बीसीपीएम संजय यादव का कहना है कि रीना शर्मा के प्रयास और सहयोगात्मक पर्यवेक्षण से उनके कार्यक्षेत्र के स्वास्थ्य आंकड़ों में बेहद सुधार आया है। पहले जहाँ 38 फीसदी गर्भवती महिलाओं का ही चिन्हांकन हो पता था। वह अब बढ़कर 62 फीसदी तक पहुँच गया है। शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण की दर 45 से बढ़कर 85 फीसदी, संस्थागत प्रसव 25 से बढ़कर 36, पूर्ण प्रतिरक्षण 35 से बढ़कर 49 हुआ है। इसके अलावा पहले जो परिवार टीकाकरण नहीं करवाते थे, वहीं टीकाकरण कराने लगे हैं। इसी प्रकार महिला नसबंदी में इनका बहुत सहयोग रहा है। इनका कार्य बहुत अच्छा रहता है अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर 0 से 5 साल के बच्चों को एवं एचबीएनसी विजिट के दौरान बच्चे का वजन, तापमान, स्तनपान के महत्व ,मां के खान पान के बारे में,बच्चों की देखरेख एवं खानपान के बारे मे, बच्चे को कौन कौन सी परेशानी हो सकती हैं यह सब घर-घर भ्रमण कर वह बताती है। फाइलेरिया, कालाजार,कुष्ठ रोगके बारे में भी लोगों को जागरूक करती हैं साथ ही आयुष्मान कार्ड बनवाने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।सभी कार्यक्रम को सफल बनाने में उनका उद्देश्य रहता है कि हर घर के लोगों को जागरूक करके इसका लाभ दिलाएं और इसके बारे में जानकारी दें । काम के प्रति लगन और मेहनत देखकर कोरोना काल में बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें बेलहरी ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवानी में प्रथम स्थान के पुरस्कार से सम्मानित किया गया और पुरुष नसबंदी के लिए बेलहरी ब्लॉक के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवानी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ,बीपीएम, बीसीपीएम के द्वारा सम्मानित किया गया । रीना बताती है की अब मुझे गाँव और आसपास के लोगों से सम्मान और इज्जत मिलती है। जिससे मुझे भी बहुत खुशी होती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवानी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ० मुकर्रम अहमद ने बताया कि आशा रीना शर्मा का कार्य बहुत ही अच्छा है। क्षेत्र में भी वो काफी लोकप्रिय हैं।

# हौसला बुलंद चोरों ने हनुमान मंदिर सोलर लाइट बैटरी पर किया हाथ साफ

**जुनैद अहमद, समाज जागरण**

रतसर (बलिया): गड़वार थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव में हनुमान मन्दिर पर सांसद निधि द्वारा लगाया गया सोलर लाइट की बैटरी चोरों ने गायब कर दी।




इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। नूरपुर गांव के उत्तर दिशा में हनुमान मन्दिर पर सांसद निधि द्वारा सोलर लाइट लगवाया गया था। सोमवार की रात चार पहिया वाहन पर सवार चोरों ने उसकी बैटरी गायब कर दिया। रात में ही मन्दिर के पड़ोस में सोए ग्रामीणों की इसकी जानकारी हुई तो सुबह सूचना पुलिस को दी गई। आक्रोशित लोगों ने अराजकतत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाई करने की मांग की है।

## सास-बेटा-बहू सम्मेलन

# हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर बेलहरी पर हुई परिवार नियोजन की बात

## सास-बेटा-बहू के बीच समन्वय और संवाद के जरिये परिवार नियोजन के लिए अच्छा माहौल तैयार करने का प्रयास

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया (बलियख) : जनपद के बेलहरी ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनवानी के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बेलहरी, पर मंगलवार को सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें सीमित परिवार की अहमियत बताई गई तथा नव दंपति को शगुन किट प्रदान की गई। साथ ही आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवानी के अधीक्षक डॉ० मुकर्रम अहमद ने इस अवसर पर बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य सास- बेटा -बहू के बीच समन्वय और संवाद के जरिए परिवार नियोजन को लेकर एक अच्छा माहौल तैयार करना है। ताकि प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति पुरानी सोच में बदलाव लाया जा सके

बीपीएम राकेश कुमार सिंह ने बताया की इस सम्मेलन में परिवार नियोजन के अस्थाई /स्थाई साधनों के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही परिवार नियोजन के विषय में एक साल के अंदर के नवविवाहित दंपति ,एक साल के अंदर की उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाएं, ऐसे दंपति जिन्होंने परिवार नियोजन का कोई साधन नहीं अपनाया है, ऐसे दंपति जिनके दो या दो से अधिक संतान हैं को उचित जानकारी दी गयी।

### स्वास्थ्य विभाग की ओर से नवविवाहित दंपति को भेंट की गई शगुन किट

बीसीपीएम संजय यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में ऐसे दंपति जिनके यहां विवाह के दो वर्ष बाद बच्चा पैदा हुआ हो, पहले व दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर हो या दो बच्चे के बाद दंपति में से किसी एक ने नसबंदी करा ली हो। ऐसे दंपति को मुख्य रूप से कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया।यह लोग अपना अनुभव साझा किये। इसके अलावा जिस दंपति ने परिवार नियोजन का कोई भी साधन नहीं अपनाया है, उन्हें भी अपना अनुभव साझा करने को कहा गया। इसी के साथ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साथ ही विजेताओं को उपहार दिया गया।



कार्यक्रम में कम्यूनिटी हेल्थ आफिसर साधना शर्मा ने बताया की सम्मेलन में गुब्बारे के खेल का आयोजन किया गया जिसमें चार परिवार प्रतिभाग किये हर परिवार को अलग-अलग संख्या में एक,दो,तीन तथा चार,पांच गुब्बारे दिये और खेल- खेल में छोटे परिवार के फायदे के बारे में बताया गया।

### क्या कहा लाभार्थियों ने

पूजा पटेल,निवासी बेलहरी, उम्र 23 ने बताया कि दो बच्चों के बीच अंतर रखने के लिए मुझे कोई युक्ति नहीं सूझ रही थी, सम्मेलन में शामिल होने के बाद गर्भ निरोधक अंतरा इंजेक्सन ,छाया गोली के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी मिली। मंजू देवी,निवासी धर्मपूरा, उम्र 25 साल ने बताया की इस सम्मेलन में आकर परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी मिली जो मेरे परिवार नियोजन मे लाभ देगा। इस सम्मेलन में एएनएम आभा मिश्रा, बबली, आशा संगिनी नीलम ओझा,आशा मीरा सिंह, पूनम सिंह, पुष्पा ओझा, रीता आदि उपस्थित रहीं।

## रूद्राक्ष कन्वेंशन सेन्टर वाराणसी में 04 मार्च को होगा दिव्यांगों का सांस्कृतिक कार्यक्रम

**समाज जागरण**

बलिया। जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजीव कुमार यादव ने बताया है कि सामाजिक न्याय और आधिकारीता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, दिव्यांगजनों के सर्वगीण पुनर्वास, सशक्तीकरण तथा उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सतत प्रयासरत है।

विभाग दिव्यांगजनों के अन्दर छिपी दिव्य प्रतिभा और कौशल को समाज के समक्ष उजागर करते हुए प्रोत्साहित कर रहा है। दिव्यांगजनों हेतु एक सांस्कृतिक कार्यक्रम "दिव्यांग कला शक्ति कार्यक्रम, वाराणसी-2022" का आयोजन 04 मार्च को कार्यक्रम स्थल रूद्राक्ष कन्वेंशन सेन्टर, वाराणसी में किया जा रहा है।

## मंत्री के प्रयास से प्रोफेसर्स को मिला वेतन

### *जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के सहायक आचार्यों का लटका था मामला*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में नवनियुक्त सहायक आचार्यों के जांच के नाम पर लंबे समय से रूके वेतन के भुगतान का आदेश जारी हो गया है। नगर विधायक व प्रदेश सरकार के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास से शासन ने सभी सहायक आचार्यों के वेतन के भुगतान का आदेश जारी कर दिया है।

इसे लेकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय ने पत्र के माध्यम से मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। बता दें कि जननायक चंद्रशेखर विवि में पिछले वर्ष हुई सहायक आचार्यों की नियुक्ति में अनियमितता बरते जाने की शिकायत की गई थी। मामले में शासन से निदेशक उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई थी। इसमें गृह अनुभाग से एस-Iआइटी जांच का भी आदेश हुआ था, जिसे निरस्त कर दिया गया है। पूरे प्रकरण में जांच समिति ने पाया है कि शिकायतकताओं की शिकायत निराधार है। ऐसे में विशेष सचिव उप्र शासन ने तत्काल सभी सहायक आचार्यों के लंबित वेतन व अन्य देयकों के भुगतान का आदेश जारी कर दिया है। आदेश का तत्काल अनुपालन करते हुए कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय ने सभी के वेतन जारी कर दिया है। साथ ही कुलपति ने मंत्री दयाशंकर सिंह को पत्र जारी कर कहा है कि आपके सहयोग के कारण ही वेतन भुगतान का कार्य संभव हो सका है। ऐसे में वेतन भुगतान हो जाने से सभी सहायक आचार्यों में खुशी की लहर है।

## बगैर लाइसेंस धारक के चल रही दो दवा की दुकानों को कराया बन्द

### डीआई श्रीधेश्वर शुक्ल ने लिया एक दर्जन दवाओं के नमूने

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : डीएनटी कटरा विशुनीपुर में संचालित दवा की दुकानों का मंगलवार को औषधि निरीक्षक श्रीधेश्वर शुक्ल ने कागजातों, दवाओं की खरीद बिक्री की रसीद, दुकानों पर लाइसेंस के प्रदर्शन आदि की जांच व निरीक्षण किया।



इस दौरान बगैर लाइसेंस धारक के चल रही दो दुकानों को तत्काल बन्द करवा दिया गया। औषधि निरीक्षक श्री शुक्ल डीएनटी कटरा विशुनीपुर में दवा के दुकानों के निरीक्षण में दो थोक दवा की दुकानें ऐसी मिली जिसके दुकान का लाइसेंस किसी और के नाम पर है और संचालित कोई और कर रहा था। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों दुकानों को तत्काल बन्द करा दिया। इसके बाद राहुल फार्म, सोनू मेडिकल एजेंसी, जीवा फार्म एवं मुस्कान मेडिकल एजेन्सी से विभिन्न दवाओं के 12 नमूनें लिये गये। निरीक्षण और कार्यवाही की जानकारी होते ही अन्य दवा की दुकानें बन्द हो गयी। निरीक्षण के समय वरिष्ठ लिपिक रविशंकर पाण्डेय एवं खाद्य सहायक दयाशंकर थे।

## जेएनसीयू के समाज कार्य विभाग द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**शशिकांत ओझा, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो0 कल्पलता पांडेय के निदेर्शानुसार तथा समाज कार्य विभागअध्यक्ष डॉ पुष्पा मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत जीराबस्ती की महिलाओं हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तहत समाज कार्य विभाग द्वारा बिंदी , कृत्रिम आभूषण एंव मउर - सिंधोरा निर्माण एवं विपणन संबंधी दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मऊर एवं सिंधोरा प्रशिक्षण देकर समापन किया गया।



कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ संजीव कुमार सहायक आचार्य समाज कार्य भाग ने कहा कि स्वरोजगार महिलाओं को सामाजिक स्तर मजबूत बनता है जिससे समाज मे महिलाओ के साथ होने वाली हिंसा को रोका जा सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण देना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु जागरूक करना है जिसमे गांव की 25 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में समाजकर्य विभाग के डा0 संजीव कुमार , सहायक आचार्य डा0 , डा0 अभिषेक मिश्रा, सहायक आचार्य हिंदी विभाग शामिल रहे साथ ही आज के कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक श्री विनोद कुमार यादव ने महिलाओ को मऊर व सिंधोरा निर्माण का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग की छात्रा तेजस्वी सिह, गौरव राय, सोनी यादव , प्रदीप गुप्ता , हरीश यादव, प्रशांत कुमार , शिप्रा एवं विशाल आदि उपस्थित रहे ।

**- लाउडस्पीकरो द्वारा मानकों का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर करवाई के दिए निर्देश**

## पुराने गैंगस्टर अपराधियों की संपत्तियों का पहचान कर हो कुर्क की कार्रवाई - डीएम

### *जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन शाखा की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न*

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन शाखा की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान अवैध शराब, मादक पदार्थों के उत्पादन एवं तस्करी से संबंधित गतिविधियों पर हुई कार्यवाहीयों की समीक्षा के दौरान थाना चिरैयाकोट के अंतर्गत साढ़े आठ किलोग्राम गांजा बरामदगी पर जिलाधिकारी ने संबंधित मामले के पूरे स्रोत की जांच करने के साथ ही संबंधित अपराधी के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछले 3 वर्षों में गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई कार्यवाही में संबंधित अपराधियों की संपत्तियों की पहचान कर कुर्क की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गुंडा एक्ट के तहत की गई कार्यवाहीयों की समीक्षा के दौरान जिला बदर किए गए अपराधियों को समय से नोटिस तामिला कराने के साथ ही जिला बदर अपराधियों को पुलिस द्वारा स्वयं जनपद की सीमा से भेजने के निर्देश दिए, जिससे अपराधियों को लेकर समाज में एक संदेश जाए। सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों पर



मानकों का उल्लंघन करने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों के विरुद्ध अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को इस पर विशेष नजर रखने के साथ ही मानकों का उल्लंघन करने वाले लोगों के लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने को कहा। अन्यथा की स्थिति में संबंधित उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। गौ तस्करी मामलों में पुलिस द्वारा ठीक ढंग से रिपोर्ट ना लगाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने ऐसे मामलों में सतर्कता बरतते हुए ठीक ढंग से रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने धारा 67 के तहत पारित बेदखली के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारियों को दिए। आईपीसी की धारा 107 एवं 116 के तहत की गई कार्यवाही की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित लोगों द्वारा दोबारा ऐसा करने पर उनके द्वारा दी गई जमानत राशि की रिकवरी करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी त्योहारों को देखते हुए ऐसे लोगों का चिन्हीकरण कर बड़ी मात्रा में कार्यवाही करने को कहा। आईपीसी की धारा 133 एवं 145 के अंतर्गत वादों के निस्तारण में सभी तहसीलों की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने इसमें तेजी लाने के निर्देश समस्त उप जिलाधिकारियों को दिए। कानून व्यवस्था की बैठक के दौरान ही आगामी त्यौहारों,महाशिवरात्रि एवं होली के दृष्टिगत उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने से संबंधित सभी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए समय से सारी तैयारियां पूर्ण करने को कहा। साथ ही उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्रों में भ्रमण करने के भी निर्देश जिला अधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को गोंड जाति के प्रमाणपत्रों हेतु प्राप्त आवेदनों का गुण दोष के आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी करने के भी निर्देश दिए। कार्यवाहियों की समीक्षा के दौरान वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी ने बताया कि गत माह लोअर कोर्ट में 7 मामले निर्णित हुए जिनमें 5 में सजा एवं दो में रिहाई, सेशन कोर्ट से आठ मामले निर्णित हुए जिनमें 2 में सजा एवं 6 में रिहाई हुई।इसके अलावा पॉक्सो एक्ट के तहत नौ मामलो में निर्णय आया जिनमें 3 में सजा एवं 6 में रिहाई का आदेश पारित हुआ। गैंगस्टर एक्ट के तहत गत माह कोई भी संतोषजनक कार्यवाही ना होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने अभियोजन पक्ष को सक्रियता दिखाते हुए अपराधियों को सजा दिलाने के निर्देश दिए। एससी/एसटी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई, महिला उत्पीड़न संबंधी अपराधों, वांछित अपराधियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही, विगत वर्ष में घटित प्रमुख अपराधों आदि की भी समीक्षा की।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी/थानाध्यक्ष सहित अभियोजन शाखा के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

## जूनियर तक के विद्यालय प्रातः 9 से 3 बजे तक होंगे संचालित

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि वर्तमान मौसम के दृष्टिगत जिलाधिकारी अरूण कुमार के आदेश के क्रम में जनपद में कक्षा 1 से 8 तक संचालित परिषदीय,सीबीएसई,आईसीएसई, मदरसा और अन्य बोर्ड के समस्त विद्यालय 14 फरवरी से 31 मार्च तक प्रातः 9 से शाम तीन बजे तक संचालित होगें। समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाध्यापक,संस्था प्रबंधक और अन्य बोर्ड के विद्यालय उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

**प्यार, लिव-इन, फिर धोखा... हत्या के दिन दूल्हा बना प्रेमी, झकझोर देगी दिल्ली की ये कहानी**

दिल्ली में एक बार फिर श्रद्धा हत्याकांड जैसी वारदात दोहराने की कोशिश की गई है. साहिल गहलोत नाम के शख्स ने अपनी लिव-इन पार्टनर निक्की यादव की पहले गला दबाकर हत्या कर दी. फिर उसके शव को ढाबे की फ्रिज में छिपा दिया.

## संचालन समिति द्वारा रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के तहत 4 मामलों की स्वीकृति

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वन स्टॉप सेंटर एवं बाल संरक्षण सेवाओं के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिला प्रोबेशन अधिकारी समर बहादुर सरोज ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अंतर्गत जिला संचालन समिति के समक्ष जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा कुल 21 मामले प्रस्तुत किए गए। जिला संचालन समिति द्वारा प्रस्तुत मामलों का गहन परीक्षण के उपरांत 4 मामलों में स्वीकृति प्रदान की गई। 9 मामलों में एफएसएल रिपोर्ट अभी तक नहीं लगने पर उन्हें पेंडिंग रखा गया। शेष 8 मामलों कोअस्वीकृत कर दिया गया। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 के अंतर्गत जनपद में अब तक कुल 206 आवेदन प्राप्त हुए,जिनमें से 166



आवेदन पात्र थे। उपलब्ध बजट के अनुसार पात्र आवेदनों के सापेक्ष 120 लोगों के खातों में पैसा भेजा जा चुका है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत कुल 290 पात्र आवेदन पत्रों के सापेक्ष उपलब्ध बजट के अनुसार कुल 147 बच्चों को धनराशि उनके खातों में प्रेषित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत बजट उपलब्ध होने पर यथाशीघ्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान कराने के निर्देश जिला प्रोबेशन अधिकारी को दिए। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में वित्तीय वर्ष 2022- 23 हेतु निदेशालय को कुल 5037 आवेदन पत्र अग्रसारित किए गए थे। इस वर्ष अब तक 3494 लाभार्थियों के खाते में धनराशि प्रेषित की जा चुकी है। इस वित्तीय वर्ष में अभी 307 आवेदन पत्र विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं। वन स्टॉप सेंटर की चर्चा के दौरान सेंटर मैनेजर ने बताया कि योजना के प्रारंभ से अब तक कुल 306 प्रकरण आए हैं, जिनमें से 302 प्रकरण निस्तारित किए जा चुके हैं। शेष चार प्रकरणों में कार्यवाही की जा रही है। जनवरी में कुल 21 नवीन प्रकरण संज्ञान में आए जिनमें से 19 का निस्तारण वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से कराया गया। वन स्टॉप सेंटर पर महिला पुलिस चौकी की स्थापना पर भी विचार किया गया। इसके अलावा 112 नंबर की सेवा को वन स्टॉप सेंटर से अटैच करने को भी कहा, जिससे पीड़िता को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर्व पर चाक चौबंद होगी व्यवस्था, मुस्तैद रहेगी पुलिस

**- शांति समिति की बैठक अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न**
**- त्यौहार से पूर्व सभी समस्याओं का समाधान कराने के दिए निर्देश**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। शांति समिति के सदस्यों ने त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में अपने विचार रखे। शांति समिति के सदस्यों द्वारा बिजली के जर्जर तारों को बदलने, जुलूस के मार्गां की साफ सफाई, मंदिरों में पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था, जुलूस वालें रास्तों से मांस, मछली की दूकानों को हटाने एवं जुलूस वाले रास्तों को अतिक्रमण तथा गड्ढों से मुक्त कराने की मांग की गई। शांति समिति के सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्यायो का आगामी त्योहार के पूर्व ही समाधान कराने का आश्वासन दिया। उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी त्यौहार के पूर्व ही जुलूस वालें रास्तों का रूट मार्च करें एवं जो भी समस्याएं है उसका दो दिन में समाधान करें। अभियन्ता विद्युत को जुलूस वालें रास्तो में बिजली के लटके तारों को ठीक कराने एवं जुलूस के रास्तो की साफ-सफाई



कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिये। उन्होने कहा कि जुलूस में डीजे वाले धार्मिक आयोजन के अनुसार की गाने बजाये किसी भी प्रकार के अभद्र गाने न बजवायें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित डीजे वालो के खिलाफ कार्यवाई की जायेगी। शांति समिति के सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं को सभी संबंधित अधिकारियों को त्योहारों से पूर्व ही ठीक कराने के निर्देश दिए, साथ ही समस्याओं के समाधान में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होंने परंपरागत रूप से ही त्योहारों को मनाने को कहा।

अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने शांति समिति की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। कहा कि सभी मंदिरो में पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। महाशिवरात्रि के जुलूस को परम्परागत रूट से ले जाने एवं जुलूस को समय से प्रस्थान कराने तथा उसका समापन कराने को कहा। उन्होने जुलूस को चार भागो में बाटकर प्रत्येक भाग का प्रभारी बनाने एवं उनकी सूची उपलब्ध करानें को भी कहा। जिससे जुलूस का शांतिपूर्वक समापन कराया जा सके। अपर पुलिस अधीक्षक ने डीजी एवं जुलूस की उॅचाई को निर्धारित मानक के अनुरूप रखने के निर्देश दिये, जिससे किसी भी प्रकार की घटना घटित न हो तथा जुलूस वालें रास्तों से मांस, मछली की दूकानों को हटवाने के भी निर्देश सम्बन्धित थानाध्यक्ष को दिये। उन्होंने कहा कि त्यौहार खुशियां लेकर आता हैं इन्हें हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाए। आगामी चुनाव का प्रभाव इन त्योहारों पर नहीं पड़ना चाहिए। किसी भी अप्रिय घटना से बचें, अगर कहीं भी कोई संदिग्ध स्थिति की संभावना बनती हो, तो तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करें।

## त्रिशूलधारी बाबा भोले नाथ का एक दिव्य स्वरूप हैं श्री गोरिल बाबा

**बावन गांव दोनवार वंशीय भूंमिहार एवं उनके रिश्तेदार सगे सम्बन्धी श्री गोरिल बाबा को अपना ईष्टदेव मानते है**

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद ब्लाक के राजापुर ग्राम के रायपुर मौजे में बिराजमान है त्रिशूलधारी बाबा भोले नाथ के एक दिव्य स्वरूप श्री गोरिल बाबा। परम्परानुसार श्रावण शुक्ल सप्तमी या उसके बाद पडने वाले मंगलवार को श्री गोरिल बाबा के धाम पर मेले का आयोजन होता है। इस मेले में आस्था एवम विश्वास के परिणाम स्वरूप हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु जन का आवागमन होता है। भगवान भोले नाथ के त्रिशूल सदृश श्री गोरिल बाबा लोगों की हर मनोकामना पूर्ण करते है। मेले में बिराट दंगल का भी आयोजन किया जाता है जिसमें गाजीपुर बलिया वाराणसी मऊ आदि जिलों के नामी गिनामी पहलवान आकर मल्ल युद्ध का कुश्ती कला का प्रदर्शन करते है। श्री गोरिल बाबा के राजापुर में प्रकट होने के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार अठारहवी शताब्दी में राजापुर के लोगों के पूर्वज श्री कान्त राय जी आजमगढ़ जनपद के रैनी अमारी ग्राम से चलकर उक्त स्थान पर पहूंचे जहां पर आज के समय में भगवान शिव के अवतार श्री गोरिल बाबा का धाम स्थित है। उन्होंने वहां पर जो देखा वह आश्चर्यजनक था उस घटना को देखते ही उनके रोंगटे खडे हो गये। उन्होने देखा की बिना हलवाहे के हल अपने आप खेत में चल रहा था। तभी त्रिशुलधारी बाबा हाथी पर चढ कर सामने प्रगट हुवे और उनकी शंका मिटाई। आपने कहा की डरो मत बेटा मै गोरिल डीह हूं। बेटा अपनी व्यथा सुनाओ। तब श्रीकांत राय ने कहा की मै शरणागत हूं मुझे आपकी छत्रछाया चाहिए।श्री गोरिल बाबा ने कहा की बेटा तुम सपरिवार यहीं पर आकर बस जाओ मै सदैव तुम सबकी रक्षा करूंगा। उस समय इस इलाके में चेर एवम खरवार जाति का आतंक था। गोरिल बाबा की कृपा से उनकी झोपडियों पर ईंट एवम पत्थर की बर्षा होने



लगी। बाबा की कृपा से तीन दिन के अन्दर ही उनका सर्वनाश हो गया। जो बचे वह भाग कर अन्यत्र चले गये। आज भी राजापुर उसी इंट पत्थर की वर्षा से बने उंचे टीले पर ही आबाद है। उसी समय श्रीकांत



राय ने सपरिवार बस कर राजापुर को आबाद किया। एक समय कुछ चोर बाबा गोरिल नाथ जी की मुर्ति उखाड़ कर ले जाने का प्रयास किये तो पास में स्थित एक कुंआ मे गिर गये उनके आंखो की रोशनी गायब हो गयी। जब बाबा की प्रार्थना किये तो उनकी आंखो की रोशनी वापस आई और जीवन दान मिला। बुजुर्गों के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार अंग्रेजो के द्वारा यहां पर हवाई अड्डा बनाने के लिए भूमि की पैमाईश की गयी। भूमि पूजन कराये बिना मजदूरों द्वारा जब फावडे से खुदाई शुरू की गयी तो मजदूर एक एक करके अचेत होकर के गिरने लगे और उन सभी की आंखो की रोशनी भी गायब हो गयी। वे सभी मजदूर असहाय होकर रोने चिल्लाने लगे। चारै तरफ हाहाकार मच गया। इसकी सूचना इंजिनियर एवम अधिकारियों को मिली। वह लोग भी भागे भागे मौके पर आये। उनके आने के बाद अदृश्य शक्ति श्री गोरिल बाबा ने कहा की यह कृषि योग्य भूंमि है मैने एक परिवार को यहां पर बसाया है उनकी रक्षा होनी चाहिए। उनके मना करने पर हवाई अड्डा का निर्माण कार्य बन्द करने के आश्वासन पर सभी मजदूरों की स्थिति में सुधार हो गया। निर्माण कार्य बन्द कर दिया गया। वही हवाई अड्डा बाद में शहबाज कुली में बनाया गया था। बाद में श्रीकांत राय का घोडा जिस क्षेत्र तक दौडा वह क्षेत्र राजापुर ग्राम की सीमा में आ गया। अठारहवीं शताब्दी से लेकर आज तक बावनो गांव दोनवार वंशीय भूंमिहार एवं उनके रिश्तेदार सगे सम्बन्धी श्री गोरिल बाबा को अपना इष्टदेव मानते है। प्रत्येक मंगलवार को धाम पर श्रद्धालुओं की भींड उमडती है। बाबा सबकी मनोकामना पूर्ण करते है।आज के समय में बाबा के धाम पर बहुत सारा बिकास कार्य कराया गया है।इस समय श्री गोरिल बाबा के धाम का सुंदरीकरण कार्य किया गया है।श्री गोरिल बाबा के स्थान पर खुबसूरत गुंबज का निर्माण कर धाम को भव्यता प्रदान की गयी है। पुजारी अजय पाण्डेय नियमित श्री गोरिल बाबा धाम में पूजन आरती भोग संपन्न कराते हैं।

## ईश्वर मनुष्य पर कृपा करने के लिए अलग अलग रूपों में प्रगट होते है-साध्वी विजयलक्ष्मी शास्त्री

### *वे कभी राम कभी श्याम तो कभी शिव के रूप में अवतरित होते है*

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के सुरतापुर गाव में हो रहे रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को प्रसिद्ध रामकथा वाचक साध्वी विजयलक्ष्मी शास्त्री ने भगवान शिव की लीलाओं की चर्चा की। कहा कि ईश्वर मनुष्य पर कृपा करने के लिए अलग अलग रूपों में प्रगट होते है। वे कभी राम कभी श्याम तो कभी शिव के रूप में अवतरित होते है। रामायण में शिव और राम का सम्बंध बहुत सुंदर है। शिव कहते है की



राम नाम जपकर ही मैं महाकाल बना हूँ। वही राम कहते है कि शिव कृपा से मैने रावण को जीता है।श्री राम कहते है कि जिस पर शंकर कृपा नही करते वो मेरी भक्ति प्राप्त नही कर सकता।साध्वी जी ने अपनी कथा में भगवान शिव पार्वती विवाह का मार्मिक वर्णन किया। इस मौके पर

यज्ञाधीश सदानंद महाराज, बजरंग दास महाराज , प्रधान प्रतिनिधि संतोष यादव, बाला गुप्ता, छट्ठू यादव, ओमप्रकाश तिवारी, छटू यादव , अशोक यादव, रामगोविंद तिवारी, बचाऊ तिवारी,भजन गायक विशाल पांडेय, श्रीभगवान यादव,सुनील यादव, घनश्याम शर्मा समेत ढेर सारे भक्त जन उपस्थित थे।

## जब जब धरती पर अनाचार, अधर्म बढ़ता है तब प्रभु खुद ही मनुज के रूप में अवतरित होते हैं- पवनदेव महाराज

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के भांवरकोल ब्लाक क्षेत्र के शेरपुर कला गांव के



व्यामशाला प्रांगण में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा सुनाते हुए कथा वाचक पवनदेव जी महाराज श्रीधाम वृंदावन ने कहा कि मथुरा के राजा उग्रसेन का लड़का कंस जब अपने ही पिता को राजगद्दी से हटाकर स्वयं मथुरा का राजा बन गया, देवताओं के ऊपर अत्याचार बढ़ गया, तब देवताओं और पृथ्वी के प्रार्थना पर स्वयं परमपिता परमात्मा शरीर धारण करके पृथ्वी के कष्टों को दूर करने के लिए अवतार लेते हैं - जब जब होई धरम के हानि, बाढ़ई असुर अधम अभिमानी` तब तब प्रभु धरी विविध शरीरा, हरहिं कृपानिधि सज्जन पीड़ा॥

**यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत`**
**अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥**

अर्थात भगवान स्वयं श्रीमद्भगवद्गीता में इस बात को कहते हैं, तो पृथ्वी पर अधर्म का साम्राज्य बढ़ गया, धर्म का ह्रास होने लगा ऐसे समय में देवकी माता एवं वसुदेव जी के गोद से स्वयं भगवान कृष्ण के रूप में अवतार लिए पहले तो देवकी के छह पुत्रों को कंस ने मार डाला सातवें पुत्र के रूप में बलदाऊ भैया संकल्प के माध्यम से माता रोहिणी के गर्भ में स्थापित हो गए तत्पश्चात देवताओं के प्रार्थना पर स्वयं भगवान हरि आठवीं संतान के रूप में मां देवकी के गर्भ में आए कंस के अति सुरक्षित कारागृह के बंधन को तोड़ते हुए भगवान अपने पिता वासुदेव जी के साथ रात्रि में ही गोकुल में नंद बाबा के पास पहुंच गए तथा वासुदेव जी लाला को रखकर लाली को लेकर पुनः कंस के कारागृह में आकर बंद हो गए और कंस ने जैसे ही उस कन्या को मारने का प्रयास किया तुरंत ही वो कन्या कंस के हाथ से छुटकार आकाश में जाकर कहने लगी कि तुझे मारने वाला तो जन्म ले चुका है और गोकुल में नंदबाबा ने कन्हैया के जन्मोत्सव को खूब धूमधाम से मनाया ।इस मौके पर यज्ञाधीश कन्हैया दास महाराज, संजय जी महाराज ,आचार्य रोहित संस्कृतियां, मुख्य यजमान ओम प्रकाश राय ,चौकी इंचार्ज मनोज मिश्रा, सीमा राय ,पवन यादव समेत ढेर सारे लोग मौजूद रहे

# लोकसभा चुनाव में 200 सीटें भी नही जीत पाएगी भाजपा- सांसद अफजाल अंसारी

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर-बसपा सांसद अफजाल अंसारी ने निकहत अंसारी की गिरफ्तारी पर सरकार को घेरा है।अब्बास अंसारी की पत्नी निकहत की गिरफ्तारी पर बोलते हुए सांसद अफजाल अंसारी ने कहाकि अब एक नया चैप्टर खोला गया है,जो मीडिया के लिए चटपटा है।लेकिन ये सभ्य समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण चैप्टर है।मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्हीने कहाकि राजनैतिक प्रतिस्पर्धा में हमसे परास्त होने वाली ताकतें आज सत्ता में हैं,और हमारे खिलाफ जो एक्शन है,वो बात समझ मे आती है।लेकिन परिवार के ऐसे सदस्य जिनसे कोई वास्ता नही उनको भी लपेटा जा रहा है।अफजाल ने निकहत मामले में दर्ज एफआईआर को हास्यास्पद और विरोधाभासी बताया। अफजाल ने कहाकि उनकी वाली करने वालों को पुरस्कार मिल रहाहै,जबकि उनके कुकर्मो को उजागर करने वालों को सजा मिल रही है।अफजाल ने कहाकि लोग पचा नही पा रहे है और देश की जनता अवाक है।उन्होंने कहाकि न्यायपालिका की बड़ी कुर्सी पर बैठने वाला राज्यसभा सदस्य और राज्यपाल बन रहा।अफजाल ने आरोप लगाया कि निकहत की गिरफ्तारी सौ प्रतिशत एक साजिश है।उन्होंने दावा किया कि जनता जनार्दन है,और जनता ही सबका फैसला करेगी।अफजाल ने कहाकि मेरे परिवार का इतिहास पूर्वांचल की जनता जानती है।उन्होंने कहाकि अब्बास का कसूर ये है कि वो 50 हजार वोट से चुनाव जीता है।उन्होंने कहाकि गाजीपुर और घोसी लोकसभा सीट को लेकर भारतीय जनता पार्टी भयभीत है।अफजाल ने कहाकि बिहार से नीतीश कुमार ने क्रांति का बिगुल फूंका है,जिसकी गूंज अन्य राज्यों में पहुंच रही है।उन्होंने दावा किया कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 200 सीटें भी नही जीत पाएगी।अफजाल अंसारी गैंगस्टर मामले में कोर्ट में पेश होने आए थे।बसपा सांसद अफजाल अंसारी की एमपी/एमएलए कोर्ट में पेशी हु-ई।कोर्ट ने 16 फरवरी को मामले में अगली तारीख तय की है।

# दोस्तों संग मिलकर पति ने किया था पहली पत्नी की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के लार्ड कार्नवालिस के पास करीब एक सप्ताह पूर्व हुई स्कूटी सवार महिला काजल पांडेय की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने मंगलवार को दो आरोपियो को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस कार्यालय में इस-का खुलासा करते हुए एसपी ओमवीर सिंह ने पत्रकारों को बताया कि 5 फरवरी को लार्ड कार्नवालिस पार्क के पास काजल पांडेय की हत्या करके उसकी लाश और स्कूटी को सड़क पर फेंक कर एक्सीडेंट का रुप दिया गया था । इसका खुलासा करने के लिए तीन टीम गठित कर दिया गया था। पुलिस हर बिंदूओ पर जांच कर रही थी। सर्विलांस के माध्यम से कोतवाली प्रभारी टीवी सिंह, स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय व सर्विलांस प्रभारी सुनील तिवारी ने सुबह महराजगंज रेलवे क्रासिंग तिराहा के पास से बाइक सवार दो आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गये आरोपियों के पास से पुलिस ने एक तमंचा व एक कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के पूछताछ में युवकों ने अपना नाम करंडा थाना के सलारपुर गांव निवासी प्रिंस सिंह उर्फ लड्डू तथा सलारपुर व वर्तमान निवास तुलसीपुर निवासी राकेश केसरी बताया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कड़ाई से पूछताछ करने पर ने पकड़े गये हत्यारोपियों ने बताया कि गांव के ही रहने वाले आशुतोष दूबे जिसकी प्रेमिका थी। उसे 05 फरवरी की शाम को सम्राट ढाबा के आगे बुलाया गया था। वह वहां अपनी स्कूटी से आयी तो उसे अपनी काले रंग की स्कार्पियों पर बैठा लिया और तीनों लोगों ने मिल कर उसका गला दबाकर हत्या कर दिये थे। इसके बाद दुर्घटना का रुप देने के लिए स्कूटी के साथ उसे सड़क पर फेक दिया गया था। एसपी ने बताया कि आशुतोष दुबे ने उस युवती के साथ तीन चार साल पहले शादी कर लिया था। इसके बाद परिवार के दबाव में उसने दुसरी शादी कर ली। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पहली पत्नी को हटाने के लिए उसके ऊपर दबाव पड़ने लगा। इसके बाद उसने उसे रास्ते से हटाने के लिए दोस्तों से संपर्क किया। फिर दोस्तों के साथ मिलकर युवती को रात में सम्राट ढाबा के पास बुलाया था। तीनों ने मिलकर युवती की गला दबाकर हत्या कर दिया। इसके बाद दुर्घटना का रुप देने के लिए शव को स्कूटी के साथ सड़क पर फेक दिया था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतका का 30 लाख का बीमा था जिस कारण हत्या को दुर्घटना दिखाने का प्रयास किया गया, ताकि बीमा की धन राशि भी मिल सके। पुलिस आशुतोष दुबे की तलाश कर रही है। गिरफ्तारी करने वाले टीम में उ.नि धीरेन्द्र सिंह, हे.कां आशुतोष सिंह, हे.कां विनय यादव,हेकां प्रेम शंकर सिंह, कां.जयन्त सिंह तथा कां.चन्दनमणि त्रिपाठी शामिल रहे।

# उद्देश्यपूर्ण अनुवाद मीडिया की जरूरत : प्रो. उषा रानी

अनुवाद की ताकत से मातृभाषा का मान बढ़ा : प्रो. निर्मला एस. मौर्य
मीडिया के क्षेत्र में अनुवाद की बढ़ती प्रासंगिकता विषय पर हुई संगोष्ठी

**दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण**

जौनपुर, सिद्दीकपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसका विषय मीडिया के क्षेत्र में अनुवाद की बढ़ती प्रासंगिकता था। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रो. उषा रानी राव ने कहा कि बोलियों का जब संस्कार होता है तब वह भाषा बनती है। वर्तमान में रोजगारमूलक विषय प्रमुख है। अनुवाद ने वैश्विक साहित्य के द्वार को खोला है। आज उद्देश्यपूर्ण अनुवाद की मीडिया को जरूरत है। जैसे वेशभूषा से संस्कृति की पहचान होती है, वैसे ही भाषा से देश की पहचान होती है। अनुवाद वर्तमान समय मे एक महत्वपूर्ण विधा के रूप में सामने आया है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. निर्मला मौर्य ने कहा कि अनुवाद में कोई न कोई ताकत तो है जो हमें मातृभाषा की ओर आकर्षित करती है। हिंदी बोलने से हमारा अपमान नहीं होता। इस संकोच को मन से निकालने की जरूरत है तभी हमारी भाषा का विकास होगा। उन्होंने अपनी पुस्तक गर्भ संस्कार भेंट करते हुए कहा कि इसे छात्राओं को जरूर पढ़ना चाहिए इसमें पूरे गर्भ संस्कार के बारे में महत्वपूर्ण चीज दी गई है। विशिष्ट वक्ता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के डॉ सत्य प्रकाश पाल ने कहा कि



आज विज्ञापनों के दौर में भी हिंदी का प्रयोग किया जाता है तो हिंदी भाषा को बोलने में कोई हिचक नहीं करना चाहिए। हिंदी विश्व स्तर पर एक पहचान बना रही है। अगर हम अपनी भाषा और संस्कृति से कटते है तो हम अपने मूल से भी अलग हो जाते है। हिंदी अब लोकल से ग्लोबल होने लगी है। ऐसे में अगर भाषा जीवित रहेगी तो हमारा समाज और हमारी संस्कृति भी जीवित रहेगी। हिन्दी को बढ़ाने में शिक्षण संस्थान से अधिक सिनेमा जगत का योगदान है।

विषय प्रवर्तन करते हुए डा. सुनील कुमार ने कहा कि सूचना सभी तक सही पहुँचे, इसलिए अनुवाद की आवश्यकता होती है। अतिथियों का परिचय डॉ नितेश जायसवाल ने दिया। संचालन डॉ अवध बिहारी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. देवराज सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ प्रमोद यादव, प्रमोद कुमार, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ श्याम कन्हैया, डॉ चन्दन सिंह, डॉ सुशील सिंह, रेखा पाल सहित तमाम लोगों की उपस्थिति रही।

# फिजूलखर्ची के बजाय शिक्षा पर खर्च करे : युवा यादव महासभा

**दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण**



जौनपुर। युवा यादव महासभा की नईगंज स्थित कार्यालय पर सामाजिक जागरूकता का कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित करने के लिए बैठक हुई। इस मौके पर राकेश यादव, डॉ. संजय यादव, अशोक यादव, रवि भूषण, रविंद्र यादव, शैलेश यादव, सुभाष यादव एवं प्रेमनाथ यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षा व सामाजिक समरसता पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी तेज बहादुर यादव ने कहा कि हमें दिखावे के बजाय ठोस क्रिया–कलापों को तरजीह देनी चाहिए। डॉ अरविंद यादव ने कहा कि महगी जीवनशैली के बजाय अपनी आवश्यकताओं व हैसियत के मद्देनजर समाज में स्वच्छ छवि पर ध्यान देना चाहिए। जिलाध्यक्ष कमलेश यादव ने कहा कि हर मनुष्य को कुछ ऐसे कार्य जीवन में अवश्य करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां आप पर गर्व करें और समाज को आप प्रेरणा दे सके। सामाजिक कार्यकर्ता अनिलदीप चौधरी ने कहा कि हमें किसी भी कार्य के प्रति दृढ़ निश्चय और स्पष्ट मानसिकता निर्धारित करते हुए उसके गुण दोषों का अध्ययन कर अपने कार्य को संपादित करना चाहिए। इसी क्रम में देशबंधु यादव ने आह्वान किया कि शिक्षा ही ऐसी चीज है जो आपको लंबे समय तक स्थायित्त्व तो दे सकती है। किसी भी हालत में समाज में नकारात्मकता का संदेश आप के माध्यम से न जाने पाये, इसके लिए आपको प्रयासरत रहना चाहिए। मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम भेंट करते हुए उमाराज जी एवं संरक्षक जगदीश यादव ने सबका आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर संजय यादव, डॉ. कृपानिधि यादव, रामचंद्र यादव, धर्मेंद्र, विशाल, डॉ. जीएस यादव, जयराम यादव, अमरनाथ यादव, वेद प्रकाश, महेश यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# 1600 मीटर के दौड़ में चन्दन यादव ने मारी बाजी

**दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण**



जौनपुर, बदलापुर। माधव राम नेशनल फाउंडेशन द्वारा आयोजित 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में जहां दूर–दराज से आये युवाओं ने भाग लिया, वहीं प्रतिस्पर्धा में चंदन यादव ने पहला स्थान ग्रहण कर जीत दर्ज किया। बताते चलें कि सुजानगंज के राष्ट्रीय इंटर कालेज के मैदान में माधव राम नेशनल फाउंडेशन द्वारा आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में कई जनपदों के युव-ाओं ने बढ़– चढ़कर हिस्सा लिया। चंदन यादव प्रथम, मनीष यादव द्वितीय व विशाल यादव को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज मिश्र ने प्रथम विजेता को रेंजर साइकिल, द्वितीय को सीलिंग फैन एवं तृतीय को मिक्सर देते हुये शेष को प्रोत्साहन राशि के साथ शील्ड व प्रशस्ति प्रदान किया। साथ ही कहा कि फाउंडेशन द्वारा कराए गए कार्य सराहनीय है। इससे यु-वाओं में एक नई सोच के साथ एक दिशा मिलेगी और देश के प्रति समर्पित होंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ विनोद यादव ने यु-वाओं को उत्साहित करते हुये अपने निश्चित लक्ष्य तक पहुचने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रबन्धक अनुराग द्विवेदी, अध्यक्ष अंकुर शुक्ल, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश, राम सिंह, गौरव दुबे, हेमंत यादव, सोनल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अन्त में संस्थाध्यक्ष ने समस्त लोगों के प्रति आभार ज्ञापित

# मायावती बालिका इंटर कॉलिज, ग्राम बादलपुर में किया गया विधिक साक्षरता शिविर आयोजन।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में तथा श्री अवनीश सक्सैना, माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में तथा श्री राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/सचिव (पूर्णकालिक) द्वारा विगत दिवस मायावती बालिका इंटर कॉलिज, ग्राम बादलपुर दादरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री राजीव कुमार वत्स द्वारा उपस्थितगण को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं जैसे निःशुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालत के माध्यम से अपने आपसी विवाद का सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित कराना, स्थाई लोक अदालत, पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2014 आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में शिक्षा के अधिकार, स्वास्थ्य, भ्रुण हत्या, बाल विवाह आदि पर प्र-काश डाला तथा उससे संबंधित विभिन्न अधिनियमों जैसे पी0सी0पी0एन0डी0 एक्ट, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनिमय 2005, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई।

कार्यक्रम में श्री राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ पीएलवीगण श्री राजवीर सिंह, मुलचन्द त्यागी, साकिर हुसैन, अवी झां व अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट, का 31 मार्च तक आवश्यक विवरण एकत्र किया जाय



मुख्यमंत्री जी के दिशा निर्देश पर प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा स्थित नवीन भवन के अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि दिव्यांगजन पेंशन को आधार से लिंक कराने का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है। उन्होंने दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग वितरण की जानका-री ली गई। वित्तीय वर्ष में 20 हजार दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग वितरित किया जा चुका है।

मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्र पिछड़ा वर्ग के छात्रों को देने का कार्य निर्धारित समय सारिणी में कर लिया जाय। उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि डॉ शकुन्तला पुर्नवास मिश्रा विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनो छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु खेल प्रतियोगिता आयोजन किया जाय। रजिस्ट्रार ने बताया कि मार्च के आ-खरी सप्ताह में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि खेल प्रतियोगिता का पूरा विवरण तैयार कर प्रस्तुत किया जाय।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट, उत्तर प्रदेश को राज्य विश्वविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठापित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने 31 मार्च 2023 तक विश्वविद्यालय का आवश्यक विवरण एकत्र किया जाय जिससे जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय को राज्य विश्वविद्यालय के रूप में करने की अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। मंत्रिपरिषद द्वारा जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट, उत्तर प्रदेश को राज्य विश्वविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठापित करने हेतु प्रथम चरण में समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0) के निष्पादन के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है। बैठक में अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण हेमंत राव, तथा निदेश-ाक पिछड़ा वर्ग कल्याण वंदना वर्मा, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण सत्य प्रकाश पटेल एवं आयुक्त दिव्यांगजन सहित संबंधित अधिका-रीगण उपस्थित थे ।

# 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं और युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करने का माध्यम बन रहा जीआईएस–2023

## सभी विभागों में होगा 'इन्वेस्टमेंट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट'' का गठनः मुख्यमंत्री

16 लाख करोड़ से अधिक के 13 हजार से अधिक ऐसे प्रस्ताव, जो तत्काल जमीन पर उतरने को तैयार

निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को मिलेगी जिम्मेदारी, तय होगी जवाबदेही

हर निवेश प्रस्तावों के लिए तय करें टाइमलाइन, विदेशी निवेशकों के लिए स्थापित करें कॉल सेंटरः मुख्यमंत्री

रिकॉर्ड निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद अब जमीनी क्रियान्वयन पर मुख्यमंत्री का जोर

जीआईएस में 10 कन्ट्री पार्टनर, 40 देशों के 1000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों, पार्टनर कंट्री के 04 मंत्रीगण, 17 केंद्रीय मंत्रीगणों, 05 राजदूतों/उच्चायुक्तों और 25000 से अधिक डेलीगेट्स सहित राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों ने किया सहभाग

मुख्यमंत्री का निर्देश, 'सिक यूनिट' की उपयोगिता के लिए शीघ्र तैयार करें नीति

मुख्यमंत्री का निर्देश, लंबित न हो जीआईएस में मिले निवेश प्रस्तावों से जुड़ी फाइल

●33 लाख 50 हजार करोड़ के औद्योगिक निवेश के प्रस्ताव प्राप्त करने के साथ देश-दुनिया में हो रही उत्तर प्रदेश की प्रशंसा के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने की तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ विशेष बैठक कर मुख्यमंत्री जी ने विभागवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा की और क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

*******

● माननीया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी की प्रेरणा एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का सफल आयोजन हुआ। इस आयोजन में 10 कन्ट्री पार्टनर, 40 देशों के 1000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों, पार्टनर कंट्री के 04 मंत्रीगण, 17 केंद्रीय मंत्रीगणों, 05 राजदूतों/उच्चायुक्तों और 25000 से अधिक डेलीगेट्स सहित राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया। यह आयोजन हमारी 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं, युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को $1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाला है।

● 16 देशों के 21 नगरों और देश के 10 शहरों में रोड शो सहित प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेशक सम्मेलन के उपरांत तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से ₹33.50 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव होना अभूतपूर्व है। असमान विकास और उपेक्षा का दंश झेलने वाले बुंदेलखंड और पूर्वांचल के लिए व्यापक निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, ईवी, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, सर्कुलर इकॉनमी, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित हर सेक्टर में उद्यमियों ने रुचि दर्शायी है।इससे प्रदेश के औद्योगिक विकास को नयी गति मिलेगी और सबका साथ-सबका विकास का मंत्र साकार होगा।

● आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विजन रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था के साथ ही विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हुआ है और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है। जीआईएस-2023 की आशातीत सफलता इसी का परिणाम है। अब उत्तर प्रदेश इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है और इस दिशा में तीव्र गति से अग्रसर होगा।

● जीआईएस के दौरान हमें 16 लाख करोड़ से अधिक राशि के 13 हजार से अधिक ऐसे प्रस्ताव मिले हैं, जिन्हें निवेशकर्ता द्वारा तत्काल जमीन पर उतारने की तैयारी कर ली गई है। ₹2.80 लाख करोड़ मूल्य के 29 एमओयू पब्लिक सेक्टर यूनिट (पीएसयू कंपनी) की ओर से मिले हैं। निवेशकर्ता इन प्रोजेक्ट पर तत्काल काम शुरू करने को तैयार हैं। सरकार के साथ मिलकर पीपीपी मोड पर विकास कार्यों के लिए 2.45 लाख करोड़ के 99 एमओयू हुए हैं। क्रियान्वयन सूची में इन्हें शीर्ष प्राथमिकता दी जाए।

● चरणबद्ध रूप से संचालित होने वाली परियोजनाओं में ₹3 लाख 90 हजार करोड़ निवेश मूल्य के 34 औद्योगिक प्रस्ताव अगले दो वर्ष के भीतर क्रियान्वित होने को तैयार हैं। इसी प्रकार बड़े औद्योगिक समूहों की ओर से ₹4.11 लाख करोड़ के 782 निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेश-ाकर्ता संस्था/फर्म/कंपनी की जरूरतों के अनुसार इनका समयबद्ध क्रियान्वयन शुरू कराया जाए।

● निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए यह अति आवश्यक है कि निवेशकर्ता से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखा जाए। उनकी जरूरतों, अपेक्षाओं का तत्काल समाधान हो। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित हो कि हर निवेशकर्ता को यथोचित रिस्पॉन्स मिले। कोई भी फाइल लंबित न रहे। निर्णय में कतई देरी न हो। हर एक एमओयू की नियमित अंतराल पर समीक्षा की जाए।

● सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव अपने विभागीय मंत्रीगण के नेतृत्व में अपने सम्बंधित विभागों को प्राप्त औद्योगिक निवेश प्रस्तावों की तत्काल समीक्षा करें। हमें अगले छह माह की अवधि में एक बड़ी संख्या में निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारते हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन करना है। औद्योगिक विकास विभाग, इन्वेस्ट यूपी से आवश्यकतानुसार सहयोग लें।

● निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन, सतत मॉनीटरिंग के लिए सभी विभागों में 'इन्वेस्टमेंट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट'' का गठन किया जाए। सचिव स्तर के अधिकारी को इसका मुखिया नामित किया जाना चाहिए। हर एमओयू के लिए नोडल अधिकारी नामित करें। यह यूनिट अपने विभाग से जुड़े हर निवेश प्रस्ताव के क्रियान्वयन और निवेशकों से संवाद-संपर्क के लिए जिम्मेदार होगी। इसके साथ ही, विशेष सचिव और इससे ऊपर स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को सेक्टरवार अथवा निवेश प्रस्ताव वार मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी दी जाए। कार्य की प्रगति संबंधित अधिकारी की दक्षता का प्रमाण बनेगी। हर एक प्रस्ताव की टाइमलाइन तय कर दी जाए।

● निवेशकों की सुगमता के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र योजना अंतर्गत 'उद्यमी मित्रों की तैनाती तत्काल कर दी जाए। 10 उद्यमी मित्र राष्ट्रीय स्तर पर तैनात करें, अथॉरिटी लेवल पर न्यूनतम 25 और हर जिले में न्यूनतम एक उद्यमी मित्र की तैनाती कर दी जाए।

● विदेशी निवेशकों की सुविधा को देखते हुए औद्योगिक विकास विभाग द्वारा एक कॉल सेंटर की स्थापना भी की जाए। यहां दक्ष प्रोफेशनल की तैनाती की जानी चाहिए।

● औद्योगिक विकास एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति सहित सभी सेक्टोरल नीतियों का लाभ निवेशकर्ता को बिना विलंब, न्यूनतम ह्यूमन इन्टरफेयरेन्स, के मिले, इसके लिए नीति के अनुरूप शासनादेश और नोटिफि-केशन जारी कर पोर्टल आदि में तकनीकी प्रबंध कर लिया जाए। ताकि निवेशक को कहीं कोई अस-ुविधा न हो और निवेश प्रस्ताव सरलता के साथ क्रियान्वित हो सकें।

# लितानी में युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन - सेलवाल

**हिसार/उकलाना(राजेश सलूजा) :**

गुरुग्राम हरियाणा के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मात्रशाम (हिसार) द्वारा जिला हिसार के विभिन्न विद्यालयों में युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता कार्यक्रम के अंतर्गत उकलाना खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लितानी में युवो ग्राम पंचायत प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्राम पंचायत की कार्य प्रणाली का संपूर्ण ज्ञान करवाना है ताकि वे पचायती व्ययस्था को मजबूत कर सके।

एक घंटे के इस कार्यक्रम में संपूर्ण पंचायत की कार्यवाही को दिखाया गया। प्रथम भाग में ग्राम सभा की बैठक में विभिन्न मुद्दों को उठाया गया। इस बैठक में स्वास्थ्य,गाँव में नशे की समस्या, भ्रूण हत्या की समस्या, बाल विवाह समस्या, ई-लाइब्रेरी खोलने की बात, पीने एवं सिंचाई के पानी की समस्या, मुख्य सड़क बनाने की समस्या, गांव में स्वच्छता एवं सफाई की समस्या, खुले में शौच की समस्या, बस अड्डे पर सार्वजनिक शौचालय की सफाई की समस्या, पानी निकासी का प्रबंध करने की समस्या आदि मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस युवा पंचायत में सरकारी अधिकारियों जैसे कृषि विकास अधिकारी, एसडीओ एवं एक्सन बिजली विभाग, प्रधानाचार्य सरकारी विद्यालय, थाना अध्यक्ष, आंगनबाड़ी विभाग आदि की भूमिका के द्वारा स-रकार द्वारा गांव में उपलब्ध करवाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाएं, ग्रांट की जानकारी दी गयी। डेरी, बागवानी, मछली पालन, पशुपालन एवं रोजगार से संबंधित सरकार द्वारा दिए जाने वाले अनुदान पर विस्तार से जानकारी दी। युवा ग्राम पंचायत में पिछले साल के खर्च का लेखा



परीक्षण प्रस्तुत करते हुए भावी विकास योजनाओं पर चर्चा करते हुए बजट पर भी विचार किया गया। भावी विकास योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर प्रमुख एवं आवश्यक कार्यों को कराने के लिए अति शीघ्र सूची में डाला गया। ग्राम सभा के सदस्यों ने ग्रामीण विकास में आ रही कुछ ग्रामीण समस्याओं की जानकारी दी, जिसमें लिंग अनुपात और नशे की ओर बढ़ते जा रहे युवाओं पर चिंता व्यक्त की ।

अंत में पंचायत ने सभी अजेंडों पर विचार करते हुए मुख्य कार्यों को करने के लिए स्वीकृति दी। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में सभी युवा ग्राम पंचायत के सदस्यों ने कपड़े का थैला प्रयोग न करने, दहेज न लेने न देने, प्रत्येक सामान की खरीद पर बिल लेने और भ्रूण हत्या का विरोध करने की शपथ ली।

**इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्री जगदीश कुमार द्वारा की गई।**

इस कार्यक्रम का अवलोकन डाइट जिला संसाधन इकाई के प्रभारी डॉ० अजय लोहान और कार्य अनुभव शाखा प्रभारी श्री बलबीर पुनिया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ० सुरेन्द्र सेलवाल और श्री सुरेश कुमार द्वारा किया गया । इस अवसर पर ग्राम पंचायत के कई पंचों ने युवा ग्राम सभा की कार्यवाही को गंभीरता से देखा। इस अवसर पर रे प्रधान श्री राजेश कुमार, पूर्व सरपंच सुरेश कुमार, व समस्त विद्यालय अध्यापक गण एवं गाँव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में सरपंच की भूमिका में स्वीटी सुपुत्री अनूप सिंह एवं प्राचार्या की भूमिका निभाने वाली सलोनी सुपुत्री राजबीर सिंह को प्रतियोगिता की दो श्रेष्ठ वक्ताओं के रूप में चयन किया गया।

जिला संसाधन इकाई प्रभारी डॉ० अजय लोहान



ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपको पंचायत की कार्य प्रणाली की जानकारी देना है ताकि आप ग्रामीण विकास में अपना योगदान दे सकें एवं पंचायत के कार्यों में पारदर्शिता ला सकें।

जिला संसाधन इकाई सदस्य डॉ बलबीर पुनिया ने बच्चों को सभी पंचों से भी इस बात का निवेदन किया कि बाकी ग्राम वासियों को भी इन बातों की जानकारी अवश्य दी जाए। एक बेहतरीन और सफल आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों और आयोजक प्राध्यापकों को इसके लिए बधाई दी।

## आरटीआई कार्यकर्ता ने सुरक्षा की दृष्टि से नाली के खुले ढक्कन पर लोहे का स्लैब रखे जाने की मांग प्रशासन से की है

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में बताया कि नजीबाबाद नगरपालिका के बाजार कल्लूगंज की मोरी के मुख्य चौराहे की सड़क जोकि बाजार कल्लू गंज, संतोमालन, मछली बाजार को जोड़ती है के बीच में एक नाली निकल रही है और इस नाली के खुले हुए हिस्से पर पूर्व में लोहे का एक स्लैब का टुकड़ा रखा हुआ था परंतु जंग लगने के कारण वह टूट फूट गया जिस कारण वर्तमान में काफी गहरा गड्ढा अलग से नजर आ रहा है इस कारण आमजन को तथा वाहन चालकों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा रिक्शा चालक और मोटरसाइकिल सवार इस कारण दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं जिस कारण आमजन का जीवन खतरे में है।



आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने जिलाधिकारी बिजनौर से इस संबंध में नगर पालिका परिषद नजीबाबाद को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने की मांग की है।

## तीन दिन पूर्व घर से निकले वृद्ध का सुराग नहीं परिजनों ने थाना में दी तहरीर

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़ के क्षेत्र नगर से सटे ग्राम मोहम्मद अली चौहड़ निवासी हमशेर खां उर्फ छोटे ठेकेदार 62 वर्ष बीते रविवार को प्रातः घर से गन्ना समिति बजाजवाला धामपुर रोड जाने को कहकर निकले लेकिन शाम तक घर वापसी न होने पर परिजनों को चिन्ता हुई उनकी तलाश करने पर नगर के कई स्थानों पर उनके घूमते रहने की खबर मिली परंतु वह नहीं मिल पाए परिजनों द्वारा तमाम रिश्तेदारों आदि में तलाश करने के बाद हमशेर खां नहीं मिल पाए तो परिजनों ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर सूचना दर्ज करा दी है गुम होते समय वह सफेद कुर्ता पाजामा तथा काली जैकेट पहने हुए थे परिजनों ने द्वारा हमशेर खां का पता बताने वाले या घर पहुंचाने वाले को उचित इनाम देने की घोषणा की है।



## कई दिनों से नगर में गूंगा बनकर घूम रहा है संदिग्ध युवक

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़ नगर में कई दिनों से एक युवक गूंगा बनकर घूम रहा है संदिग्ध युवक आधार कार्ड मांगने पर रफूचक्कर जानकारी अनुसार सोमवार को बस स्टैंड जसपुर तिराहे घूम रहा था कुछ नगर वासियों ने जब संदिग्ध युवक से पूछताछ करने की कोशिश की तो वह लगातार गूंगा बनकर इशारों में बात करता रहा आईडी मांगने पर वहां से रफूचक्कर हो गया नगर वासियों ने उस युवक को संदिग्ध मानते हुए उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया है जिसको लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चा है।



## आर0आर0पी0जी0 में योग के साथ हुई "योग का जीवन में महत्व" विषय पर चर्चा

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी में आर0आर0पी0जी0 कॉलेज अमेठी के शिक्षा विभाग द्वारा बी एड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं का सत्रीय कार्य के अंतर्गत पांच दिवसीय योग कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पी0 के0 श्रीवास्तव ने सभी विद्यार्थियों को योग से होने वाले फायदे को बताते हुए कहा की स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। योग प्रशिक्षक रमेश चंद्र पांडेय ने "योग का जीवन में महत्व" विषय पर विस्तार से चर्चा की तथा उसका जीवन में प्रायोगिक पहलुओं से अवगत कराया। योग कार्यक्रम में शामिल प्रशिक्षुओं ने बड़े ही उत्साह के साथ योग के सैद्धांतिक एवम् प्रायोगिक पक्षों को गंभीरता पूर्वक समझा और अपने अनुभव का साझा करते हुए सांभवी उपाध्याय,रंजना यादव, इला मिश्रा, राजवीर , रमेश, शुभम आदि ने कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही उपयोगी कार्यक्रम है। इसका लाभ लेकर हम अपने को स्वस्थ्य रख सकते है। बी एड विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.लाजो पांडेय सहित सभी विभागीय प्राध्यापक योग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त आग्रह यात्राआग्रह देश हित में "एक दिन ना बेचे मसाला गुटखा व सिगरेट

संवाददाता विवेक कुमार !

लाल गुलाब देकर नशा मुक्त सेनानियों ने किया गुटखा, पान, मसाला, तम्बाकू बेचने वाले व्यापारियों से सप्ताह में एक दिन नशे का सामान ना बेचने का आग्रह प्रवीण अवस्थी ने बताया कि14 फरवरी को जहां एक तरफ पाश्चात्य देशों सहित वैश्वीकरण के युग में हमारे देश में भी प्रेम दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं कुछ वर्षों पहले हुई भयावह आतंकवादी घटना और पुलवामा शहीदों की याद में हम श्रद्धांजलि दिवस के रूप में देश के अमर शहीदों की याद में काला दिवस मनाते हैं। शिक्षिका व समाजसेवी रीना त्रिपाठी ने कहा कि देश की रक्षा के लिए,एक तरफ लाखों सैनिक सीमाओं पर पहरा दे रहे हैं अक्सर हम किसी न किसी आतंकवादी घटना या दुर्घटना में अपने सैनिकों को खोने का दुखद समाचार सुनते हैं। एक तरफ देश का युवा अपने प्राण देश की रक्षा के लिए निछावर कर रहा है वहीं दूसरी तरफ देश के अंदर सर्वाधिक युवा वाला हमारा देश भारत अपने युवाओं को नशे की गिरफ्त में फंसकर अपने प्राण बिना किसी कारण खोते हुए देख रहा है।वाकई आज प्रेम दिवस मनाने वाले हम, समाज के उन सभी लोगों का यह कर्तव्य है कि बेवजह अपने युवा शक्ति को बर्बाद होने से बचाएं। देश से नशे का खात्मा हो सके और हमारा हिंदुस्तान नशा मुक्त बन सके,इस मुहिम को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं। अभिभावकों बच्चों को ज्यादा से ज्यादा समय दें ताकि वह किसी अवसाद से ग्रस्त होकर प्रेम के झूठे चुनावों में फंस कर यह जीवन में असफल होने पर किसी गलत रास्ते का चुनाव ना करें और नशे से दूर रह सकें। नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल के.. महिला विंग टीम ने पान की गुमटीओ तथा उन सभी दुकानों में जाकर गुलाब देकर यह आग्रह किया कि हफ्ते में एक दिन तंबाकू से संबंधित वस्तुओं गुटका, पान मसाला, सिगरेट बीड़ी ना बेचे । इस प्रकार की नशे की वस्तुएं बेचने वालों ने स्वीकार किया कि वह इन सब चीजों से दूर रहते हैं तथा नशा बेचने वाले खुद नहीं चाहते कि उनके बच्चे किसी प्रकार के नशे की गिरफ्त में आए। कार्यक्रम का आयोजन संसदीय कार्यालय अन्नपूर्णा कंपलेक्स सेक्टर एच लखनऊ में प्रवीण अवस्थी प्रवीण बाबा , रोशन मिश्रा, सिद्धार्थ पांडे ने किया। कार्यक्रम में रीना त्रिपाठी, गीता सिंह ,विनीता त्रिपाठी निशा सिंह ,रेनू त्रिपाठी ,रश्मि मिश्रा पूनम चौहान,सविता गोयल, अभिषेक पांडे ,अमृता वर्मा ,शिप्रा त्रिवेदी, निष्ठा सिंह ,सविता पांडे ,रिंकू प्रवीण कुमार मिश्रा ,गौरव दिवेदी सहित सैकड़ों जागरूक नागरिक उपस्थित हुए।

## लकड़ी कटान की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम के साथ ग्रामीणों ने की मारपीट

**दैनिक समाज जागरण,, बढ़ापुर संवाददाता**

बढ़ापुरः दबिश में गई वन विभाग की टीम द्वारा युवक को उठा लाने ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों को पकड़ कर जमकर धोया। सूचना पर बढ़ापुर सहित शेरकोट,अफजलगढ़ थाने की पुलिस ने मौके पर पहुचकर वन विभाग के कर्मचारियों को ग्रामीणों से छुड़ाकर अपने साथ थाना बढ़ापुर ले आये। जहाँ पर मंगलवार को दोनों पक्षों की औड्ट आपस मे समझौता हो गया है।

बताया जा रहा है कि साहुवाला वन रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र में पेड़ो के कटान की सूचना पर मोके पर ही लकड़ी चोरों को पकड़ने के लिये वन विभाग की टीम गांव भोगपुर निवासी मोजराम के घर पर उसका नवासा अंकित पुत्र सतनाम आया हुआ था साथ ही वह गांव चम्पतपुर चकला में स्थित कृषि भूमि पर रखवाली के लिए गया हुआ था। जहाँ पर वन विभाग की टीम ने खेत ओर से अंकित को उठाया और जंगल में ले गए जहां पर कुल्हाड़ी अंकित को देकर उसको पेड़ काटने के लिये कहा और पेड़ काटते समय उसकी वीडियो बनाकर उसको चौकी ले जाकर उसके साथ मारपीट की जिसके बाद वन विभाग के कर्मचारियों पर ग्राम प्रधान मंगत द्वारा वन विभाग के अधिकारियों को फोन करने पर युवक के चौकी से ले जाने की बात कही गई। जिस पर ग्रामीणों ने युवक को गांव वापस लाकर छोड़ने को कहने पर वन विभाग की टीम युवक को गांव छोड़ने गई तो वहां पर मौजूद आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को पकड़कर मौके पर ही जमकर धोया बताया जा रहा है कि वन विभाग की टीम द्वारा बमुश्किल अपनी जान बचाकर पुलिस व अपने उच्च अधिकारियों को सूचना दी जिस पर थाना बढ़ापुर, शेरकोट व अफजलगढ़ की पुलिस मौके पर पहुचीं ओर वन विभाग की टीम को अपने साथ ले आई जहां पर बढ़ापुर पुलिस के साथ आने के बाद मंगलवार को ग्रामीणों द्वारा वन विभाग की टीम के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर सेकड़ो ग्रामीण थाना बढ़ापुर पहुच गये। जहां पर पुलिस द्वारा वन विभाग की टीम को भी मौके पर बुलाकर दोनों का समझौता करा दिया गया। इस बाबत साहुवाला वन रेंजर इरफान अंसारी द्वारा बताया गया कि टीम के साथ मारपीट की बात गलत है साथ ही उनकी टीम ने जंगल से लकड़ी चोरी करते हुए ले जाते पकड़ा था। जिस कारण ग्रामीणों ने वन विभाग पर दबाव बनाया दबाव में नही आने पर ग्रामीणों यह मामला बनाया है।

## सांसद के निर्देश के बाद भी संड़िला संपर्क मार्ग की लोनिवि नहीं ले रहा सुध

भेटुआ अमेठी

जनपद में व्यवस्था किस कदर मनमर्जी पर उतारू है इसकी एक बानगी भेटुआ में देखने को मिल रही है

बता दें अमेठी सांसद और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने छह सितम्बर को जनपदीय लोक निर्माण विभाग को जनपद की क्षतिग्रस्त सड़कों का ब्यौरा देते हुए जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण का आदेश दिया था

सूची में भेटुआ के संड़िला संपर्क मार्ग का जिक्र करते हुए सांसद ने भारी वाहनों के आवागमन के चलते तीन किमी के इस संपर्क मार्ग को पूर्णतः जर्जर बताते हुए संपर्क मार्ग के पुननिर्माण की बात कही थी परन्तु लगभग पांच महीने बीत चुके हैं और लोक निर्माण विभाग इस संपर्क मार्ग को बनाना तो दूर झाकने तक नहीं आया

अमर बहादुर,सुरेन्द्र,रामकरन यादव,अजीत कुमार यादव जैसे क्षेत्र के दर्जनों निवासियों का कहना है कि योगी सरकार के प्रथम कार्यकाल से ही इस सड़क के बनने की बातें बनायीं जा रहीं हैं,एक बार तो विशिष्ट मरम्मत के लिए पेपर में टेंडर भी निकला लेकिन हजारों की तादाद में प्रतिदिन इस संपर्क मार्ग का उपयोग करने वाले राहगीरों को आज तक बेहतर आवागमन की सुविधा नहीं मिल सकी

लोग सांसद द्वारा निर्देशित किए जाने के बाद भी सड़क पर काम शुरू न होने से निराश नजर आ रहें हैं,उन्होंने सांसद स्मृति ईरानी से जनहित को नजरअंदाज कर रहे लोक निर्माण विभाग पर कार्यवाही की मांग की है

## बाल संरक्षण जन जागरण अभियान कार्यक्रम का समापन

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बहराइच में श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ और उद्यमिता विकास संस्था उत्तर प्रदेश सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अंतर्गत बाल संरक्षण जन जागरण अभियान कार्यक्रम का समापन जिलाधिकारी डा दिनेश चंद्र जी में अध्यक्षता किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने जिलाधिकारी महोदय और पुलिस अधीक्षक महोदय को फूल का बुके देकर किया । जनपद बहराइच के ब्लॉक चित्तौरा में दिनांक 20.12.2022 से 13.01.2023 तक 25 ग्राम पंचायत में बाल संरक्षण जन जागरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यशाला मे संस्कार संस्था कानपुर द्वारा जन जागरण कार्यक्रम से प्राप्त निष्कर्षों, लर्निंग और सफलता का रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने रिपोर्ट की पुष्टि करते हुए, कहा कि बाल संरक्षण में कार्य करते रहना है और उनकी शैक्षिक पुनर्वासन एवम आर्थिक पुनर्वासन करना हमारा दायित्व है। हम सब को लगातार जागरूकता अभियान एवम रेस्क्यू अभियान चलाते रहने है। हम सब मुख्य भूमिका जमीनी स्तर पर बच्चो की देखरेख करना एवम मदद



करना है। श्रम विभाग नया सवेरा योजना के तहत चलाई जा रही योजना से जरूरतमंद बच्बच्चों जोड़ा जाए एवम सहयोग किया जाय। पुलिस अधीक्षक ने बाल संरक्षण व बाल अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा उन्होंने कहा कि हमको बाल संरक्षण को सफल में सभी लोगो को कार्य करना है एवम अपने जिमेदारी का निर्वाहन करना है मिशन शक्ति के तहत अभियान जागरूकता का चलाया जा रहा एवम प्रचार प्रसार किया जा रहा है उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में 03 उच्च और प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, 4 प्रधान, 2 महिला बीट कास्टेबल, 4 पंचायत सहायक, 2 आंगनबाड़ी, 4 किशोरी सखी एक्शन ऐड, चंद्रेश यादव टीआरपी नया सवेरा, राकेश चौबे प्रथम संस्था, पत्रकार जकी सिद्धकी और ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के प्रबन्धक ओंकार नाथ चौधरी को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरा श्रम प्रवर्तन अधिकारी रिजवान खान, मंडलीय रिसोर्स पर्सन यूनिसेफ अनिल कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी,टीआरपी नया सवेरा चंद्रेश यादव, विशेष किशोर पुलिस इकाई एएचटीयू के सभी कर्मचारी उपस्थिति रहे ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटियों के लिए है वरदान-जिलाधिकारी

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, सोमवार को जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारियों के स्तर पर लंबित कुल 220 आवेदन पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देश दिये। इस दौरान 49 आवेदनों को जिला अनुश्रवण समिति द्वारा स्वीकृत किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटियों के लिए वरदान है। इस योजना के तहत अब बेटी के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई तक सरकार द्वारा छः चरणों में 15 हजार की धनराशि दी जायेगी। इस योजना का लाभ लेने के लिये आनलाइन व आफलाइन आवेदन करना होगा। उन्होने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना, समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा को प्रोत्साहित करना, बालिकाओं को स्वावलम्बी बनाने में सहायता करना, बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने के लिये प्रोत्साहित करने में यह योजना अत्यन्त कारगर साबित होगी।

उन्होने कहा कि इस योजना का लाभ लेने के लिये स्थायी निवास प्रमाण पत्र के साथ आधार के रूप में एक आई0डी0 देनी होगी। लाभार्थी की वार्षिक आय 03 लाख रुपये तक होनी चाहिये। दो बच्चों से अधिक होने पर इस योजना का लाभ नहीं होगा। खास बात यह है कि किसी महिला के दूसरे प्रसव से जुड़वा बच्चे होने पर तीसरी संतान के रुप में लड़की को लाभ मिल सकेगा। यही नहीं अगर पहले प्रसव से


बालिका है तो दूसरे प्रसव से दो जुड़वा बेटियों के जन्म पर तीनों को लाभ दिये जाने का प्रावधान किया गया है। पहले चरण में जन्म पर दो हजार रुपये, दूसरे चरण एक वर्ष तक पूर्ण टीकाकरण पर एक हजार, तीसरे चरण में कक्षा 01 में प्रवेश पर दो हजार रुपये, चौथे चरण में कक्षा 06 में बालिका के प्रवेश पर दो हजार रुपये, पॉचवें चरण में कक्षा 09 में प्रवेश के बाद तीन हजार रुपये, तथा छठे और अन्तिम चरणमें 12वीं उत्तीर्ण कर स्नातक व दो वर्षीय डिप्लोमा में प्रवेश पर 05 हजार की धनराशि मिलेगी। लाभार्थी को धनराशि उनके खातों में ऑनलाइन भेजी जायेगी। इसके लिये ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन आवेदन कर सकते है।

बैठक का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह ने किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) डी0पी0 सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एस0पी0 तिवारी, जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, समस्त खण्ड विकास अधिकारीगण, जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय, एन0आई0सी0 इंजीनियर दीप नारायण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मंडल कर्मचारी कर रहा ठेकेदारी अविनाश, अधीक्षण अभियंता की मिली भगत से चल रहा कार्य

बिरसिंहपुर पाली . मिली जानकारी कें अनुसार संजय गॉधी ताप विधुत गृह बिरसिंहपुर पाली में पदस्थ मण्डल कर्मचारी सिंह नामक कर्मचारी जो की म्ज्.प में पदस्थ कर्मचारी अपनी पत्नी के नाम सें ठेकेदारी वाहन लगाने का कार्य कर रहा है। वही दुसरी जगह पावर जनरेटिंग कंपनी आये दिन नये. नये नियम जैसे वाहन नीति 2017 लागू की है कोई भी मण्डल कर्मचारी या उसके संबधी रिस्तेदार पावर प्लांट के अन्तर्गत किसी भी पावर प्लांट मे अपना वाहन नही लगा सकते हें जिस नियम का पालन संजय गॉधी



थर्मल स्टेशन बिरसिंहपुर मे कोई असर दिखाई नही दे रहा हैं ऐसा ही एक वाहन कार होन्डई औरा अधीक्षण अभियंता पंकज जैन जो की म्ज्.प विभाग में है उन्ही के पास कार्यरत मण्डल कर्मचारी अपनी पत्नि के नाम से कार लगाकर मण्डल के नियमावली को तोडकर मण्डल को लाखो का चूना लगा रहा हैं वही अधीक्षण अभ्यिंता पंकज जैन को भी मण्डल के नियम कायदे को तोडकर कार वाहन का बिल पास कर दिया जाता हैं। क्याा इस भ्रष्टाचार को रोकने व इसकी जानकारी मण्डल के उच्चाधिकारी को भी नही हैं।

जब इस संम्बन्ध में अधीक्षण अभियंता पंकज जैन से पूछा गया तो उन्होने फोन उठाना उचित नही समझा।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में किसानों का लाखों का गन्ना जला

**दैनिक समाज जागरण, बढ़ापुर संवाददाता**

बढ़ापुरः अज्ञात कारणों से लगी आग के कारण किसानों का करीब 60 बीघा गन्ना जलकर स्वाहा हो गया। सूचना पर पहुचे ग्रामीणों ने फसलों के बीच मे खाई खोद कर अन्य फसलों में आग को फैलने से रोका। बीते तीन दिनों में तीन अलग अलग स्थानों पर किसानों का करीब 100 बीघा गन्ना जलकर राख हो चुका है। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के गांव शाहअलीपुर कोटरा उर्फ गांवड़ी के अंतर्गत आने वाले मौजा रामदास वाला में आरक्षित वन क्षेत्र के समीप कृषि भूमि में गन्ने की फसलों में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग जंगल मे लगने के बाद किसानों के खेतों में पहुचीं। किसानों के खेतों में आग लगने से करीब 60 बीघा गन्ना जलकर राख हो गया। गन्ने की फसल में आग लगने की सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके की औड्ट दौड़ पड़े तथा फसलों के बीच मे खाई खोदकर आग को आगे बढ़ने से रोका। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि आग लगने से किसान अब्दुल कादिर पुत्र रईस,अशरफी पत्नी रईस,असलम पुत्र अब्दुल सलाम,इजहार पुत्र जाहिद की कृषि भूमि में खड़ा करीब 60 बीघा गन्ना जलकर राख हुआ है। तैयार फसलों में आग लगने से किसानों के परिवार सदमे में हैं बताते चलें कि इससे पहले रविवार को थाना क्षेत्र के गांव मिठ्ठोपुर में तस्सवर का तथा सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव लुहारवाली में करीब आधा दर्जन किसानो के 35 बीघा गन्ने में आग लगने पूरी फसल जलकर राख हो गई थी। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई थी।

## भोलेनाथ के जयकारों से गूंजा पूरा शहर

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना ।भोलेनाथ के महान पर्व के शुभअवसर महाशिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालु तीर्थ स्थल हरिद्वार से कांवड़ व पवित्र गंगाजल लेकर आने जाने वाले शिव भक्त कांवरतियों का यहां से आवागमन शुरू हो गया है जिससे नगर व गांव का वातावरण शिवमय होने लगा है ।पुलिस प्रशासन भी महाशिवरात्रि के पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों में जुट गया है।

महाशिवरात्रि के पर्व पर तीर्थ स्थल हरिद्वार से कांवड़ व पवित्र गंगा जल लेकर आने वाले कांवरतियों का यहां से आवागमन शुरू हो गया है महाशिवरात्रि के अवसर पर हरिद्वार से कांवड़ व गंगाजल लेकर आने वाले लाखों की संख्या में कांवरती यहां से गुजरकर अपने गंतव्य की ओर जाते हैं हरिद्वार से कांवड़ व गंगा जल लाकर पीलीभीत ,बरेली , कासगंज ,टनकपुर ,रामपुर



,मुरादाबाद , काशीपुर , रूद्रपुर , ड़िलारी ,बिलारी की ओर जाने वाले कांवरतियों का यहां से आवागमन शुरू हो गया है हरिद्वार से गंगा जल व कांवड़ लाने वाले शिव भक्त कांवरती ब्राह्मणी वाला तालाब के मार्ग से होकर नगर के मुख्य मार्गो होते हुए कोटरा के रास्ते तिगरी मनका नैनसीवाला होते हुए रास्ते में कांवरतीयो के लिए जगह-जगह शिविर लगाए गए हैं भंडारे की व्यवस्था की गई जिससे कि किसी भी कांवरती को कोई परेशानी ना हो पुलिस प्रशासन भी अपनी ड्यूटी पर तैनात है कोटरा से लेकर तिगरी मनकावाला तक डीजे पर थिरकते हुए कावरती जयकारे करते होते हुए अपने गंतव्य की ओर बोल बम बोल बम भोले की जय जय कार कर प्रस्थान कर रहे हैं नगर व गांव की टूटी फूटी सड़कें भी कांवरतियों के उत्साह कम नही कर पा रही है।

## दुवरिया गांव के करुणेश्वर महादेव धाम पर चल रही श्री राम कथा महोत्सव का चतुर्थ दिवस

मुसाफिरखाना(अमेठी): दुवरिया गांव के करुणेश्वर महादेव धाम पर चल रही श्री राम कथा महोत्सव के चतुर्थ दिवस मंगलवार को कथा वाचक प्रमोद दास महाराज ने प्रभु श्रीराम विवाह का सचित्र वर्णन किया।इस दौरान छोटे छोटे बच्चों द्वारा तरह तरह की झांकिया भी प्रस्तुत की गई।कथावाचक प्रमोद दास महाराज ने कहा कि सीता जी मां गौरी पूजन के लिए फुलवारी से फूल तोड़ने के लिए जाती हैं। उसी फुलवारी में श्री राम का दर्शन होता है। जब सीताजी की नजर प्रभु राम पर पड़ती है तो वह मोहित हो जाती है। दूसरी तरफ श्रीराम को सीता के नूपुर की आवाज मोहित करती हैं। गौरी की पूजा करते समय सीता जी अपने वर के रूप में श्रीराम को मांगती हैं। इसके बाद राजा जनक गुरु विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण को धनुष यज्ञ शाला ले गए। यहां पर देश-विदेश के राजा सुंदर



सिंहासन पर विराजमान थे। राजाओं के धनुष न तोड़ पाने के कारण निराश राजाजनक को देखकर गुरु विश्वामित्र का इशारा पाकर श्रीराम धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाते हैं तो अन्य राजा आश्चर्यचकित हो जाते हैं। धनुष टूटने के बाद श्रीराम और सीता एक-दूसरे के गले में जयमाल डाल देते हैं।

इस प्रसंग पर भगवान राम के जय-जयकार से पांडाल गुंजायमान हो उठा।

इस मौके पर बृजराज सिंह , सूर्यनाथ सिंह ,जितेंद्र नाथ तिवारी, भगवान बक्स सिंह, नन्द कुमार सिंह, गिरीश तिवारी , विनय सिंह सनी सिंह राज सिंह अंकित सिंह गोलू सिंह मनीष मिश्रा अनुराग सिंह, विक्रम सिंह सहित आदि रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सौर ऊर्जा नीति के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### सोलर ऊर्जा की स्थापना हेतु ऑनलाइन आवेदन करें जनपदवासी-जिलाधिकारी

ओंकार नाथ चौधरी

प्रथम फेज में नगर पालिका भिनगा को सोलर ऊर्जा से आच्छादित कर बनाया जाए मॉडल नगर पालिका-जिलाधिकारी

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में सौर ऊर्जा नीति के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सोलर रूफटॉप योजना के अन्तर्गत घरेलू कनेक्शन के अनुसार सोलर प्लांट के पंजीकरण/स्थापना हेतु समिति के सदस्यों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने संयुक्त जिला चिकित्सालय सहित जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं आश्रम पद्धति विद्यालयों की छतों पर सोलर प्लांट की स्थापना हेतु वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यूपी नेडा को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा से समन्वय बनाकर प्रथम फेज में नगर पालिका भिनगा के क्षेत्र में पूर्ण रूप से सोलर प्लांट की स्थापना कराकर मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। उसके उपरान्त नगर पंचायत इकौना क्षेत्र में भी सोलर की स्थापना हेतु कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।



जिलाधिकारी ने बताया कि सोलर रूफ टॉप योजना के अन्तर्गत 01 से 03 किलो वाट तक रुपए 14 हजार 588 प्रति किलो वाट की दर से केन्द्रीय अनुदान दिया जायेगा तथा 15 हजार रुपए प्रति किलो वाट अधिकतम 30 हजार रुपए का अनुदान राज्य सरकार द्वारा देय है। 04 से 10 किलो वाट तक केन्द्र सरकार द्वारा 7294 रुपए प्रति किलो वाट का अनुदान देय है। 01 किलो वाट के प्लांट से 04 यूनिट प्रतिदिन अर्थात एक माह में 120 यूनिट विद्युत पैदा होती है। इस प्रकार 01 किलो वाट के प्लांट से प्रतिमाह 20 यूनिट विद्युत की बचत होगी। इस योजना का लाभ लेने हेतु जनपदवासी वेबसाइट **www.solarrooftop.gov.in** पर पंजीकरण कराकर लाभ ले सकते है।

बैठक का संचालन वरिष्ठ परियोजना अधिकारी यू0पी0 नेडा सुरेन्द्र कुमार ने किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत डी0पी0 सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिनगा डा0 अनीता शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन नूंह में रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा पुलवामा में शहीद हुए जवानों को दी श्रद्धांजलि

पटौदी/मेवात/सुरेश कोहलीः

बटालियन 194 रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आज नूंह (मेवात) की पुलिस लाइन में सभी आरएएफ कंपनी द्वारा इकट्ठे होकर जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा जिले में 14/2/2019 को हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर फोर्स द्वारा दो मिनट का मौन भी रखा गया। कमांडेंट राकेश कुमार सिंह ने कहा की हमें अपने देश व सेना के ऊपर अपार गर्व है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महेंद्र कुमार



यादव(सहायक कमांडेंट)सतीश कुमार(सहायक कमांडेंट) निरी. व जीडी ब्रह्म प्रकाश सहित कंपनी के अन्य सभी जवानों के साथ -साथ सिविल पुलिस के अधिकारीगण और जवान भी मौजूद रहे।

# माता बिलासा महोत्सव में मुख्य अतिथि रहे अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । मस्तूरी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम दोमुहानी वार्ड नंबर 43 बिलासपुर में दिन रविवार को निषाद समाज द्वारा बिलासा देवी केवट (निषाद )की जयंती धूमधाम से मनाया गया जिसमें , अतिथि के रुप में अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या, पार्षद लक्ष्मी यादव एवं विजू राव विशेष रूप से उपस्थित हुए , महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो एवं नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया , महोत्सव कार्यक्रम के लिए सभी निषाद समाज को शुभकामनाएं एवं बधाई , कार्यक्रम मे बच्चो ने डांस चित्रकला ,एवं गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई बिलासपुर निषाद समाज के अध्यक्ष हरप्रसाद



केवट मस्तूरी परिक्षेत्र के धनेश्वर केवट,निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष और निषाद मूलवासी आदिवासी संघ के अध्यक्ष राम सागर निषाद ,वार्ड नंबर 43 के पार्षद परदेसी राज और , ग्राम कर्रा बिलासा स्कूल के स्कूल के प्रिंसिपल बद्री धर निषाद, ग्राम कोनी के सरपंच-मनीराम केवट, छत्तीसगढ़ के निषाद समाज के मोर्चा प्रचारक अध्यक्ष ज्योति निषाद , ग्राम दोमुहानी के बिलासा नवयुवक समिति संतोष निषाद ,नसीब निषाद, कुंज राम निषाद, अनिल निषाद ,राज कुमार निषाद ,दिलेश्वर निषाद, राजेश निषाद ,रुपेश निषाद, मनोज निषाद धानी, दउआ, और सभी निषाद , समस्त मस्तूरी के पदाधिकारी परिवार ग्राम दोमुहानी के उपस्थित रहे।

# राजिव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने चलाया डिडेशवरी मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । मस्तूरी विधानसभा के ऐतिहासिक स्थल एवं धार्मिक नगरी नगर पंचायत मल्हार में राजीव युवा मितान क्लब संघ मस्तूरी विधानसभा के संयुक्त तत्वाधान में मां डिंडेश्वरी मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि के तैयारी के लिए वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक दिलीप लहरिया, जिला समन्वयक महेंद्र गंगोत्री, विधानसभा समन्वयक ब्रह्मदेव , जनपद पंचायत के सीईओ कुमार सिंह लहरें , जिला पंचायत सदस्य किरण यादव, नगर पंचायत के अध्यक्ष अनिल केवट, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष



सुनील पटेल, राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष पुष्पेंद्र राय , निलेश कैवर्त जी विनय दास मानिकपुरी सूरज कुर्रे सुदर्शन पोर्ते शरद चंद्र गणेश रजक बिंदेश्वरी यादव ममता केवट प्रीति पटेल रवि भूपेंद्र पटेल साबिर खान राजेंद्र लहरें भवानी टंडन परमेश्वर सेन ओम प्रकाश यादव यीशुराज लहरे प्रकाश पूरेना शिव भास्कर लोकेश सोनी अविनाश कैवर्त अश्वनी पटेल भुजबल यादव महेश्वर सोनी सोनसाय दिलीप पटेल सेल कुमार राजेश यादव भावेश कुर्रे मनोज कुर्रे सहित समस्त राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष गण सचिव कोषाध्यक्ष एवं सदस्य भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि महोत्सव श्रृंखला में ब्रह्माकुमारीज मस्तूरी में कार्यक्रम हुआ संपन्न

## ब्रह्माकुमारीज में महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव को करेंगे धारणाओं का उपहार समर्पित

मस्तूरी। महाशिवरात्रि के दिन विकारों रूपी विष को भगवान शिव पर चढ़ाएंः ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मस्तूरी द्वारा महाशिवरात्रि महोत्सव इस वर्ष 87वीं शिवजयन्ती के रूप में मनाया जा रहा है। भोलेनाथ शिव बाबा को धारणाओं का उपहार देने हेतु 29 जनवरी से 18 फरवरी तक ह्यमाय गिफ्ट टू गॉडह्ल थीम पर पूरे जोन में स्व-उन्नति के कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। राजयोग शिक्षिका ब्रम्हाकुमारी शशिप्रभा ने बताया कि इस अवसर पर मस्तूरी ग्राम वासियों को संबोधित करने हेतु

टिकरापारा सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी जी उपस्थित रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान शिव हम सभी के परमपिता हैं और हम उनके बच्चे हैं ,लेकिन उनका संपूर्ण वारिस होने के लायक बनने में हमारी ही कुछ कमियां बाधक हैं और वर्तमान संगमयुग पर भगवान भोलेनाथ हमसे वही विकारों रूपी विष ही तो मांगने आए हैं। इन्हीं विकारों रूपी विष के स्थान पर हमने भक्ति में विषैले पुष्प के रूप में अॅक व धतूरे के पुष्प भगवान पर अर्पित किए हैं । महाशिवरात्रि भगवान का अवतरण दिवस है। जैसे जन्मदिन पर उपहार दिया जाता है ऐसे ही बाबा भोलेनाथ को गिफ्ट देने के लिए 6 प्रकार के अभ्यास बनाए गए हैं।



दीदी ने बतलाया कि सबसे पहले है साक्षी भाव। यह संसार एक रंगमंच है और सभी उसमें अभिनय कर रहे हैं और सभी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। हर कोई निर्दोष है। दूसरा है निरहंकारी बनना। हमारे अंदर के गुण व विशेषताएं परमात्म देन हैं इसलिए हर कार्य निमित्त बनकर करें। तीसरा है हर एक को दुआएं देना। जैसे पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने हर स्थिति में हर एक को दुआ देकर आगे बढ़ाया ऐसे ही हम सभी को भी सभी के प्रति दिल से दुआ देना चाहिए।

चौथे अभ्यास के रूप में हर आत्मा के प्रति दैहिक भाव, दृष्टि न रखते हुए आत्मिक प्रेम का भाव व दृष्टि रखनी चाहिए। पांचवे अभ्यास के रूप में एक ईश्वर पर भरोसा और एक बल रखना है किसी से भी अपेक्षा नहीं रखनी है और छठवां अभ्यास कि बीती बातों को चिन्तन में नहीं लाना है पूर्ण विराम लगा देना उपस्थित परमात्मा स्नेही समस्त साधकों ने संकल्पों को चरितार्थ करने का दृढ़ निश्चय एवं संकल्प लिया तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी, ब्रम्हाकुमारी ज्ञाना बहन ब्रम्हाकुमारी शशिप्रभा सभी ने शिव ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन किया' अंत में सभी को ईश्वरीय प्रसाद बांटा गया


# बेलतरा में सड़कों के नवीनीकरण के लिए तीन करोड़ सात लाख स्वीकृत

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग के द्वारा बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पौंसरा से चांटीडीह मार्ग,मोपका से तोरवा मार्ग,अकलतरी से लखराम मार्ग में सड़क नवीनीकरण के लिए तीन करोड़ सात लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इन मुख्य सड़कों के नवीकरण की मांग विगत कई वर्ष से लंबित थी और अब राशि स्वीकृत हो जाने के बाद जल्द ही नवीनीकरण कार्य प्रारंभ होगा और वहां की स्थानीय जनों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और जर्जर सड़क से लोगों को छुटकारा मिल सकेगा।

इस विषय पर जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने कहा की पिछले कई वर्षों से ये सड़के जर्जर थी,बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के इन मुख्य मार्गों के सड़क के जर्जर





होने के बाद ग्रामवासियों को काफी लंबा इंतजार करना पड़ा है और आज जब यह सड़कें नवीनीकरण के लिए स्वीकृत हो गई है तो मैं सर्वप्रथम माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी,टी एस सिंहदेव जी व ताम्रध्वज साहू जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

उन्होंने जन भावनाओं और स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में हो रही समस्या को देखते इन सड़क मार्गों के नवीनीकरण की स्वीकृति प्रदान की है और अब जल्द ही इन सड़कों के नवीनीकरण का कार्य शुरू हो जाएगा और आम जनता को राहत मिल सकेगी और मेरा भी हमेशा यही प्रयास रहता है कि जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में पानी,सड़क बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामवासियों को समस्याओं का सामना ना करना पड़े पर दुर्भाग्य की बात यह है की कुछ भाजपा के नेता इसे भी अपनी उपलब्धि बताकर मोदी जी का महिमामंडन करते हैं।

# स्कूल के लिए घर से निकले दो छात्रों के लापता होने से सनसनी,पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू किया जाँच

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 15फरवरी ) वारासिवनी थाना अंतर्गत मुरझड़ निवासी दो छात्र घर से स्कूल जाने के लिए निकले लेकिन वे दोनों स्कूल नहीं पहुंचे जिससे परिजनों में खलबली मच गयी। परिजनों ने आस पड़ोस नात रिश्तेदार व छात्रों के दोस्तों के यहाँ जानकारी ली लेकिन दोनों छात्रों का कहीं पता नहीं चलने से परिजन पुलिस थाना पहुँचकर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत एक्शन में आकर जाँच शुरू कर दिया।

जानकारी अनुसार वारासिवनी के मुरझड़ निवासी 14 वर्षीय कार्तिक पिता कोमेंद्र घोडेश्वर और 14 वर्षीय सुजीत पिता योगराज गौतम सोमवार को स्कूल जाने घर से 10 बजे निकले थे। लेकिन, दोनों स्कूल नहीं पहुंचे। जब शाम तक दोनों अपने वापस नहीं आए तो परिजनों ने दोनों की स्कूल के टीचर एवं सहपाठी छात्रों से पूछताछ की गई। तब पता चला कि दोनों सोमवार को स्कूल ही नहीं आए थे। जिसके बाद दोनों के परिजनों ने रिश्तेदार और आसपास तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना वारासिवनी पुलिस को दी। जिसमें पुलिस ने अपहरण का मामला कायम किया है और उच्च अधिकारियो के दिशा निर्देश पर तलाश शुरू कर दिया हैं।

परिजन और पुलिस लगातार लापता बालकों की तलाश कर रही है। हालांकि, यह पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी वारासिवनी क्षेत्र के एक बालक अपहृत हो गया था, हालांकि उस दौरान मीडिया और पुलिस की तत्पर कार्यवाही के चलते उसे भरवेली के पास बरामद कर लिया गया था। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक इनका कोई पता नहीं चल सका था।

# नाबालिक वाहन चालकों पर यातायात पुलिस की प्रभावी कार्यवाही,,कुल 25 नाबालिग वाहन चालकों पर की गई कार्यवाही

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के द्वारा सोमवार को नाबालिक वाहन चालकों पर कार्यवाही करने हेतु दिए गए विशेष निर्देश के पालन में यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। आदेश के तारतम्य में डी0एस0पी0 (यातायात) संजय साहू के अगुवाई में विभिन्न टीम बनाकर शहर के प्रमुख चौक चौराहों में नाबालिक वाहन चालकों पर चेकिंग कार्यवाही किया गया तथा उनके वाहनों को रोककर थाना में खड़ी करवाया गया है।

यातायात के अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा ऐसे नाबालिक वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 4/181, 5/180 के अंतर्गत कार्यवाही किया गया है जिनका प्रकरण निराकरण कराने हेतु माननीय न्यायालय मे पेश किया जाएगा ।

इस प्रकार कार्यवाही में यातायात से निरीक्षक मोहन भारद्वाज, निरीक्षक सुनील तिर्की, सहायक उपनिरीक्षक दीन दयाल सिंह ,चंद्रदेव बीसी,



सहायक उपनिरीक्षक नोहर साहू एवं इनके टीम द्वारा जिसमें प्रधान आरक्षक पूरन सिंह ,आरक्षक विजय साहू घनश्याम राठौर, गौतम खुसरो ललित, राजेंद्र मिश्रा की संयुक्त प्रयास से कार्यवाही किया गया है।

इस कार्यवाही में कुल 25 नाबालिग वाहन चालकों को पर कार्यवाही किया गया, जिनका प्रकरण माननीय न्यायालय मे पेश किया जाएगा।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार नशे के हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर निरंतर कार्यवाही किया जा रहा है ,जिसमे यातायात की अधिकारियों द्वारा 05 वाहन चालक जो नशे में रहकर वाहन चलाते पाया गया ,उनके वाहन जप्त कर थाना में खड़ी किया गया है जिनका निराकरण माननीय न्यायालय में प्रकरण पेश कर कराया जावेगा।

कार्यवाही में यातायात पुलिस के डी एस पी संजय साहू ने आम जनता के लिए बताया कि यातायात पुलिस की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी आप जनता से अपील हैं कि अपने नाबालिक को वाहन चलाने की अनुमति ना देवे व यातायात नियम का सदैव पालन करें ।

# आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने विरोध कर मस्तूरी एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तूरी। छत्तीसगढ़ के प्रवासी मजदूर मस्तूरी ब्लाक के ग्राम सरसेनी निवासी सोल्डे परिवार को 5-6 वर्षों से आंबेडकर नगर । (उत्तरप्रदेश) में बंधुआ मजदूरी कराते एवं परिवार की महिला मजदूर को भट्ठा मालिक द्वारा बलात्कार की कोशिश करने एवं इसका हल्ला विरोध करने से पति के आने व प्रतिरोध करने पर पति की नृशंस हत्या कर भट्ठा मालिक व उत्तर प्रदेश पुलिस की मिलीभगत से महिला को ही कत्ल के इल्जाम में जेल में डालने एवं चार छोटे बच्चे को निराश्रित बालगृह जेल में डालने की दर्दनाक घटना हुई है। इस प्रकरण में निरअपराध महिला को रिहा करने असली हत्यारे भट्ठा मालिक को पकड़ने व पीड़ित परिवार को पचास लाख की सहायता क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग पर सोमवार को मस्तूरी के जोंधरा चौक पर लोक




सिरजनहार यूनियन के पदाधिकारियों एवं आम आदमी पार्टी कार्यकताओं द्वारा सभा प्रदर्शन कर इसका विरोध और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए मांग की है। सभा प्रदर्शन के पश्चात सभी कार्यकर्ता और पीड़ित परिवार के परिजन मस्तूरी एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मस्तूरी एसडीएम महेश शर्मा को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के नाम से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है । जिसमें लखन सुबोध, प्रियंका शुक्ला, विजय विद्रोही, अजय अनंत, वीरेंद्र भारद्वाज, कार्तिकराम शोल्डे,संतोष सोल्डे ,रामचंद्र शोल्डे,फागूराम सोल्डे, राजकुमार शोल्डे, संजू सोल्डे ,सूरज सोल्डे व ग्रामीण एवं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कानपुर देहात में जिंदा जलकर मां बेटी की मौत से सरकार पर हमलावर विरोधी

## सहायक जिलाधिकारी और लेखपाल समेत 25 के खिलाफ एफ आई आर, जेसीबी चालक गिरफ्तार, एस डी एम भी हिरासत

सुनील बाजपेई

शव रख मौके पर सीएम को बुलाने पर अड़े ग्रामीण मनाने में जुटा एडीजी समेत अधिकारियों का अमला मुख्य सचेतक मनोज पांडे की अगुवाई में सपा ने भेजा 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल घटनास्थल पर पहुंचने वाले कई नेता पुलिस हिरासत में

कानपुर। मकान के रूप में कथित अतिक्रमण गिराए जाने के विरोध में बाबा के बुलडोजर ने कानपुर देहात में बवाल करा दिया। यहां बुलडोजर से मकान गिराये जाने की घटना से आहत मां बेटी ने आग लगा ली जिसके फलस्वरूप दोनों की अस्पताल पहुंचने के पहले ही मौत हो गई।इसके विरोध में जमकर बवाल हो गया। इस बीच घटनास्थल पर पहुंचने वाले कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कई नेताओं को हिरासत में भी ले जाने की खबर है ।

वहीं कानपुर देहात जिले के मैथा तहसील के मड़ौली गांव में हुई इस दुखद घटना पर यूपी की योगी सरकार ने कड़ा एक्शन लेते हुए पीड़ित परिवार की शिकायत पर एसडीएम मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, लेखपाल अशोक सिंह रूरा थानेदार दिनेश गौतम, जेसीबी ड्राइवर दीपक समेत 12 नामजद और 25 से 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी जेसीबी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, लेखपाल को भी सस्पेंड करने के साथ ही एसडीएम को भी हिरासत में लिया गया है। लेकिन इसके बाद भी ग्रामीण संतुष्ट नहीं हुए और वे मुआवजे समेत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मौके पर बुलाने की मांग पर घंटों अड़े रहे।

फिलहाल घटना में करीब 18 घंटे बाद भी अभी तक शव नहीं उठाया जा सका है। स्वजन की मांग है कि मुख्यमंत्री को गांव बुलाया जाए व जो आरोपित मुकदमे में नामजद किए जाएं उनकी गिरफ्तारी हो तभी शव



उठने दिया जाएगा। जिसके लिए अधिकारी समाचार लिखे जाने तक मनाने में लगे हैं। कानपुर जोन के एडीजी आलोक सिंह और मंडलायुक्त बीती पूरी रात गांव में रहे लेकिन समाचार लिखे जाने तक बात न बन पाई है।

इस दौरान सरकार विरोधी कई राजनीतिक दल भी गांव पहुंचते नजर आए। हालातों से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

मामले में यूपी के सीएम बृजेश पाठक ने भी हस्तक्षेप किया है । उनके आश्वासन पर परिजन शवों का अंतिम संस्कार करने पर राजी तो हो गये लेकिन अभी तक किया नहीं है। वहीं दूसरी ओर दिवंगत प्रमिला के बेटे शिवम दीक्षित तहरीर में लिखा कि 14 जनवरी को मैथा एसडीएम, लेखपाल व रूरा एसओ बुलडोजर लेकर बिना किसी सूचना के मकान गिराने आ गए। इसके बाद हम मवेशी संग कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां एडीएम प्रशासन ने सुनवाई नहीं की बल्कि बलवा का मुकदमा लिखवा दिया गया।

इसके बाद सोमवार को यही लोग टीम लेकर आए और विपक्षी अशोक दीक्षित, अनिल दीक्षित, निर्मल, विशाल व बुलडोजर का चालक दीपक सुनियोजित तरीके से आए। परिवार घर में था लेकिन सूचित किए बना निर्माण गिराने लगे। आरोप है कि लेखपाल ने आग लगा दी और एसडीएम ने कहा कि आग लगा दो झोपड़ी में कोई बच न पाए। मुझे भी पीटा गया और एसओ व पुलिसकर्मियों ने आग में फेंकने की कोशिश की। आग से मेरी मां व बहन जलकर मर गईं जबकि पिता झुलस गए। फिलहाल घटना के बाद हालात तनावपूर्ण है जिस पर नियंत्रण पाने की कोशिश की जा रही है।

# पुलवामा हमले में शहीद जवानो की याद में मैराथन दौड़ का आयोजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(15फरवरी)चार साल पहले 14 फरवरी को पुलवामा में आतंकियों के हमले में देश के 40 जवान शहीद हो गए थे। आतंकियों ने विस्फोट से भरे वाहन को जवानों के वाहन से टक्कर मार दी थी। मंगलवार को चौथी बरसी पर पुलवामा शहीदों की याद में मैराथन दौड़ का आयोजन भटेरा में हुआ, जिसमें जबलपुर के राम सिंह प्रथम स्थान पर रहे।

मंगलवार को ग्राम पंचायत भटेरा में मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जबलपुर, महाराष्ट्र, सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा के साथ ही सीआरपीएफ के जवानों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सीआरपीएफ 123 के कमांडेंट सुधीर कुमार ने पुलवामा



हमले के शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान देश हमेशा याद रखेगा।

मैराथन दौड़ का आयोजन ग्राम भटेरा की शहीद भगत सिंह युवा मंडल और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की देखरेख में धापेवाड़ा से भटेरा तक आयोजित की गई थी। इस मिनी मैराथन दौड़ में धावक भटेरा से खैरी, कुम्हारी होते हुए ग्राम धापेवाड़ा और वहां से इसी मार्ग से वापस होकर भटेरा पहुंचे, जिसमें 42 मिनट में मिनी मैराथन दौड़ को पूरा करने वाले राम सिंह प्रथम स्थान पर रहे।

महाराष्ट्र गोंदिया के अमोल चचारे द्वितीय और उकवा के करण तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार धावक आदित्य, विनोद, देवेन्द्र मरकाम, लोकेश दमाहे, अर्जुन मेराबी, भुवन और महेन्द्र गायकवाड़ ने भी मिनी मैराथन दौड़ को पूरा किया।

# प्राकृतिक खेती पर कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित ठग्रछका प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न....शामिल हुए कृषक और अधिकारी

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। कृषि विज्ञान केन्द्र बिलासपुर में नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड



के संयुक्त तत्वावधान में कृषक प्रशिक्षण का आयोजन हुआ, जिसमे एनएफएल के अधिकारियों के साथ ५० कृषको ने भाग लिया। सीनियर वैज्ञानिक व प्रमुख डा. एसपी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में प्राकृतिक खेती और पोषक अ न ा ा ज उपयोगिता विषय पर परिचर्चा हुई। केन्द्र मे आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि ओमपाल गुप्ता राज्य प्रबंधक (सीजी ) एन. एफ एल ने अपने उद्बोधन में कहा की एनएफएल का उत्पाद ढउ्ट जो बायो पोटाश है मिट्टी की कंडिशनिंग करता है यह

मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ाता, मिट्टी मे एरिएशन का बैक्टीरिया को भोजन प्रदान करता है। अंतराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के अवसर पर श्री गुप्ता ने कृषको को अधिक मात्रा में पोषक अनाज का उत्पादन करने व उसे आहार मे सम्मिलित करने के लिये कृषको को प्रेरित किया...वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डा.एस.पी. सिंह ने अपनी अभिव्यति

देते हुए बताया कि प्राकृतिक खेती ऋषि खेती है जिससे कृषको को गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक व स्वरूटा अनाज प्राप्त होता है। इस अवसर पर केन्द्र की वैज्ञानिक डा. शिल्पा कौशिक ने कृषको को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत जीवामृत , बीजामृत, घनजीवामृत, ब्रम्हास्त्र नीमास्त्र बनाने की

जानकारी प्रदान की। एनएफ एल के क्षेत्र प्रभारी विश्वजीत मोदक ने एन एफ पल के उत्पादो को जानकारी प्रदान की। श्री जयन्त साहू ने कृषको को बीजोपचार का महत्व बताया। डा. निवेदिता पाठक मे कृषको को पोषक धान्य की उपयोगिता मे बतलाया की ये धान्य फसले मधुमेह 1-2 प्रकार, मोटापे से बचाव, हृदयरोग के लिए लाभप्रद होते है क्योकि ये पोषक तत्वों से भरपूर फाइबर युक्त होते है...एनएफएल के अधिकारी एसपी पाटिल और पंकज मिंज ने प्राकृतिक खेती कृषि जीरो विंडिला सीड कम फर्टिलाइजर ड्रील के विषय में जानकारी प्रदान करते हुये धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषको ने उत्साहपूर्वक भाग लिया...वही डा. अमित शुक्ला ने इस अवसर पर प्राकृतिक विधि से सब्जियों की खेती के विषय मे विस्तृत जानकारी प्रदान की....वही कृषको को अंत में बैंटो नाइट सल्फर और पीएसबी कल्चर वितरण किया गया साथ ही मस्तूरी और बिल्हा के कृषको को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्राकृतिक खेती के लिए 200.लीटर का ड्रम,गुड़ और बेसन दिया गया.

# जनता की सेवा करना मेरा फर्ज,,,मेरा कर्तव्य,,,,मेरा अधिकार

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मुंगेली। मुंगेली जिले की फेमस लेडी सिंघम को इन दिनों कई लोग पचा नहीं पा रहे है....वैसे है तो एक सामाजिक कार्यकर्ता....लेकिन ग्रामीण क्षेत्रो के मुलभुत समस्याओ से जुड़े हुए कार्यो को आसानी से करवा देती है...और अब तक कई काम करवा चुकी है...यही कारण है की उसे लोग सम्मान देने



लगे है और समस्याओ का निरकरण करवाने आते है...दरसल हम समाजसेवी डॉ.सरिता भारद्वाज के बारे में बात कर रहे है...जो इन दिनों मुंगेली जिले में नहीं बल्कि प्रदेश भर में काफी चर्चित है...जिसके कार्यो को देखते हुए ग्रामीण और समर्थको ने अब उसे लेडी सिंघम कहना शुरू कर दिया है....बताते है की शुरू से पति के साथ रहकर गरीबो,निर्धन और आर्थिक रूप से कमजोर लोगो की सेवा करने का मन में ठान ली थी...और पति के सपनो को साकार करने के लिए वो खुद मैदान में उतरी और ग्रामीण क्षेत्रो की समस्याओ को निबटाने के लिए एड़ी चोटी एक कर दी है...और अब तक कई बार ग्रामीणों को लेकर कलेक्टर,विधायक ,सीएम के पिता और सीएम के पास जाकर आवेदन पत्र दे चुकी है...जिसका परिणाम भी आ रहा है...पति के सपनो को पूरा करने के लिए लेडी सिंघम ने सबसे पहले मुंगेली विधान सभा के कई परिवार वालो को गिरौदपूरी धाम ले जाकर बाबा जी के दर्शन करवाई...यहाँ तक उनकी मदद की...इतना ही नहीं लोगो ने उनके इस सेवा भाव को देखते हुए अपने दिल पर जगह दे दिया..खैर बात यही पर खत्म नहीं होती बल्कि डॉ.सरिता भारद्वाज कब लेडी सिंघम बनी उसे खुद नहीं मालूम....और अब समाजसेवी महिला लोगो की सेवा करने में पीछे नहीं हटती...बल्कि यह कहती है की बड़े ही तकदीर वालो को सेवा करने का अवसर मिलता है...और वे लोग बहुत सौभाग्यशाली होते है जिनको सेवा नसीब होता है...आपको बता दे की पानी हो बरसात हो गर्मी हो या फिर ठंडी का मौसम....कभी भी किसी भी वक्त उनके पास पहुंचा हुआ फरियादी खाली हाथ और निरास होकर नहीं जाता है..इधर जब हमने उनसे बात किया तो उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा की ये लोगो का प्यार है आशीर्वाद है...जिसके कारण यहाँ तक पहुंची हूँ और लोगो की सेवा कर पाती हूँ....वही उनसे पूछा गया की क्या आपका यह कदम राजनीति की तरफ है तो पहले तो वे हंसने लगी और मुस्कुराकर बातो को टाल गयी..फिर उनका कहना था की फिलहाल तो पति के सपनो को पूरा करने में व्यस्त हूँ और जनता की सेवा करना मेरा फर्ज है...यही कारण है कि जब भी समय मिलता है दौरा करते हुए ग्रामीणों की समस्याओ को सुनती हूँ और मेरे से जो मदद होता है वह करती हूँ....बातो बातो में हमने जब पूछा की आपको समाज सेवा करने की जरूरत क्यों पड़ी तो उनका जवाब रहा की किसी की मदद करना समाजसेवा नहीं होता है...बल्कि एक पीड़ित का मदद करना फर्ज होता है और लोग जिसके ऊपर भरोसा करते है उसी से अपना दुःख दर्द बताकर समस्या को रखते है...इसलिए मुझे मदद करने में अच्छा लगता है...जब कोई मुझे अपना समझकर कोई काम लेकर आता है और मदद करने की बात करता है...तो मेरी कोशिश यही रहती है की मेरे पास आया हुआ कोई भी व्यक्ति खाली हाथ न जाए....एक सवाल पर उन्होंने बताया की लेडी सिंघम क्यों और किसलिए कहते है यह तो नहीं मालुम....उनको जो अच्छा लगता है वो बोल सकते है....लेकिन मै अपना काम करते रहूंगी...

अंत में उन्होंने कहा की मुंगेली जिले में मेरा ससुराल है और यहाँ की बेटी हूँ...लोग मुझे अपना समझकर काम करने बोलते है तो उनके उम्मीदों और विश्वास पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करुँगी....और मै अपना पूरा जीवन समाज सेवा करने में बिता दूंगी बल्कि समाजसेवा में समर्पित कर दूंगी..

# असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा में एपीडीसीएल के अनियमित बिजली बिल, ग्राहक परेशान।



भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ नारों पर निर्भर थे जिसके कारण भाजपा पार्टी का उदय हुआ। हालांकि सरकार का हर कदम जनता के फायदे के लिए होता है और आजकल हर चीज में विकास की आंधी चल रही है। इस्का एक हिस्सा सरकारी सुविधाएं मिलने के बावजूद विभागीय अमले की गैरजिम्मेदाराना बदतमीजी के लिए सत्ता पक्ष पर दोष मढ़ना है। ताकि सरकार विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के कर्तव्यों की पूर्ति न करने के खिलाफ निर्धारित उपाय करे। गांव पश्चिम कृष्णानगर निवासी रामानंद सिन्हा ने दुल्लभछड़ा एपीडसीएल के भूतिया बिल के बारे में कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने के कारण उन्हें सरकार की सौभाग्य प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना के तहत मुफ्त बिजली कनेक्शन दिया गया. लेकिन कनेक्शन के पहले चरण में एक सौ रुपए के भीतर बिल का भुगतान कर दिया गया। वर्तमान में मीटर संख्या 139000020757 वाली चार यूनिट के लिए 252 रुपए और सात यूनिट के लिए 318 रुपए के बिल का भुगतान किया जा रहा है। साथ ही यूनिट के साथ राशि में भी विसंगति है। इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारी से मिलने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय कर्मचारियों में से एक ने मुफ्त बिजली बिल के नाम पर रंगदारी की मांग की. उन्होंने रंगदारी नहीं दिया. गुस्से में कहा कि मैं ऑफिस में जाकर रिक्वेस्ट करता तो शायद मेरा बिल माफ हो सकता था लेकिन उक्त गांव में करीब 80 फीसदी ग्राहकों को यूनिट के साथ राशि में भी विसंगति है। उन्होंने कहा जिनके शारीरिक अस्वस्थता के कारण कार्यालय जाना संभव नहीं है। यहां तक कि कई फर्जी बिल देकर गांव में बिजली कनेक्शन की लाइनें भी काट दी गईं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की वजह से ग्राहकों को परेशान किया जा रहा है। इसके अलावा, विभागीय कर्मी 11 बजे के बाद कार्यालय आते है और गंभीर शिकायत की। इस संबंध में निर्धारित उपायों के लिए राज्य के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिश्व शर्मा और राताबाड़ी विधायक विजय मालाकार का ध्यान आकर्षित किया। असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा।

## महागठबंधन के विशाल आम सभा की सफलता को लेकर बैठक

समाज जागरण



कटिहार। जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस प्रांगण में आगामी 25 फरवरी को पूर्णिया रंगभूमि मैदान में होने वाले महागठबंधन के विशाल आम सभा की सफलता को लेकर एक अहम बैठक की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अब्दुल गनी ने किया। संचालन प्रधान महासचिव भोला पासवान ने की। जिलाध्यक्ष अब्दुल गनी ने विभिन्न प्रखंडो से आये हुए प्रखंड अध्यक्षों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

जिलाध्यक्ष अब्दुल गनी ने कहा की केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ महागठबंधन की इस विशाल आम सभा मे कटिहार सहित सीमावर्ती जिलों के लाखों लोग शामिल होंगे एवं जिलाध्यक्ष ने कहा कटिहार जिला के हर पंचायत से राजद के नेतागण , पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण एवं राजद समर्थक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। वहीं बैठक में उपस्थित बरारी विधानसभा से राजद के पूर्व विधायक नीरज यादव ने सभी साथियों से जनसंपर्क अभियान चलाकर कार्यक्रम की सफलता हेतु पुरजोर तरीके से मेहनत करने का आह्वान किया।

बैठक में मुख्य रूप से पिछड़ा आयोग सदस्य तारकेस्वर ठाकुर, भूतपूर्व मंत्री रामप्रकाश महतो, जिला प्रवक्ता मनोहर यादव, प्रदेश महासचिव समरेंद्र कुणाल, राजद नेता लाखो यादव, युवा जिलाध्यक्ष राजेश यादव, विष्णु अग्रवाल, राजद नेता राजन यादव, मिथलेश यादव, राजेन्द्र प्रसाद यादव, वाहिद अंसारी , कुन्दन यादव, अनिसुर रहमान, अशोक मंडल , शाकिर रजा, रामानंद महतो, दीपक दास, विजय यादव, दीपक निराला, लक्ष्मीकांत विश्वास, केदार सिंह, अरुण साह, विजय राय, आलमगीर सहित सभी प्रखंड अध्यक्षगण, राजद के पदाधिकारीगण, राजद समर्थकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## वेलेंटाइन डे सेलिब्रेशन इन ओयो!

****

-राजेश बैरागी-

सुहागरात कितनी बार मनाई जा सकती है?यह प्रश्न ऐन वेलेंटाइन डे पर उठाने का कोई विशेष प्रयोजन नहीं है।बस गुलाबों की बेतरतीब बिक्री और ओयो होटलों में कमरों की मारामारी देख कर यूं ही मन विचारगर्भित हो गया। महानगरों का प्रेम अब पार्कों और पेड़ों के झुरमुटों से निकल कर ओयो होटलों में पहुंच गया है। शहर की आवासीय बस्तियों में कुकुरमुत्तों की तर्ज पर उग आए इन अय्याशगाहों की विशेषता यही है कि यहां कुछ घंटों के लिए कमरे बुक होते हैं और उतने ही घंटे प्रेम लीला चलती है। इस दौरान जोर-शोर से एक दूसरे को दिलो जान से चाहने का अहसास दिलाने का ज्वार उठता है और कुछ देर में ज्वार शांत हो जाता है। वेलेंटाइन डे वह खास मौका है जब जवान उम्र के बच्चे अपनी दबी कुचली प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं।इसे विवाह पूर्व अभ्यास भी कह सकते हैं। इसमें फेल पास की समस्या नहीं रहती। इस दिन मिलने वालों का मिलते रहना और वास्तव में मिल जाने के प्रति भी कोई संकल्प नहीं होता। तो प्रश्न अपने यथोचित उत्तर की प्रतीक्षा में खड़ा है।ओयो होटलों के कमरों में वेलेंटाइन डे का सेलिब्रेशन जारी है।किसे परवाह है कि सुहागरात की गिनती का प्रश्न ही औचित्यहीन है।(साभार:नेक दृष्टि हिंदी साप्ताहिक नौएडा)

# बाल कल्याण समिति ने बृहद आश्रय गृह का किया निरीक्षण –समिति ने बच्चों के साथ क्रिकेट खेला

समाज जागरण



कटिहार। बाल कल्याण समिति की प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी का बेंच ने नवनिर्मित बृहद आश्रय गृह स्थित बाल गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण का नेतृत्व बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार कर रहे थे। नेतृत्व का संचालन समिति सदस्य प्रवीण कुमार झा कर रहे थे। समिति की न्याय पीठ ने नवनिर्मित आश्रय गृह स्थित बाल गृह का निरीक्षण के क्रम में पाया कि 12 फरवरी को बाल गृह नये आश्रय गृह परिसर में हस्तांतरित होकर आया है। जिसके कारण पूरी तरह व्यवस्था सुढृय्य नहीं हुई है। निरीक्षण के क्रम में यह भी पाया गया कि बाल गृह में आवासित बाल गृह के दिनचार्या के अनुसार भोजन, पठन-पाठन, खेलकूद एवं रात्रि विश्राम कर रहे हैं। लेकिन बाल गृह संचालित होने वाले पंजी एवं अन्य सामान अव्यवस्थित रहने के कारण सफल रुप से संचालन होने में काफी कठिनाई हो रही है। समिति ने निरीक्षण के क्रम में बच्चों से भी मिलकर बातचीत किया। समिति ने सभी बच्चे से पूछा कि यहां किसी प्रकार की कठिनाई तो नहीं हो रही है, तो बच्चे ने कहा कि यहां किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही है।नया माहौल मिल रहा है। व्यवस्था में व्यवस्थित होने में समय लगेगा। तब सारी व्यवस्था अपने आप सुधीर हो जाएगी। बाल गृह में समय पर भोजन कराया जा रहा है। समय पर खेलकूद एवं पठन-पाठन भी कराया जाता है। कुछ बच्चों ने समिति के समक्ष घर जाने की बात कही। समिति ने उन बच्चों की बात को संज्ञान में लेते हुए अविलंब घर भेजने के दिशा में आपस में चर्चा किया। समिति की न्याय पीठ के सभी सदस्यों ने बच्चों के साथ घंटों क्रिकेट खेल में भाग लिया। बच्चों के साथ समिति खेलकूद में भाग लेने से बच्चों का मनोबल काफी ऊंचा हुआ और आपस में काफी धुल मिले। सभी बच्चे उत्साहित होकर के खेलकूद में भाग लिया।

समिति ने निरीक्षण के क्रम में बाल गृह मैं तैनात सुरक्षाकर्मी ने भी अपनी बात रखी। सुरक्षाकर्मी में लगे पुलिस के जवान ने समिति से कहा कि हम लोगों को आवास की व्यवस्था होनी चाहिए जो कमरा आवास के लिए दिया गया है। वह कमरा काफी छोटा है। जिससे काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। समिति के न्याय पीठ ने बाल गृह के कर्मचारी से भी मिलकर बातचीत किया। जांच समिति में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार, सदस्य प्रवीण कुमार झा, रोशन कुमार प्रियंका कुमारी शामिल थे।

# एमडीए कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने दवा खाने से किया इनकार, अधिकारियों ने दी सारी जानकारी तो पूरे परिवार ने खाई दवा

**- फाइलेरिया से सुरक्षा के लिए लोगों को खिलायी जा रही डीईसी व एल्बेंडाजोल की दवा**

**- जिले में 29.54 लाख लोगों को घर-घर जाकर खिलायी जा रही दवा**

**- 02 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को खाना है एल्बेंडाजोल व डीईसी**

कटिहार, 14 फरवरी/ 10 फरवरी से जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान 02 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को फाइलेरिया से सुरक्षा के लिए डीईसी व एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जा रही है। सम्बंधित जानकारी कुछ लोगों तक नहीं पहुँचने के कारण जिले के कुछ लोगों द्वारा दवा सेवन से इनकार कर दिया गया ।

जिले के बरारी प्रखंड के लक्ष्मीपुर पंचायत स्थित पल्टनपारा गांव में कुछ परिवार के लोगों ने यह कहकर दवा खाने से इनकार कर दिया कि उन्हें फाइलेरिया जैसी बीमारी अबतक हुई ही नहीं है और आगे भी नहीं होगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही दवा खाने से किसी तरह की समस्या न हो जाए इसलिए उन्हें दवा नहीं खाना है। इसके बाद आशा कर्मियों तथा सीफार के पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्यों द्वारा तत्काल इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई। जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पल्टनपारा गांव गये और लोगों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक किया । लोगों को बताया गया कि ऐसे सभी लोगों को यह दवाइयां खिलाई जा रही है जिन्हें फाइलेरिया नहीं हुआ है। दवाई खाने से लोगों में फाइलेरिया ग्रसित होने की संभावना खत्म हो जाती है और लोग सुरक्षित रहते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को समझाने पर सम्बंधित परिवार के सभी लोगों ने एल्बेंडाजोल व डीईसी की दवा खाई। लोगों को सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत दवा सेवन के लिए जागरूक करने में सीफार भीएल डीसी पल्लवी कुमारी के साथ फाइलेरिया उन्मूलन में शामिल सीफार नेटवर्क मेम्बर शीला देवी एवं स्थानीय आशा कर्मी स्वाति देवी व पिंकी देवी भी शामिल रहीं ।

### फाइलेरिया से सुरक्षा के लिए लोगों को खिलाबा जा रही डीईसी व एल्बेंडाजोल की दवा

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. जय प्रकाश सिंह ने बताया कि सामान्य तौर पर मच्छरों के काटने से होने वाला रोग फाइलेरिया से सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर साल सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम चलाया जाता है। इस दौरान 02 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को आशा कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर डीईसी व एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाती है। इसके सेवन से लोग फाइलेरिया ग्रसित होने से सुरक्षित हो जाते हैं। अगर किसी व्यक्ति में फाइलेरिया तत्काल में ही शुरू हुई है तो उसके इन दवाओं के सेवन करने से माइक्रोफाइलेरिया जल्दी खत्म हो जाता है। यह दवा फाइलेरिया के परजीवियों को मार देती है और लोगों को हाथीपांव व हाइड्रोसील जैसी बीमारियों से बचने में मदद करती है। यह दवा पेट के अन्य खतरनाक कीड़ों को भी खत्म करता है तथा खुजली एवं जू से भी लोगों को सुरक्षित रखता है।

जिले में 29.54 लाख लोगों को घर-घर जाकर खिलायी जा रही दवा भिडिसीओ एन के मिश्रा ने बताया कि सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत जिले के 29 लाख 54 हजार 913 लोगों को चिन्हित किया गया है जो दवा खाने के योग्य है। इनमें 02 साल से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को नहीं शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त अन्य सभी लोगों के लिए यह दवा महत्वपूर्ण है। सभी लोगों को डीईसी व एल्बेंडाजोल की दवा उम्र के अनुसार एवं आइवर्मेक्टिन कि दवा ऊंचाई के आधार पर खिलाई जा रही है।



**सर्वजन दवा सेवन(एमडीए) कार्यक्रम हेतु याद रखें कि**

- दो साल से छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नहीं खानी है।
- यह दवा खाली पेट नहीं खानी है।
- एल्बेंडाजोल दवा को स्वास्थ्य कर्मी के सामने चबाकर खाना है।
- आइवर्मेक्टिन दवा पांच साल से अधिक उम्र के लोगों को दिया जाना है।
- आइवर्मेक्टिन धात्री माता (1 सप्ताह की धात्री) को नहीं देना है।
- हर पात्र व्यक्ति को स्वास्थ्य कर्मियों के सामने ही दवा खाना है।
- छूटे हुए व्यक्ति को दवा खिलाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पुनः भ्रमण किया जाएगा।

# सांसद राजू बिष्ट ने किया अपने वादों को पूरा,आश्वासन के एक महीने के भीतर ही मिला सांसद का चेक।



सिलीगुड़ी : सांसद राजू बिष्ट ने किया अपने वादों को पूरा। भारत-नेपाल सीमावर्ती गांव के दौरे में पक्के मकान निर्माण के वित्तीय आश्वासन के एक महीने के भीतर ही सीताराम और बसंती को सांसद का चेक मिल गया। स्थानीय निवासी सीताराम सिंह भारत-नेपाल सीमा के पश्चिमी रामधन गांव में रहते हैं। बहुत गरीब होने के वावजूद सीताराम सिंह का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के तालीका में नहीं था। उसी दौरान सांसद राजू बिष्ट ने खोरीबाड़ी प्रखण्ड के पश्चिमी रामधन का दौरा किया। सीताराम सिंह व बसंती सिंह ने सांसद के पास जाकर मकान नहीं मिलने की शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद सांसद राजू बिष्ट ने सांसद निधि से एक लाख रुपये से मकान बनाने का आश्वासन दिया। 23 जनवरी को आश्वासन के बाद सीताराम को आज एक लाख रुपये का चेक प्राप्त हुआ। इस दिन सांसदों के प्रतिनिधियों ने सीताराम और बसंती को चेक सौंपा। खुशी हो कर सीताराम के परिवार वालो ने आखिरकार पक्के मकान का निर्माण करने के लिए सांसद का आभार व्यक्त किया। रानीगंज बिन्नाबाड़ी मंडल अध्यक्ष व भाजपा नेता भोलानाथ सिद्धा ने कहा कि सांसद ने अपना वादा निभाया है।

## आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में।

***24 बोतल विदेशी शराब फॉर सेल इन चंडीगढ बरामद होने पर 1 अभियुक्त के विरूद्ध आबकारी की सुसंगत धाराओं में मुकद्मा कराया दर्ज।***

आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि आज आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 अभिनव शाही ,क्षेत्र 1 गौरव चन्द, क्षेत्र 2 रवि जायसवाल व क्षेत्र 5 चंद्रशेखर सिंह द्वारा सेक्टर 63 एच ब्लॉक के पास एक बजाज पल्सर मोटर साइकिल वाहन संख्या-वढ37द1338 से एक व्यक्ति शिवा चैधरी पुत्र प्रेमचन्द चैधरी निवासी ग्राम झूँगा पोस्ट शक्ति जिला कैलाली नेपाल को 999 पॉवर स्टार ब्राण्ड के 24 बोतल विदेशी शराब फॉर सेल इन चंडीगढ़(यू टी) ओनली के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# केंद्रीय गृह मंत्री ने राष्ट्रपति निशान से हरियाणा पुलिस को किया अलंकृत

***राष्ट्रपति निशान प्राप्त करने वाली हरियाणा पुलिस देश के 10 राज्यों में से एक पुलिस बन गयी है– अमित शाह***

**केंद्रीय गृह मंत्री ने की हरियाणा पुलिस की कार्यशैली की सराहना**

**हरियाणा पुलिस के लिए एतिहासिक और गौरवमयी दिन**

**आईसीजेएस तथा सीसीटीएनएस के सफल क्रियान्वयन में हरियाणा पुलिस देश में प्रथम झ्र अमित शाह**

**हरियाणा पुलिस के तीन शब्द - सेवा, सुरक्षा व सहयोग, केवल शब्द नहीं है, बल्कि भावना के प्रतीक– मुख्यमंत्री मनोहर लाल**

**केंद्रीय गृह मंत्री के कार्यकाल में देश बना कई साहसिक फैसलों का गवाह– मनोहर लाल**

**चंडीगढ़/मधुबन/घरौंडा,14 फरवर,डॉ प्रवीण कौशक,ब्यूरो प्रमुख**

हरियाणा पुलिस के सेवा सुरक्षा व सहयोग के शीर्ष वाक्य का आज उस समय सार्थक सिद्ध हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने पुलिस की कार्यशैली के लिए राष्ट्रपति निशान प्रदान किया। अब हरियाणा पुलिस अपनी वर्दी पर बायं बाजू पर राष्ट्रपति निशान लगा सकेंगे जो उन्हें गौरव एवं गर्व की भावना से ओत-प्रोत करेगा।

आज करनाल में हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के वच्छेर स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में शानदार परेड के बाद उपस्थित जवानों को संबोधित करते हुए श्री अमित शाह ने राष्ट्रपति निशान प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल व गृह मंत्री श्री अनिल विज की कार्यशैली की भी सराहना की। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने आज ही के दिन वर्ष 2019 में पुलवामा में एक कायराना हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जब तक भारत की रक्षा का इतिहास लिखा जाएगा, तब तक इन 40 जवानों के नाम स्वर्णिम अक्षरों से भारत के सुरक्षा इतिहास में चिन्हित होगा। उन्होंने पूर्व विदेश मंत्री स्वर्गीय श्रीमती सुष्मा स्वराज के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें भी नमन किया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा पुलिस को राष्ट्रपति कलर अवार्ड देने का सम्मान आज उन्हें मिला है ये हरियाणा पुलिस का तो सम्मान है ही, परंतु मुझे भी बहुत गौरव की अनुभूति हो रही है कि हरियाणा पुलिस जैसी धाक? पुलिस को आज राष्ट्रपति सम्मान देने का अवसर उन्हें मिला है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपति निशान 25 साल तक सातत्यपूर्ण सेवा व शौर्य और समर्पण से सेवा करने की समीक्षा के बाद पुलिस को प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस का हर एक क्षेत्र में चाक-चौबंद रहने का इतिहास है, चाहे कानून और व्यवस्था की परिस्थिति को दुरुस्त रखना हो या सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना हो या नागरिकों के जीवन को सुलभ बनाना हो या राजधानी के नजदीक होने के कारण कई आंदोलनों से कुशलतापूर्वक व मानवीय तरीके से निपटना हो, हर क्षेत्र में हरियाणा पुलिस ने अपना शौर्य, धैर्य और साहस का परिचय दिया है।

**राष्ट्रपति निशान प्राप्त करने वाली हरियाणा पुलिस देश के 10 राज्यों में से एक पुलिस**

श्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रपति निशान से प्राप्त होने वाली हरियाणा पुलिस देश के 10 राज्यों में से एक पुलिस बन गयी है। इससे पहले यह सर्वोच्च सम्मान मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, त्रिपुरा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और असम राज्यों की पुलिस को मिला है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1951 में सबसे पहले यह निशान इंडियन नेवी को मिला था। उसके बाद में 10 पुलिस को और कई सीएपीएफ को मिला है।



उन्होंने कहा कि 1 नवंबर, 1966 से अलग राज्य के रूप में हरियाणा जब अस्तित्व में आया है, तब 12,000 पुलिस कर्मियों के साथ अपना सफर शुरू किया था और आज हरियाणा पुलिस की संख्या 75,000 से अधिक पहुंची गई है। हरियाणा पुलिस आज 5 पुलिस रेंज, 4 पुलिस कमिश्नरेट और 19 जिला पुलिस तथा रेलवे पुलिस के माध्यम से जनता की सेवा और सुरक्षा का दायित्व निभा रही है।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जिस प्रकार से हरियाणा पुलिस ने अपनी जान की परवाह किये बगैर बहादुरी का परिचय दिया और हर मुसीबत में जनता की विपरीत परिस्थितियों में भी मदद की और बुजुर्गों की सहायता व कमजोर और बीमार की सहायता की, इसने न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देशभर में हरियाणा पुलिस ने एक बहुत अच्छी पहचान और विश्वास के वातावरण को निर्मित किया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणवासियों के लिए यह गर्व की बात है कि हरियाणा के अंदर कानून एवं व्यवस्था की परिस्थिति अच्छी है और आज हरियाणा का नाम प्रथम रहता है। उन्होंने कहा कि विगत एक साल में हरियाणा पुलिस ने कई अंतरराज्यीय गैंग का सफाया करने में केन्द्रीय एजेंसियों, पंजाब पुलिस, दिल्ली पुलिस और राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर एक बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। इसके लिए 2018 में स्थापित की गई हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स को केंद्रीय गृह मंत्री ने बधाई दी।

उन्होंने हरियाणा पुलिस की स्थापना से लेकर अब तक शहीद हुए 83 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने 1984 से 1994 तक 10 साल पंजाब के आतंकवाद की पीड़ा भी झेला और उसका सामना कर विजय प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि आमजन को आपात स्थिति मे त्वरित सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से जुलाई 2021 में शुरू की गई डायल- 112 के माध्यम से हरियाणा पुलिस को लगभग 86 लाख से ज्यादा कॉल प्राप्त हुई हैं। पुलिस का औसत रिस्पॉन्स समय 11 मिनट 36 सेकंड था, जिसको कम कर 8 मिनट 22 सेकंड किया गया है, जो देश में दूसरे स्थान पर है। इस प्रोजेक्ट के तहत लगभग 600 से अधिक एमर्जेंसी रिस्पॉन्स वाहन पुलिस को दिए गए हैं और इस एक नंबर से सभी आपातकालीन सेवाओं को जो?ने का काम किया है।



**आईसीजेएस तथा सीसीटीएनएस के सफल क्रियान्वयन में हरियाणा पुलिस देश में प्रथम**

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हरियाणा में 29 साइबर थाने, 309 साइबर डेस्क स्थापित किए गए हैं, जो साइबर फ्रॉड के केसों पर नकेल कर रहे हैं। इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) प्रोजेक्ट तथा सीसीटीएनएस के सफल क्रियान्वयन के लिए हरियाणा पुलिस को देशभर में प्रथम स्थान मिला है, इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और गृहमंत्री श्री अनिल विज को बहुत बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उडड्ढ दस्ता, एंटी करप्शन विंग के माध्यम से 1303 छापे मारकर प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया है।

### राष्ट्रपति निशान मिलने से सम्मान के साथ-साथ पुलिस का दायित्व भी बढ़ा

श्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा पुलिस को आज राष्ट्रपति निशान मिलने से हमारा मनोबल भी बढ़ा है। लेकिन इससे पुलिस का दायित्व भी बढ़ा है, क्योंकि जिन विशेषताओं के लिए यह राष्ट्रपति सम्मान मिला है, वो विशेषताएं तो बनाकर रखनी ही हैं, बल्कि अपनी दायित्वों का निर्वहन भी और प्रभावी तरीके से करना है।



पिछले 56 वर्षों से हरियाणा पुलिस को जन सेवा के लिए कई उपलब्धियों हासिल हुई हैं

इस अवसर प्रदेश के गृह मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा का अंदाज और हरियाणा का मिजाज कुछ हटकर है। ये अंदाज और मिजाज आज हरियाणा के खानपान व बोली और यहाँ के रहन सहन में बखूबी नजर आता है। उन्होंने कहा कि पिछले 56 वर्षों से हरियाणा पुलिस को जन सेवा के लिए कई उपलब्धियों हासिल हुई हैं और गृहमंत्री होने के नाते मुझे आनंद की अनुभूति हो रही है।

उन्होंने कहा कि देश का यह सर्वोच्च सम्मान मिलने से हरियाणा पुलिस के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। इससे पुलिस अधिकारियों और कर्मियो का मनोबल और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का एक स्मार्ट पुलिस का विजन है और हरियाणा पुलिस स्मार्ट बन गई है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस का काडर अलग बनाया जाना चाहिए, ताकि ट्रैफिक को नियंत्रित करने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस विभाग में विजिलेंस सेल स्थापित किए जाने की भी आवश्यकता है।

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हरियाणा पुलिस के 56 वर्षों के गौरवशाली इतिहास पर कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया।

पुलिस महानिदेशक श्री पी के अग्रवाल ने हरियाणा पुलिस को राष्ट्रपति निशान देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री का आभार व अभिनंदन व्यक्त किया।

समारोह में विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञान चंद गुप्ता, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री कंवर पाल, परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा, सहकारिता मंत्री डॉ बनवारी लाल, विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेंद्र सिंह बबली, विधानसभा उपाध्यक्ष श्री रणबीर गंगवा, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा, श्रम राज्य मंत्री श्री अनूप धानक, करनाल के सांसद संजय भाटिया, सांसद सुनीता दुग्गल, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर, थानेसर के विधायक सुभाष सुधा, सोहना के विधायक संजय सिंह, कैथल के विधायक लीला राम कुर्जर, डीजीपी हरियाणा पीके. अग्रवाल, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद, सीआईडी चीफ अलोक मित्तल, मंडल आयुक्त डा. साकेत कुमार, आईजी करनाल सतेन्द्र कुमार गुप्ता, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया सहित वरिष्ठ अधिकारीगण व गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## पूर्णियां जिला स्थापना दिवस पर पनोरमा ग्रुप द्वारा आयोजित हुआ एक दिवसीय क्रिकेट मैच

### *हिन्दुस्तान के सबसे पुराने जिले में एक है पूर्णियां जिला जिसका हमेशा से एक अलग इतिहास रहा है– संजीव मिश्रा*

पूर्णियां । जिला स्कूल मैदान में मंगलवार को पूर्णियां जिला स्थापना दिवस के मौके पर पनोरमा ग्रुप द्वारा एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया.जिसमें पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने सिक्का



उछालकर टॉस किया एवं खेल को प्रारंभ की।
स्थापना दिवस के मौके पर जिला स्कूल में आयोजित क्रिकेट मैच पनोरमा स्पोर्ट्स एवं हरिओम एलेवन के बीच खेला गया जिसमें पनोरमा स्पोट्श के खिलाड़ियो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।
खबर लिखे जाने तक पनोरमा स्पोर्ट्स के तरफ से ओपनर बल्लेबाजो में नंदन झा,सूरज कुमार दो ओवर के प्रगति पर 4-4 रन बनाकर खेल रहे थे वही पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने सभी खिलाड़ियो को 253 वे जिला स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा हमारा पूर्णियां जिला हिन्दुस्तान के सबसे पुराने जिलो में से एक है और पूर्णियां जिला का हमेशा से एक अलग इतिहास रहा है।साथ ही क्रिकेट मैच से खिलाड़ियों में मानसिक व शारीरिक विकास होता हैं।
मौके पर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा के अलावे सीईओ श्री नंदन झा, मैनेजर रितेश झा,जैनेन्द्र झा,अरूणेशचंद्र झा,निशांत मिश्रा, गौरव सरकार,मो.मोईन,अनुराग कश्यप,आशूतोष पाठक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बीएनएमयू के डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स में एलुमनाई एसोसिएशन के गठन को लेकर कवायद तेज - डॉ. अशोक कुमार

मधेपुरा । बीएनएमयू के कॉमर्स विभाग में एलुमनाई एसोसिएशन के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए विभाग के प्राध्यापकों की एक बैठक डीन सह एचओडी डॉ.अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभाग के विकास में पूर्ववर्ती छात्र - छात्राओं की भागीदारी के लिए एलुमनाई एसोसिएशन के गठन पर जोर दिया गया। एसोसिएशन के लिए मेंबर शिप



पर चर्चा हुई। इस अवसर पर रिसर्च स्कॉलर संदीप कुमार सौरभ ने पहला सदस्य के रूप में रसीद कटाया। एचओडी डॉ. कुमार ने बताया कि पूर्व में इस विभाग से सभी पास आउट छात्र छात्राओं को एसोसिएशन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मौके साइकोलॉजी के एचओडी डॉ.एम आई रहमान, कॉमर्स के डॉ. पीएन सिंह, डॉ. मोनिका, डॉ. योगेश पांडे, डॉ. सूरज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## संबध कॉलेज के शिक्षकों ने बैठक में लिया निर्णय, कॉलेज के अधिग्रहण अविलंब करने की मांग पार्ट टू मूल्यांकन के बाद पार्ट वन की उत्तरपुस्तिका का शीघ्र हो जांच

मधेपुरा । भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के संबध डिग्री कॉलेज के शिक्षकों ने अपनों मांगों को लेकर श्री कृष्ण गौशाला परिसर में बैठक की। संघ के अध्यक्ष प्रो. अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। शिक्षकों ने बैठक के माध्यम से सरकार से संबद्ध




कॉलेजों के अधिग्रहण अविलंब करने की मांग की। सदस्यों ने कहा कि सेवा सामंजित शिक्षकों को व्यक्तिगत पत्र उपलब्ध कराया जाए। बकाया अनुदान की राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाए। शिक्षकों ने स्नातक पार्ट टू की कॉपी का मूल्यांकन कार्य पूरा होने के बाद पार्ट वन की कॉपी का मूल्यांकन शुरू करने की मांग की। बैठक के बाद शिक्षकों का एक शिष्टमंडल परीक्षा नियंत्रक डॉ. गजेंद्र कुमार से मिलकर मूल्यांकन से संबंधित मांग पत्र सौंपा। शिक्षकों का कहना था कि विश्वविद्यालय ने दोनों पार्ट की कॉपी का मूल्यांकन कार्य एक साथ शुरू करने की तैयारी कर रहा है। विश्वविद्यालय के इस कार्य का शिक्षक विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में मूल्यांकन कराने की बात कही। बैठक में अरविंद कुमार, अभय कुमार, कुमार राजीव रमण, बैद्यनाथ यादव, अर्जुन कुमार, उमेश प्रसाद यादव, राम प्रवेश कुमार, शंकर आर्य, विनय कुमार झा, सदानंद यादव, शिवशंकर कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास की भावना नवोदय विद्यालय की है परिकल्पना

अररिया । जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया में बच्चों में शिक्षा, खेलकूद और कला के साथ साथ अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास की भावना नवोदय विद्यालय की परिकल्पना है। वर्तमान में अगर पर्यावरण की बात की जाए , जिसका सीधा संबंध मानव के साथ साथ सभी जीव जंतुओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा में कला के अंतर्गत एक ओर जहां विद्यालय के कला शिक्षक मूर्तिकार राजेश पीपल वृक्ष के संरक्षक एवं संवर्धन पर जोर दें रहें हैं वहीं भावी पीढी के रूप में विद्यालय में अध्ययनरत नौनिहालों को पर्यावरण से सीधे तौर पर जोड़ते हुए सौन्दर्यपरक एवं फलदार वृक्ष लगाने की भी प्रेरणा दें रहें हैं।
विद्यालय में ईको क्लब के माध्यम से कला शिक्षक ने बच्चों को अपने हाथों से कक्षावार क्यारियों में पौधरोपण कराया और इसकी देखभाल करने की दिशा में पहल के साथ बच्चों को मिट्टी से जोड़ने का प्रयास प्रकृति संरक्षण की दिशा में सराहनीय है। कला शिक्षक ने यह भी बताया की प्रकृति से प्यार करना जीवन से प्यार करने के साथ साथ सभी जीव जंतुओं से प्रेम को दशार्ता है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व हर एक व्यक्ति को समझना होगा और इसी सोच के साथ बच्चों को पर्यावरण मित्र बना रहे हैं। वे बताते हैं कला का व्यापक अर्थ है जीवन जीने की कला अर्थात इस दौर में प्रकृति का महत्व को भी समझना होगा, प्रकृति का महत्व समझकर ही हम इस धरती और समाज को संरक्षित कर सकते हैं। अगर प्राकृतिक समस्याओं को कम करना है तो ऐसी पहल प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बन जाता है।

## .......एक मौका आए हैं चलकर,इनका लाभ उठाएं हम, महान संस्था है नवोदय, इसमें पंजीकरण कराएं हम

अररिया । जवाहर नवोदय विद्यालयों छठी कक्षा में प्रवेश चयन परीक्षा हेतु आनलाइन आवेदन में जिला के बच्चों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु अनेक पहल जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया के द्वारा की जा रही है। इसके तहत जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया के प्राचार्य व शिक्षक निरंतर प्रयास की जा रही है ऑनलाइन आवेदन अधिक से अधिक बच्चों का हो ताकि प्रतिभाशाली बच्चों को नवोदय विद्यालय में दाखिला मिल सके। इसके लिए जिला भर के प्राथमिक व मध्य विद्यालय के प्राचार्य को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में एक अनूठा प्रयोग जवाहर नवोदय



विद्यालय अररिया के प्राचार्य सुशांत कुमार झा के मार्गदर्शन में किया गया है। विद्यालय के बच्चों में कविता लेखन प्रतियोगिता के जरिए आंचल, अंजूम,किरण और मंतसा की कविता लेखन को चयन कर विद्यालय की पुरातन छात्रा सुप्रसिद्ध गायिका पल्लवी जोशी जिला निर्वाचन की ब्रांड एम्बेस-डर ने गीत में पिरोकर एक संगीत तैयार किया और अपने स्वर के माध्यम से सुरों में सुमधुर संगीत तैयार किया है, जिसे लोकप्रिय धुन के बोल है एक मौका आए हैं चलकर,इनका लाभ उठाएं हम,महान संस्था है नवोदय, इसमें पंजीकरण कराएं हम..... जिसे विडियो के रूप में विद्यालय के कला शिक्षक राजेश कुमार ने अपने संकलित विडियो का बेहतरीन एडिटिंग कर यूट्यूब पर अपलोड किया है, जिसे जिला प्रशासन के ठक्ळ के बेबसाइट पर भी अपलोड करने की स्वीकृति दे दी है ताकि जन जन तक इस जागरूकता गीत के माध्यम से आनलाइन पंजीकरण के लिए जानकारी पहुंच सकें। नवोदय विद्यालय अररिया के बेवसाइट पर भी इसे देखा जा रहा है और काफी सराहा जा रहा है। नवोदय विद्यालय समिति के सहायक आयुक्त व उपायुक्त व जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इस रचनात्मक जागरूकता गीत को प्रसंशनीय बताया।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के संचालन संबंधी लक्ष्य प्राप्ति के लिये अररिया को मिला सम्मान

### *जिले में 251 वेलनेस सेंटरों का संचालन शुरू, स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तारित व सुदृढ करने का प्रयास जारी*

अररिया । जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी का प्रयास लगातार जारी है। इस कड़ी में एक के बाद एक उपलब्धि जिला स्वास्थ्य विभाग के साथ जुड़ता जा रहा है। इसी क्रम में बीते शनिवार को राजधानी पटना में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम में अररिया जिले को एक महत्वपूर्ण सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान तय समय सीमा के अंदर जिले में



हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के संचालन संबंधी निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिये दिया गया है। पटना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, एचडब्ल्यूसी डॉ एके साही, स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अंशुल अग्रवाल व उप सचिव सह प्रभारी पदाधिकारी एचडब्ल्यूसी राजेश कुमार द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व जिला मूल्यांकन सह अनुश्रवण पदाधिकारी पदाधिकारी पंकज कुमार झा व सहयोगी संस्था जपाईगो के कार्यक्रम समन्वयक डॉ याकुब ने किया।

### निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिये मिला सम्मान

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालन शुरू कराने संबंधी लक्ष्य प्राप्ति के लिये मिले इस राज्य स्तरीय सम्मान से जिला स्वास्थ्य महकमा उत्साहित है। इस संबंध में डीएमएनई पंकज कुमार झा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वार तय समय-सीमा के भीतर जिले के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड करते हुए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में संचालित करने का लक्ष्य दिया गया था। विभागीय आदेश के आलोक में सभी चयनित स्वास्थ्य केंद्रों का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में अपग्रेड किये जाने को लेकर अररिया को राज्यस्तरीय सम्मान से नवाजा गया है।

### जिले में 251 एचडब्ल्यूसी जिला में ऑपरेशनल

डीएमएनई पंकज कुमार झा ने बताया कि जिले में कुल 251 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ऑपरेशनल कर लिया गया है। वैसे स्थान जहां एचडब्ल्यूसी का अपना भवन नहीं है, उक्त स्थानों पर नजदीकी आंगननाबाड़ी केंद्र सहित अन्य सरकारी भवनों में इसे संचालित करते हुए स्थानीय लोगों को आधारभूत स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करायी जा रही है। सभी एचडब्ल्यूसी पर 01 सीएचओ व दो एएनएम की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जहां सीएचओ कार्यरत नहीं हैं। वहां नजदीकी वेलनेस सेंटर पर कार्यरत सीएचओ या ए ग्रेड नर्स को टैग किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में ऑपरेशनल 251 एचडब्ल्यूसी में 218 स्वास्थ्य उप केंद्र व 33 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को एचडब्ल्यूसी के रूप में अपग्रेड किया गया है। वेलनेस सेंटर का संचालन शुरू होने के बाद उक्त सेंटरों पर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तारित व सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है।

### केंद्रों पर 12 तरह की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य

जिला को मिले राज्य स्तरीय सम्मान पर खुशी जाहिर करते हुए सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को इसके लिये बधाई दी। उन्होंने कहा कि वेलनेस सेंटर्स पर लोगों को प्रसव पूर्व देखभाल व प्रसव, नवजात शिशु स्वास्थ्य व टीकाकरण, परिवार नियोजन व प्रजनन स्वास्थ्य जैसी 12 तरह की सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इसमें संचारी व गैर-संचारी रोग की का स्क्रीनिंग व प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग व प्रबंधन, सामान्य रोगों के लिए बाह्य रोगी देखभाल व प्रबंधन भी शामिल है। इसके साथ ही आंख-नाक-कान-गला संबंधी सामान्य देखभाल, मुख स्वास्थ्य संबंधी देखभाल, वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं व आपातकालीन चिकित्सा सुविधा जैसी सेवा भी इन केंद्रों में जल्द बहाल होगी। लोगों को सेहत के प्रति जागरूक करने के लिये इन केंद्रों के माध्यम से योग व वेलनेस गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## सहयोग ने पूर्णिया जिला स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया

### *एक स्वस्थ व्यक्ति को हर 3 महीने में ब्लड डोनेट करना चाहिए– डॉ.अजीत*

पूर्णियां । पूर्णिया जिला स्थापना दिवस के अवसर पर सहयोग अध्यक्ष डॉ. अजीत प्रसाद सिंह के द्वारा इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया सहयोग के सदस्यों वालंटियर ने अपना रक्तदान किया इस अवसर पर डॉ अजीत प्रसाद सिंह ने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा रक्तदान को लेकर आज भी




लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं. रक्तदान करने से मानव शरीर को कई लाभ प्राप्त होता है वजन घटाने में मदद करता है रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता हैहृदय रोग के खतरे को कम करता है
कैंसर की संभावना को कम करता है ।

### मेंटल हेल्थ के लिए फायदेमंद

एक स्वस्थ व्यक्ति को हर 3 महीने में ब्लड डोनेट करना चाहिए. इसके पीछे वजह ये है कि शरीर में 90 से 120 दिन के अंदर रेड ब्लड सेल्स अपने आप डेड हो जाती हैं और नई सेल्स बनती हैं
रक्तदान के कुछ दिनों के भीतर, आपका शरीर खोए हुए तरल पदार्थ की पूर्ति करता है। और दो सप्ताह के बाद, आपका शरीर खोई हुई लाल रक्त कोशिकाओं को बदल देता है।
रक्तदान शिविर में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चंद्रकांत ठाकुर एवं वहां के सभी स्वास्थ्य सहायक का सहयोग सराहनीय रहा रक्तदान शिविर में पूर्णिया जिला कौशल प्रबंधक प्रेम प्रकाश उज्जैन ने भी रक्तदान किया कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य अक्षय कुमार रवि कुशवाहा वंदना कुमारी शबनम कुमारी कौशल आलम नासिर सुमन कुमार महतो विकास कुमार का सहयोग सराहनीय रहा डॉ अजीत प्रसाद सिंह ने रक्तदान करने वाले सभी सदस्यों को धन्यवाद और आभार प्रकट किया और कहा कि सहयोग समय-समय पर रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन करते रहा है और निहायत जरूरतमंद लोगों को जरूरत पड़ने पर सहयोग के वालंटियर एवं सदस्य रक्त देते रहे हैं आगे भी सहयोग करता रहूंगा।

## अभाविप नें पुलवामा में शहीद हुए भारत मां के 40 से अधिक वीर सपूतों के शहादत की चौथी बरसी पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

अररिया । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया द्वारा शिवपुरी स्थित स्थानीय परिषद कार्यालय परिसर में 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में बुजदिल पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादियों द्वारा की गई आतंकी घटना में भारत मां के 40 से अधिक वीर सपूतों के शहादत की चौथी बरसी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद वीरों के तैल चित्र पर पुष्प सुमन अर्पित कर नमन किया गया।



इस अवसर पर परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि पुलवामा में आतंकी हमला देश की आत्मा पर कायराना हमला था। इस हमले ने आम जनमानस को झकझोर कर रख दिया था। भारतीय सेना का पराक्रम ही था कि सेना ने पुलवामा हमला का बदला पाकिस्तान में घुस कर लिया। उन्होंने कहा कि देशभक्ति से ओतप्रोत हमारे वीर सैनिक, मां भारती की सेवा करते हुए शहीद हुए थे, जिनका नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।
प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल समय-समय पर सेना की मनोबल तोड़ने की कोशिश करते रहते हैं जिसे राष्ट्र कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि जहां भी सैनिकों को देखें, उनका सम्मान अवश्य करें। यह याद रखें कि माँ भारती के वीर सैनिक जगते हैं तो हम चैन की नींद सोते हैं।
इस अवसर पर नगर मंत्री अंकित कुमार झा, मनीष कुमार विश्वास, प्रदीप ठाकुर, रूपेश कुमार, रिचा गुप्ता, साक्षी सौम्या, अनिल कुमार यादव, रवि रंजन, अमर कुमार, मुशफिकुर बारी आदि परिषद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन एवं सुधार के लिए एन्क्वासे होना आवश्यक

पूर्णिया । राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन्क्वास) का मुख्य उद्देश्य अस्पताल प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन एवं सुधार करने के लिए एक ढांचा प्रदान करना होता है। स्वास्थ्य देखभाल के विभिन्न क्षेत्रों के सत्यापन करने को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक कैशर इकबाल, स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रिंस कुमार सुमन, जिला गुणवत्ता सलाहकार



यकीन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा, अस्पताल प्रबंधक अभिषेक आनंद, यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ एस सिद्धार्थ शंकर रेड्डी, क्षेत्रीय सलाहकार शिव शेखर आनंद, नंदन कुमार झा, सिफार के क्षेत्रीय कार्यक्रम समन्वयक धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, स्वच्छता निरीक्षक अनिमेष कुमार, प्रसव कक्ष प्रभारी नेहा कुमारी, अनामिका कुमारी, सोमप्रभा कुमारी, दुर्गा कुमारी, ज्योति सुमन, मोनिका भारती, प्रियंका पोद्दार एवं पूजा ठाकुर सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।
यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ एस सिद्धार्थ शंकर रेड्डी ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन्क्वास) को लेकर स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। पहले ही राष्ट्रीय स्तर का लक्ष्य प्रमाणीकरण प्राप्त हो चुका है। बहुत ही जल्द राज्यस्तरीय टीम का निरीक्षण किया जाएगा। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन्क्वास) को लेकर स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। एन्क्वास के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणवत्ता एवं सुरक्षा की संस्कृति स्थापित करना, अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं में सहज, सुलभ, न्यायसंगत एवं उत्तरदायी होना चाहिए। नैदानिक देखभाल, रोगी सुरक्षा और संक्रमण नियंत्रण की गुणवत्ता में सुधार लाना, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की क्षमता को मजबूत करना, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देना, अस्पताल प्रशासन द्वारा सभी तरह की दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में 70 प्रतिशत अंकों का निर्धारण करने के साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रदर्शन की तुलना के लिए एक आधार प्रदान करना होता है।

## जीविका दीदी करेंगी परिवार नियोजन अभियान में सहयोग- डॉ. सज्जाद

पटना । परिवार नियोजन अभियान को और सशक्त बनाने में अब जीविका दीदियाँ सरकार का सहयोग करेंगी.जीविका समूह की दीदियों की समुदाय में पहुँच को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है. समूह की कम्युनिटी मोबिलाईजर (सी एम ) एवं कम्युनिटी न्यूट्रीशन रिसोर्स पर्सन (सी एन आर पी ) परिवार नियोजन के साधनों के उपयोगिता का संदेश समुदाय से साझा करेंगी एवं उन्हें इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करेंगीह्व, उक्त बातें राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, परिवार नियोजन, डॉ. मोहम्मद सज्जाद ने पापुलेशन काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित परिवार नियोजन कार्यक्रम पर बैठक में कही. बैठक में केयर इंडिया की टीम की भी अहम्‍ भूमिका रही जिन्होंने परिवार नियोजन के विभिन्न कार्यक्रमों की जमीनी स्तर पर क्रियानव्यन की जानकारी दी. बैठक में विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपनी बात रखी.

### राज्य में 37 सेहत केंद्र हैं संचालित:

डॉ. सज्जाद ने बताया कि परिवार नियोजन के अभियान को सफल बनाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है. इसे देखते हुए राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों में सेहत केंद्र संचालित किये जा रहे हैं. यहाँ युवाओं को सेहत एवं प्रजनन स्वास्थ्य स्वास्थ्य से जुडी जानकारी उपलब्ध करायी जाती है. डॉ. सज्जाद ने बताया कि राज्य में अभी कुल प्रजनन दर 3 प्रतिशत है जो की राष्ट्रीय औसत 2.1 से अधिक है. कुल प्रजनन दर को और नीचे लाने के लिए युवाओं के साथ सभी को एकजुट होकर प्रयास करने की जरुरत है. हर महीने की 21 तारीख को सभी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन दिवस मनाया जाता है जहाँ लाभार्थियों का उन्मुखीकरण किया जाता है.
फ्रंट लाइन वर्कर्स की भूमिका अहम
बैठक को संबोधित करते हुए केयर इंडिया की परिवार नियोजन कार्यक्रम की राज्य पदाधिकारी डॉ. पद्मा ने बताया कि राज्य में सभी आशा कार्यकताओं का उन्मुखीकरण किया जा रहा है जिससे परिवार नियोजन के साधनों एवं इसके लाभ के संदेश को वह सटीक तरीके से समुदाय से साझा कर सकें. डॉ. पद्मा ने बताया कि परिवार नियोजन साधनों को अपनाने के बारे में समुदाय में फैली भ्रांतियों को दूर करने की जरुरत है और इसमें फ्रंट लाइन वर्कर्स की भूमिका अहम्‍ है. बैठक के दौरान केयर की टीम की तरफ से बताया गया कि नवीन गर्भनिरोधक ह्ल छाया ह्व की महिलाएं सहजता से स्वीकार कर इसके उपयोग कर रहीं हैं. इसे दशार्ने के लिए आंकड़ों के साथ एक विडियो भी बैठक में शामिल लोगों को दिखाया गया. बैठक का संचालन पापुलेशन काउंसिल की तरफ दे डॉ. राजीव आचार्या ने किया.

## 2007 से अभी तक नहीं मिला प्राथमिक विद्यालय राम टोला जमुआ को अपना भवन

**भवनहीन विद्यालय में बच्चे आवाजाही में कतराते हैं – ग्रामीण**

अररिया । अररिया प्रखंड अंतर्गत जमुआ पंचायत वार्ड तीन में प्राथमिक विद्यालय राम टोला को अपना भवन ही नही है, इसलिए बच्चें स्कूल आने से कतराते हैं। हेड मास्टर कौशल कौशिक अपने एक सहायक शिक्षिका एवं रसोइया के साथ स्कूल पहुंचकर पढ़ाई के नाम पर खानापूर्ति करते हैं।इसको लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है।ग्रामीणों का कहना हैं हमारे पंचायत



में दो विद्यालय रामटोला एवं नाई टोला का न ही अभी तक भवन बन पाया न ही नियमित पढ़ाई लिखाई होती हैं। पंचायत समिति सदस्य सूर्यकांत पाठक ने बताया स्कूल को 2007 में ही 21 डिसमिन जमीन मिल चुका है फिर भी अभी तक भवन निर्माण कार्य नही हुआ।इसलिए स्कूल में लोग अपना बच्चे को भेजने से कतराते हैं।वरीय अधिकारी को फोन करने के बावजूद स्कूल के खस्ताहाल के निरीक्षण पर नहीं आते हैं ।इसलिए मनमानी चल रही है।

## काला दिवस पर कला शिक्षक ने पुलवामा शहीदों को पेंटिग के माध्यम से दी श्रद्धांजलि

मुन्ना ठाकुर/फारबिसगंज । पुलवामा हमले में शहीद 40 जबानों के याद में फारबिसगंज कॉलेज फारबिसगंज बीएड कला विभाग के व्यख्याता राजेश कुमार ने कुछ इस प्रकार से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री कुमार ने पेंटिग के माध्यम से शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने आज के ही दिन 14 फरवरी 2019 को 40 सीआरपीएफ जवानों को आचानक हमला कर दिया था, जिसको लेकर पुरे भारत मे इस दिन को ब्लॉक डे रूप में मनाया जाता है।



## पूर्णियां जिला स्थापना दिवस पर डीएम नें सनशाइन टेक्नोलॉजी के सफल छात्रों को किया सम्मानित

**प्रतिभागियों के बीच वितरित किये कुशल युवा प्रोग्राम प्रमाण पत्र**

पूर्णियां । प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी पूर्णिया के प्रांगण मे केवाईपी प्रमाणपत्र वितरण का आयोजन किया गया जिसमे पूर्णिया जिला अंतर्गत चल रहे कौशल विकास केंद्र सनशाइन टेक्नोलॉजी पूर्णिया के अनुज राज (93%) व अन्य छात्रों को कुशल युवा प्रोग्राम के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सुहर्ष भगत के द्वारा उद्योग एवं रोजगार तथा नवप्रवर्तन योजना के तहत
चयनित लाभुकों को ऋण एवं स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया ।
अग्रणी बैंक प्रबंधक को संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित
कर योग्य लाभुकों के आवेदनों को स्वीकृति कराने का निर्देश दिया गया । नशा मुक्ति अभियान के तहत साइकिल रेस का
आयोजन किया गया । जिला अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र एवं खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया । सनशाइन कौशल विकास केंद्र के निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि कुशल युवा प्रोग्राम बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्रालय के अधीन संचालित है जहां मैट्रिक पास छात्र छात्राओं को निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण के साथ साथ लैंग्वेज स्किल , कम्युनिकेशन स्किल का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। नामांकन लेने के लिए छात्रों के पास मैट्रिक का अंकपत्र, फोटो, आधार कार्ड

## राजनगर बीआरसी में चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ शुभारंभ।

**रवि कांत गोप, समाज जागरण प्रखंड संवाददाता राजनगर, सरायकेला**

राजनगर (झारखंड) प्रखंड शिक्षा संसाधन केंद्र में चार दिवसीय आधारभूत साक्षरता एवं संख्यनात्मक ज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को किया गया।इस मौके पर प्रभारी जिला शिक्षा पदाधिकारी चार्ल्स हेम्ब्रम,एपीएम राजीव केशरी,एपीओ सुभाष हेम्ब्रम, बीईईओ श्रीमती वसुंधरा दास,एवं बीपीएम श्रीमती ममता दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान जानकारी देते हुए श्री हेम्ब्रम में कहा कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 फरवरी से 17 फरवरी तक चलेगा।जिसमे शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा कि बच्चों को किस आधार पर बुनियादी शिक्षा प्राप्त हो। प्रशिक्षण के लिए 45 -45 शिक्षकों के 2 बैच बनाए गए हैं।



## भाजपा नेता गणेश महाली ने किया सोसोमली में 25 केवी नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन।

**रवि कांत गोप, समाज जागरण, प्रखंड संवादाता राजनगर**

राजनगर(झारखंड) प्रखंड के केंदमुंडी पंचायत अंतर्गत सोसोमली गांव में 25 केवी के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन सरायकेला विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी सह अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महाली ने फीता काटकर किया।

बता दें कि ग्रामीणों की मांग पर गणेश महाली ने सोसोमली गाँव में अतिशीघ्र 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया है।



इसी दौरान ग्रामीणों ने भाजपा नेता गणेश महाली का आभार व्यक्त करते हुए कहा :गणेश महाली विधायक ना होते हुए भी विधयाक के तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करते आ रहे हैं । मौके पर गणेश महाली ने कहा : हम पहले भी जनता के साथ जुड़े थे और आज भी जुड़े है।उद्घघाटन के मौके पर भाजपा पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष खिरोद महतो, उज्जवल मोदक ,गंगाधर महतो,मनोज महतो, अजित मंडल,अमरनाथ गोप, यादव प्रधान, कार्तिकेस्वर महाकुड़, विजय महतो ,गंगाधर महतो ,भरत महाकुड़, एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## राजनगर प्रखंड अंतर्गत सोसोमोली गांव में 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण ,चंदन कुमार गुप्ता, सहायक ब्यूरो चीफ , झारखंड**

पश्चिमी सिंहभूम (झारखण्ड) राजनगर प्रखंड अंतर्गत सोसोमोली गांव में विगत कई दिनों से 16 केवी का ट्रांसफार्मर जल जाने से पूरा गांव अंधकार में नील था, और गांव वालों को बिजली से संबंधित कार्य करने में काफी कठिनाई हो रहा था पिछले कुछ दिन पूर्व में ही गणेश माहली द्वारा विभाग से संपर्क स्थापित कर 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया था जिसका आज ग्रामीणों की उपस्थिति में गणेश माहली द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया तत्पश्चात गांव में बिजली बहाल कर दिया गया जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है ! मौके पर प्रखंड अध्यक्ष खिरोद महतो,उज्जवल मोदक, अमरनाथ गोप, यादव प्रधान, कार्तिकेश्वर महाकुड़,विजय महतो, गंगाधर महतो, भरत महाकुड़ और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे !



## 4 करोड़ 80 लाख की लागत से बनेगा सिंदूरपुर से बागड़ी के बीच शाखा नदी पर पुल : सविता महतो

**दैनिक समाज जागरण ,बिधुत महतो, प्रखण्ड संवादाता कुकड़ू (झारखंड)**

तिरुलडीहः प्रधानमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत स्वीकृत कुकडू प्रखंड के सिंदूरपुर से नीमडीह प्रखंड के बागड़ी के बीच साखा नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को विधायक सविता महतो ने अपने कर कमलों से शिलापट्ट अनावरण कर किया। पुल का शिलान्यास करने पहुंचे विधायक को कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ने कहा पुल का निर्माण कार्य 4 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। विधायक ने निर्माण करने वाले संवेदक को पुल का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया।विधायक ने कहां ग्रामीणों का बहुप्रतिक्षित मांग को पूरा किया गया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, पप्पू वर्मा, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, शक्तिपोदो महतो, कित्तीवास महतो, नव किशोर महतो, प्रखंड अध्यक्ष हरिदास महतो, इंद्रजीत महतो, राहुल वर्मा, हरेकृष्ण सिंह सरदार, संकर सिंह सरदार, सेमसर अली,टिंकू महतो समेत मुखिया, ग्राम प्रधान झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।



## मुखिया सुधीर सिंह मुण्डा के माताजी का हुआ आकस्मिक निधन

**दैनिक समाज जागरण ,बिधुत महतो, प्रखण्ड संवादाता कुकड़ू (झारखंड)**

तिरूलडीहः सरायकेला खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुण्डा उर्फ रामबालक सिंह के 78 वर्षीय पूज्य माताजी चांदमनी देवी का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों से उनका तबियत खराब था। आज करीब सुबह 5 बजे उनकी आकस्मिक निधन हो गया। निधन के बाद गांव में ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार में पंचायत क्षेत्र के लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा। लोगों ने स्वर्गीय चांदमनी देवी का आत्मा की शांति का कामना किया। मौके पर शवयात्रा में विकास ठाकुर, संजय सिंह मुंडा, चौड़ा पंचायत के मुखिया रामलु सिंह मुंडा, बुद्धेश्वर कोईरी, सेवक साव, मनिंदर कालिंदी, बुबाई महतो, बबलू साहू आदि सैकड़ों उपस्थित थे।



## पीडीएफ स्पष्टीकरण पखवाड़ा को 21 फरवरी तक बढ़ाया गया

**समाज जागरण,कौशल किशोर प्रखंड़ संवाददात्ता,विश्रामपुर**

पलामू (झारखंड) पीडीएफ स्पष्टीकरण पकवाड़ा को 21 फरवरी तक के लिए बढ़ा दिया गया है.इसकी जानकारी बिश्रामपुर बीडीओ सह प्रभारी एमओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने दी.उन्होंने कहा कि फरवरी तक जिन कार्डधारियों का आधार सेटिंग नहीं हो पाए,उनको राशन नहीं मिल पायेगा.इसके अलावा कार्ड से नाम भी डिलीट कर दिया जायेगा.इतना ही नहीं जिन डीलर के पास बिना आधार शीडिंग के कार्ड पाये जायेंगे उनके विरुद्ध भी करवाई की जायेगी.उन्होंने बताया कि इस पखवाड़ा में शत प्रतिशत आधार शीडिंग का लक्ष्य रखा गया है.जिसे हर हाल मे पूरा करना होगा.

# मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने लातेहार और चतरा जिले में चल रहे विकास कार्यो और विधि -व्यवस्था की उच्च स्तरीय बैठक कर समीक्षा की, अधिकारियों को दिए अहम निर्देश।

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड)14फरवरी 2023:- वर्ष 2023 "योजनाओं के क्रियान्वयन" का वर्ष है । हमारा पूरा फोकस योजनाओं की गति को रफ्तार देना है । इस कड़ी में योजनाओं के प्रगति की लगातार निगरानी हो रही है। योजनाएं वास्तविक रुप से धरातल पर उतरे । योजनाएं सही समय पर पूरी हो । आम लोगों को तमाम योजनाओं का पूरा लाभ मिले। इसमें अधिकारियों-कर्मचारियों की अहम भूमिका है। आप अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी के साथ निभाएं, वरना आपके खिलाफ सरकार कार्रवाई करने को बाध्य होगी। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज लातेहार के न्यू पुलिस लाइन में लातेहार और चतरा जिले संचालित विकास कार्यों और विधि व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।

**योजनाओं की धीमी गति रहे तो आपको बैठाकर वेतन देना मुनासिब नहीं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के पास सरकारी कर्मियों की एक बड़ी फौज फौज है। इनके वेतन पर सरकार बजट का एक बड़ा हिस्सा खर्च करती है। इसके बाद भी अगर योजनाओं की गति धीमी हो। योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिले तो आप को बैठाकर वेतन देना कहीं से मुनासिब नहीं होगा। इसलिए आप अपनी जिम्मेदारियों को समझें और इंप्लीमेंटिंग अथॉरिटी होने के नाते गांव-गांव घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाएं और राज्य के विकास का मार्ग प्रशस्त करें।

**योजनाओं के आंकड़ों में हेराफेरी बर्दाश्त नहीं आंकड़ों के साथ फोटो भी देखेंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा उपलब्धियों को दिखाने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी की जाती है। लेकिन, आज सूचना तंत्र काफी मजबूत हो चुका है । अब समीक्षा बैठकों में आंकड़ों के साथ उससे संबंधित फोटो भी देखूंगा, ताकि वास्तविक स्थिति का पता चल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि हमारे पास हजारों की संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन देते हैं । अगर आवेदनों पर कड़ाई से कार्रवाई हो तो कई अधिकारी- कर्मचारी नप जाएंगे। इसलिए, आप आंकड़ों का खेल नहीं खेलें। योजनाओं को जमीन पर उतारें ।

अगर लोगों की न्यूनतम जरूरतें भी पूरी नहीं कर पाएं तो काफी चिंता की बात

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की जो ज्योग्राफिकल स्थिति है । यहां के लोगों का जो स्वभाव है, उसके लिहाज से यहां के अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता और क्रियाशील रखकर कार्य करने की जरूरत है। अलग झारखंड राज्य बनने के दो दशक गुजर जाने के बाद भी अगर हम किसी गांव-पंचायत या इलाके में लोगों की मूलभूत जरूरतें भी पूरी नहीं कर सके तो यह सरकार के साथ पूरे राज्य के लिए चिंता की बात है । उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कागज में आपने जो लिखा है, वह हकीकत में दिखनी चाहिए।

- *मुख्यमंत्री ने लातेहार शहर में एक पुल का निर्माण 7 सालों से अधूरा रहने पर गायत्री बिल्डकॉन कंपनी को टर्मिनेट करने का दिया निर्देश*
- *चतरा जिले के टंडवा प्रखंड में जल जीवन मिशन की धीमी गति के लिए श्रीराम ईपीसी कंपनी को शो -कॉज।*
- *मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना की प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर चतरा जिला के जिला पशुपालन पदाधिकारी को 21 फरवरी तक दी मोहलत, नहीं तो होंगे निलंबित*
- *मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के कम आवेदनों और उसके निष्पादन में ढिलाई पर जताई चिंता , अधिकारियों से कहा, इस योजना से युवाओं को जोड़ने के लिए जागरूक करें।*
- *मुख्यमंत्री बोले-सिदो- कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ के माध्यम से यहां के विशेष कृषि तथा वन उत्पाद को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराएंगे ।*
- *मुख्यमंत्री ने लातेहार जिला को प्रखंड सह अंचल कार्यालय,सदर के नवनिर्मित भवन, डिग्री कॉलेज, महिला डिग्री कॉलेज और बहुउद्देशीय भवन की दी सौगात, किया ऑनलाइन उद्घाटन*
- *मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा- अगर योजनाओं की प्रगति सिर्फ कागजों पर दिखे तो बजट का बड़ा हिस्सा आपकी सैलेरी पर खर्च करने का कोई मतलब नही।*
- *हमारा पूरा फोकस योजनाओं की गति को रफ्तार देने पर है।*

*ि आम लोगों द्वारा समस्याओं को लेकर जो आवेदन मिलते हैं, उसपर एक्शन लें तो कई अधिकारी- कर्मचारी नप जाएंगे।*



**यह नहीं सुनना चाहेंगे कि कन्फ्यूजन के योजनाएं लंबित हैं**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी योजना को लेकर कोई भी कंफ्यूजन है तो उसे जिला या मुख्यालय स्तर के वरीय अधिकारियों को तुरंत जानकारी दें, ताकि उसका समाधान निकले। मैं आगे यह सुना नहीं चाहूंगा कि कन्फ्यूजन के कारण योजनाएं लंबित है और लोग उसके लाभ से वंचित हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों जिलों के उपायुक्त को कहा कि कि वे योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें।

**योजनाओं को लेकर विभिन्न विभागों में समन्वय स्थापित हो**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ऐसी कई योजनाएं हैं, जिसे कई विभाग आपस में समन्वय बनाकर संचालित कर सकते हैं । इसके लिए विभाग आपस में को-आर्डिनेशन करें और योजनाओं को जमीन पर उतारने में कोई कमी नहीं रहने दें।

7 सालों से पुल का निर्माण कार्य अधूरा , गायत्री बिल्डकॉन को टर्मिनेट करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने लातेहार शहर में न्यू पुलिस लाइन जाने के रास्ते में नदी पर 2016 से बन रहे पुल का निर्माण कार्य अब तक अधूरा रहने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने इस पुल का निर्माण करा रहे गायत्री बिल्डकॉन को टर्मिनेट करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने चतरा जिले के टंडवा प्रखंड में जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति योजना का कार्य कर रही श्रीराम ईपीसी कंपनी को भी कार्य की धीमी गति को लेकर शो-कॉज जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने चतरा उपायुक्त को इस योजना का रिव्यू कर रिपोर्ट देने को भी कहा । मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों में किसी प्रकार की हेराफेरी नहीं होनी चाहिए वरना संबंधित पदाधिकारियों और संवेदक पर कार्रवाई होगी

**अधिकारियों को दिए गए निर्देश**

- जल जीवन मिशन के तहत चतरा जिले के 30 और लातेहार जिले के 54 गांव को नल से पानी की सुविधा से आच्छादित करने का कार्य 31 मार्च तक पूरा हो जाना चाहिए। इसकी वीडियोग्राफी कराकर वेबसाइट पर भी अपलोडिंग हो जानी चाहिए।
- चतरा जिले के उपायुक्त को डीएमएफटी फंड से संचालित होने वाली योजनाओं की स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 1 सप्ताह के अंदर गवर्निंग बॉडी की बैठक बुलाने का उपायुक्त को मिला निर्देश।
- चतरा जिले में मुख्यमंत्री पशुधन योजना की धीमी रफ्तार पर जिला पशुपालन पदाधिकारी को लगी फटकार । इस योजना में गति लाने के लिए 21 फरवरी तक की मिली डेट लाइन, वरना किए जाएंगे निलंबित।
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लाभुकों की वर्तमान आय का डाटा बनाने का निर्देश ताकि अगले 2 वर्ष के बाद इस योजना के माध्यम से उनकी आय में कितनी बढ़ोतरी हुई, उसका आकलन किया जा सके। इस योजना के लाभुकों को अच्छी नस्ल के पशु देने का मुख्यमंत्री के निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि मवेशियों के जिंदा रहने की भी ट्रेकिंग करेगी सरकार।




- कृषि ऋण माफी योजना को लेकर चतरा जिले के उपायुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी और बैंकों के एलडीएम को डाटा अपलोड करने का निर्देश।
- सिदो -कान्हू कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ के गठन की प्रक्रिया को लेकर दोनों जिलों के उपायुक्तों को जिला फेडरेशन का गठन करने के साथ राज्य फेडरेशन के लिए दो नॉमिनी भेजने का निर्देश। इसके साथ उन्हें जिलों में क्लस्टर बनाकर वहां के लिए उपयुक्त कृषि और वन उपज की लिस्ट तैयार करने को कहा गया। इसके अलावा इस फेडरेशन के माध्यम से राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसानों को बाजार उपलब्ध कराया जाएगा।। ऐसे में फेडरेशन की किसानों को जानकारी के अनुसार जागरूक करने का अभियान चले।
- इस वर्ष 15 मार्च तक केसीसी से आवेदकों को कवर करने का निर्देश। इसके साथ केसीसी डेटा को लेकर जो कंफ्यूजन हो रहा है, उसके वेरिफिकेशन के लिए ड्राइव चलाने का उपायुक्तों को मिला निर्देश।
- चतरा जिले के कर्णपुरा में एनटीपीसी के थर्मल पावर स्टेशन के आसपास के इलाके में फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण से संबंधित कार्यों से लोगों को जोड़ने के लिए पहल शुरू होनी चाहिए।
- प्रायरिटी सेक्टर- लैंडिंग से संबंधित आवेदकों और उनको ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में हो रहे कार्यों की उपायुक्त समीक्षा करें। इसके साथ बैंक की शाखाओं में शिविर लगाकर आवेदकों कि लंबित आवेदनों का समाधान किया जाए।
- लातेहार जिला में जमीन का नया सर्वे होना है । ऐसे में नए सर्वे को लेकर जो- जो समस्याएं उत्पन्न हो सकती है ,उसकी लिस्ट तैयार करने का उपायुक्त को दिया गया निर्देश। इस मामले पर राजस्व सचिव बैठक कर आवश्यक निर्णय लेंगे और दिशा निर्देश जारी करेंगे।
- लातेहार और चतरा के पुलिस अधीक्षक को अपने -अपने जिले के 20-20 टॉप प्रायोरिटी वाले अपराधिक केस की लिस्ट तैयार करने, उसका अनुसंधान शीघ्र पूरा कर चार्ज शीट दाखिल करने का दिया गया निर्देश ताकि आपराधिक मामलों में कनविक्शन रेट को बढ़ाया जा सके।

*समीक्षा बैठक में मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता विधायक श्री वैद्यनाथ राम और श्री रामचंद्र सिंह, मुख्य सचिव श्री सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे, सचिव श्री अबू बकर सिद्दीकी, सचिव श्री मनीष रंजन , सचिव श्री कृपानंद झा, एडीजी श्री संजय आनंद लाटकर, पुलिस महानिरीक्षक श्री एवी होमकर, लातेहार के उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव , पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन और चतरा के उपायुक्त श्री अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन तथा दोनों जिलों के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## आदित्यपुर : आरआईटी थाना के पीछे न्यू निर्मला ज्वेलर्स के सामने फुटपाथी दुकानों में लगी आग

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक, ब्यूरो चीफ**

सरायकेला( झारखंड ) आदित्यपुर 2 स्थित आरआईटी थाना के पीछे न्यू निर्मला ज्वेलर्स के सामने फुटपाथी दुकानों में मंगलवार की दोपहर करीब 3.30 बजे अचानक आग लग गई. इसमें करीब आधा दर्जन दुकानें जलकर राख हो गई. 3 वाहन व एक जेनरेटर भी जलकर राख हो गई. आग बुझाने के लिए दमकल बुलाया गया, दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया. बता दें कि आरआईटी थाना के ठीक पीछे मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे फुटपाथी दुकानों में आग लग गई. इसमें करीब आधा दर्जन दुकानें जलकर स्वाहा हो गई हैं. आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल सका है. बताया जा रहा है कि आग की चपेट में आकर गैरेज और छोटे-मोटे फुटपाथी दुकान जलकर राख हो गए हैं.इसमें पुराने वाहनों को क्षति पहुंची है. स्थानीय पूर्व पार्षद सुधीर चौधरी ने झारखंड अग्निशमन विभाग को फोन पर इसकी जानकारी दी. अग्निशमन विभाग के दो दमकल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया. आग लगते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था. घटनास्थल पर मेयर विनोद श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद सुधीर चौधरी के साथ स्थानीय लोग भी आग बुझाने की में जुटे. दमकल ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया. मेयर ने अग्नि पीड़ित दुकानदारों को हरसंभव मदद और सहयोग का ढाढस बंधाया है.



## पुलवामा हमला भुलाया नहीं जा सकता : गजेंद्र नाथ चौहान

**समाज जागरण, चंदन कुमार गुप्ता, सहायक ब्यूरो चीफ ,झारखंड**

खरसावां (झारखंड)14 फरवरी 2023:प्तपुलवामा हमले में शहीद भारत मां के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने के लिए खरसावां के गुरुकुल परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में आये सभी लोगों ने दीप प्रज्वलित कर भारत माता पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया.

गुरुकुल के निर्देशक गजेंद्र नाथ चौहान ने इस मौके पर कहा कि देश के ऐसे वीरों को नमन करता हूँ. जिसके कारण हमलोग घर में चैन की नींद सोते हैं और देश के वीर जवान सीमा पर सुरक्षा मे लगे रहते हैं. हमें देश के वीर जवानों पर गर्व है. दिन-रात हमलोगों की सुरक्षा में तैनात रहते हैं. पुलवामा में 14 फरवरी को 40 सीआरपीएफ जवानों की शहादत से देश स्तब्ध था और पाकिस्तान को घर में घुसकर जवाब देने की चौतरफा मांग हो रही थी। भारत ने इस बार फिर 12 दिन के अंदर फिर पाकिस्तान से बदला ले लिया। बालाकोट एयर स्ट्राइक में एयर फोर्स के लड़ाकू विमान पाकिस्तान सीमा के अंदर घुसे और टेरर कैंपों को नेस्तनाबूद कर दिया। ये हमला ऐसा था जिसकी गूंज पूरी दुनिया में थी। भारत के लड़ाकू विमानों ने इस अटैक में बालाकोट का नक्शा ही बदल दिया। सतीश आज गुरुकुल के निदेशक ने कहा कि हम लोग 14 फरवरी को पुलवामा शहीदों के शहादत दिवस के रूप में मनाएंगे।मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं.




## राजनगर में बैंक प्रबंधकों से मिले डालास सचिव क्रांति प्रसाद।एनपीए खताओं के त्वरित निष्पादन हेतु शाखा प्रबंधक को दिया निर्देश।

### *एनपीए मामलों के निष्पादन हेतु बैंक शाखा में 28 को शिविर।*

**रवि कांत गोप ,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर**

सरायकेला,राजनगर(झारखंड) जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालास)अध्यक्ष राकेश मिश्रा एवं सचिव सह जिला न्यायाधीश क्रांति प्रशाद मंगलवार को राजनगर स्तिथ स्टेट बैंक ,केनरा बैंक,झारंखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक,एवं बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधकों से मिले।एवं बैंक में एनपीए खताओं के निष्पादन हेतु विचार विमर्श किया।इसी दौरान जिला न्यायाधीश क्रांति प्रशाद ने शाखा प्रबंधकों को जल्द से जल्द एनपीए खताओं का निपटारा करने का निर्देश दिया।इसी दौरान उन्होंने मीडिया के माध्यम से स्टेट बैंक के एनपीए खाता धारियों को जानकारी देते हुए कहा कि एनपीए खताओं से संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु आगामी 28 फरवरी को शिविर लगाया जायेगा। जिसमें एनपीए खाताधारियों को शिविर में पहुँचने की अपील की।ताकि ज्यादा से ज्यादा मामलों का त्वरित निष्पादन हो सके।इस मौके पर डालसा से मालती लागुरी, माधुरी दत्ता,पीएलवी ब्रजेश रॉय एवं जितेंद्र महतो,आदि उपस्थित थे।



## थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूली बच्चों को किया जागरूक

**समाज जागरण ,बिधुत महतो, प्रखण्ड संवादाता कुकड़ू (झारखंड)**

तिरुलडीहः सरायकेला खरसावां जिला के कुकड्डु प्रखंड के प्लस 2 उच्च विद्यालय तिरूलडीह व कन्या विद्यालय कुदा में मंगलवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस थाना प्रभारी रितेश कुमार ने सड़क सुरक्षा का अनुपालन करने का बच्चों को सपथ दिलाई। बच्चों को सड़क सुरक्षा के तहत हेलमेट नहीं पहनने, सिट बेल्ट नहीं बांधने, नाबालिग बच्चों द्वारा बाइक चलाने, बीना लाइसेंस वाहन चलाने के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का विभिन्न धाराओं का जानकारी दिया गया । प्रशासनिक पदाधिकारियों ने स्कूली बच्चों को हाइस्पीड व नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने और सड़क सुरक्षा के नियमों का खुद पालन करते हुए अन्य लोगों को भी जागरूक करने का अपील किया गया। वहीं तिरूलडीह थाना प्रभारी रितेश कुमार ने बताया कि आज प्लस 2 उच्च विद्यालय तिरूलडीह व कन्या विद्यालय कुदा में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बच्चों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करते हुए सड़क दुर्घटना को रोकने में सहयोग करने का अपील किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को सड़क सुरक्षा का नियमों का पालन करने के लिए सपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम से नये जेनरेशन को जागरूक कर हद तक सड़क दुर्घटना को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को कड़ाई के साथ सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कराना अनिवार्य है। मौके पर एएसआई रंजीत प्रसाद प्राचार्य आदि उपस्थित थे।



## सिद्धिनाथ नगर जपला में श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य जल यात्रा

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर,पलामू (झारखंड) पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत सिद्धनाथ नगर जपला में श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को ले कर भव्य जल। यात्रा निकाली गई । यज्ञ कमिटी के संरक्षक व भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह कलश यात्रा में शामिल हुए,यह यज्ञ 14 फरवरी से 19 फरवरी तक चलेगा , यह यज्ञ आचार्य उपेन्द्र पंडित के देख रेख में सम्पन्न होगा।इस यज्ञ के मुख्य जजमान अनुज सिंह,विश्वनाथ सिंह,लोकेश सिंह,पंकज सिंह,ललन सिंह,भोला यादव है।इस यज्ञ में प्रवचन 15 फरवरी से 18 फरवरी तक संध्या 6 बजे से 9 बजे तक श्रीमद् जागदुरु रामानुजाचार्य श्री सर्वेश्वराचार्य स्वामी जी महाराज के कर कमलों के द्वारा सम्पन्न होगा।यज्ञ का समापन 19 फरवरी को महाभंडारा के साथ रात्री में भक्ति जागरण के साथ होगा इस जल यात्रा में झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशकार्यकारिणी सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता भाजपा कार्यकारिणी सदस्य प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह संजय सिंह दूधेश्वर सिंह सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे



## जमशेदपुर : केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के निजी पीए के बेटे ने फांसी लगा की आत्महत्या

**दैनिक समाज जागरण ,चंदन कुमार गुप्ता, सहायक ब्यूरो चीफ झारखंड**

जमशेदपुर (झारखण्ड) केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के निजी सचिव (पीए) शिव कुमार के 26 वर्षीय बेटे रोहित कुमार ने टेल्को सेक्टर मार्केट स्थित क्वार्टर नंबर ङ2-50 में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना सोमवार रात की है. हालांकि परिजनों को इसकी जानकारी तब हुई जब मंगलवार सुबह रोहित के कमरे का दरवाजा बंद पाया. परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से कमरे का दरवाजा तोड़ा तो देखा कि रोहित कमरे की छत पर लगे पाइप पर परदे के सहारे फांसी लगा ली है. परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना टेल्को पुलिस को दी. टेल्को पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. रोहित दो भाइयों में बड़ा था. घटना के वक्त घर पर उनकी मां और पिता दोनो मौजूद थे. छोटा भाई दिल्ली में पढ़ाई करता है।



आत्महत्या का कारण तो पता नही चल पाया है बताया जाता है कि शिव कुमार काफी दिनों से डिप्रेशन में चल रहा था। फिलहाल पुलिस जाँच में जुट गई है ।

